3 **राजधानी** सरकार ने सौगातों से भर दी झोली

6 **प्रादेशिकी** कृषि उपकरण को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

10 **विदेश** पुतिन अतार्किक युद्ध को नहीं जीत सकतेः नाटो उप प्रमुख

11 **स्वास्थ्य** जीवन की गुणवत्ता की बहाली



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 138
नई दिल्ली, रविवार, 27 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मेरे अंदर अभी भी नेतृत्व क्षमता
स्पोर्ट्स-12


# छह माह और मुफ्त मिलेगा राशन

**● केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को सितंबर तक के लिए बढ़ाया**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मोदी** सरकार ने शनिवार को गरीबों को राहत देते हुए मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को इस साल सितंबर तक छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न योजना हाल ही में पांच राज्यों खासकर उत्तर प्रदेश में संपन्न विधानसभा चुनावों में मोदी सरकार के लिए एक तुरुप का इक्का साबित हुई है।

कैबिनेट के निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट किया कि सरकार ने योजना को सितंबर 2022 तक बढ़ा दिया है। कोविड-19 महामारी की समाप्ति के बावजूद योजना का विस्तार मोदी सरकार की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। इससे राजकोष पर लगभग 80,000 करोड़ रुपए का भार आने की संभावना है। भारत में दो साल पहले सख्त लॉकडाउन लागू किए जाने के बाद शुरू हुई यह योजना कुछ दिन बाद 31 मार्च को ही समाप्त होने वाली थी। पिछले दो वर्षों में, इस योजना के तहत पहले ही लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं और छह महीने के विस्तार के साथ इस पर 80,000 करोड़ रुपए का खर्च और आएगा। पिछले वर्षों से चल रहे पीएमजीकेएवाई कार्यक्रम के तहत सरकार सरकारी खजाने से 3.4 लाख करोड़ रुपये खर्च कर 1,003 लाख टन खाद्यान्न वितरित करेगी। पीएमकेकेवाई शुरू करने के लिए केंद्र की सराहना करते हुए खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण पर संसदीय स्थायी समिति ने खाद्य मंत्रालय से उद्देश्यपूर्ण मूल्यांकन करने और यह पता लगाने के लिए कहा कि इस योजना ने लाभार्थियों की किस हद तक मदद की है और इसे कब तक जारी रखने की जरूरत है।

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कवर किए गए 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने के लिए मार्च 2020 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की थी। कोरोना वायरस महामारी के दौरान लोगों को इस योजना के तहत हर महीने 5 किलो अनाज मुफ्त दिया गया। अतिरिक्त मुफ्त अनाज एनएफएसए के तहत 2-3 रुपये प्रति किलोग्राम की अत्यधिक सब्सिडी वाली दर पर प्रदान किया गया। इस योजना को हाल ही में मार्च 2022 तक बढ़ाया गया था। शुरुआत में वित्तीय वर्ष 2020-21 में इस योजना की घोषणा केवल अप्रैल, मई और जून 2020 के तीन महीनों की अवधि के लिए की गई थी।बाद में, सरकार ने इस योजना को जुलाई से नवंबर 2020 तक बढ़ा दिया। वर्ष 2021-22 में जारी कोविड संकट के कारण योजना को अप्रैल 2021 में केंद्र ने मई और जून 2021 के दो महीनों की अवधि के (शेष पेज 8)



प्रतीकात्मक चित्र

## मुफ्त अनाज योजना से बढ़ेगी नागरिकों की ताकतः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत की ताकत प्रत्येक नागरिक के मजबूत होने में है। सरकार ने अपने नागरिकों को और मजबूत करने के लिए मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम को छह महीने और बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना का विस्तार होने से 80 करोड़ से अधिक लोग पहले की तरह लाभ प्राप्त करना जारी रखेंगे।

## योगी सरकार ने भी तीन महीने बढ़ाई मुफ्त राशन वितरण योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 15 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना को जारी रखने की घोषणा की है। शनिवार को लोकभवन में संपन्न योगी 2.0 कैबिनेट की पहली बैठक में इस बाबत औपचारिक निर्णय लिया गया जिसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नवगठित सरकार का पहला निर्णय 15 करोड़ गरीब जनता-जनार्दन को समर्पित है।

कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अन्न योजना प्रारम्भ की थी। अप्रैल 2020 से आज मार्च 2022 तक देश की 80 करोड़ जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अतिरिक्त मुफ्त राशन वितरण की योजना संचालित की है। सीएम योगी ने कहा कि मुफ्त टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका के प्रयास से कोरोना पर काबू पाया गया तो महामारी से उपजने वाली भुखमरी की समस्या के निदान में मुफ्त राशन की योजना बहुत उपयोगी रही है।

अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक 15 करोड़ प्रदेशवासी डबल इंजन की सरकार में मुफ्त राशन की डबल डोज प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की अवधि मार्च 2022 में समाप्त हो रही थी। जिस पर विचार करते हुए नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक (शेष पेज 8)

# पांच साल में 20 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य

**दिल्ली का बजट**

**● खुदरा एवं थोक बाजारों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा**

**● कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वेबसाइट व ऐप 'रोजगार बाजार 2.0' शुरू होगा**

**● सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास के लिए बापरोला में बनेगी इलेक्ट्रॉनिक सिटी**

**● फूड ट्रक नीति लाई जाएगी रात दो बजे तक परोसे जा सकेंगे परंपरागत व्यंजन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार ने अपने बजट में अगले पांच वर्षों में 20 लाख रोजगार पैदा करने का खाका सामने रखा है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 75,800 करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार के आठवें बजट को 'रोजगार बजट' की संज्ञा देते हुए सिसोदिया ने कहा कि रोजगार बजट दिल्ली की अर्थव्यवस्था को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएगा और इससे रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे। अगले वित्त वर्ष के बजट में दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक सिटी की स्थापना, रात्रि अर्थव्यवस्था को (शेष पेज 8)



बजट प्रस्तुत करने जाते उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया। साथ में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

## सात साल में 1.78 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपमुख्यमंत्री** मनीष सिसोदिया ने शनिवार को विधानसभा में अपने बजट भाषण में कहा कि दिल्ली में पिछले सात वर्ष में 1.78 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलीं, जिनमें से 51,307 लोगों को स्थायी नौकरियां दी गईं। सिसोदिया ने विधानसभा में कहा कि कोविड-19 महामारी के शुरू होने के बाद से दिल्ली में निजी क्षेत्र ने 10 लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं।

## रोजगार ऑडिट होगा, नई स्टार्टअप नीति आएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** को रोजगार के एक बड़े केंद्र के तौर पर उभारने की कोशिश में लगी केजरीवाल सरकार एक सर्वेक्षण करवाएगी, जिसमें पता लगाया जाएगा कि विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं पर किए जाने वाले खर्च से कितने लोगों को रोजगार मिला है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए (शेष पेज 8)

# पेट्रो मूल्यों में वृद्धि से आक्रोश अब कांग्रेस पीटेगी थाली-ढोल



नई दिल्ली में शनिवार को बैठक करते कांग्रेस नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● पार्टी नेता-कार्यकर्ता केंद्र सरकार के खिलाफ 31 मार्च सुबह 11 बजे अपने घरों व सार्वजनिक स्थलों पर करेंगे अनोखे तरीके से प्रदर्शन**

**हाल** ही में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी समर्थक अपने-अपने घरों के बाहर तथा सार्वजनिक स्थानों पर थालियां और ढोल बजाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरेजाला ने पत्रकारों को बताया कि आगामी 31 मार्च को सुबह 11 बजे आम लोगों के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ता केंद्र की बहरी सरकार के कान खोलने का काम करेंगे। इस दौरान बढ़ते पेट्रोल और डीजल दामों को लेकर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता, आम जनता के साथ सिलेंडर और ढोल बजाकार भाजपा के (शेष पेज 8)

# बीरभूम हत्याकांडः सीबीआई ने आरंभ की जांच

**भाषा।** रामपुरहाट

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की 30 सदस्ईय टीम पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट पहुंच गई है और इस सप्ताह की शुरुआत में हुई हिंसा की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गत 21 मार्च को कुछ अज्ञात लोगों ने रामपुरहाट के पास बोगतुई गांव में दस घरों में आग लगा दी थी, जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम आठ लोगों की जान चली गई थी। अधिकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात रामपुरहाट पहुंचने वाली सीबीआई टीम ने शनिवार सुबह डीआईजी रैंक के एक अधिकारी के नेतृत्व में हिंसा की जांच शुरू कर दी।

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने आज जांच शुरू कर दी है। हमें युद्धस्तर पर जांच करनी होगी, क्योंकि हमें एक तय समयसीमा में इसे पूरी करनी है। अधिकारी के अनुसार, खुद को तीन समूहों में बांटते हुए डीआईजी अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में सीबीआई की एक टीम ने गांव के पूरबपाड़ा इलाके का दौरा किया, जहां सोमवार शाम तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता भादू शेख की हत्या के बाद मंगलवार तड़के हिंसा हुई थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई टीम बोगतुई में पांच घंटे रही, जहां वह सबसे पहले सोनू शेख के घर गई, जहां से बुरी तरह से झुलस चुके सात लोगों के शव बरामद हुए थे। अधिकारी के मुताबिक, सीबीआई टीम ने सोनू शेख के घर और वहां मृत मिले लोगों के अवशेषों की जांच की, जिसके बाद वह पड़ोस में फटीक शेख व मिहिलाल शेख सहित अन्य के घर गई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएसएफएल) के कर्मचारियों के साथ वीडियोग्राफी करने के अलावा सीबीआई टीम ने इलाके की 3-डी स्कैनिंग की और घटनास्थल से नमूने इकट्ठे किए।

एक अन्य अधिकारी ने कहा, इस बात की भी जांच की गई कि क्या आग घरों में बाहर से लोगों द्वारा लगाई गई थी या फिर घटना के पीछे कोई और कारण था। उन्होंने बताया कि घटना के चश्मदीदों से भी पूछताछ करने की योजना है और इलाके के सभी बाशिंदों की विस्तृत सूची तैयार की जा (शेष पेज 8)



रामपुरहाट में हुए सामूहिक हत्याकांड की जांच को पहुंची सीबीआई टीम

# नेपाली प्रधानमंत्री की यात्रा से मजबूत होंगे संबंध

**● तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे शेरबहादुर देउबा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नेपाल** के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दो अप्रैल को होने वाली वार्ता दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को बढ़ाने के साथ मजबूती मिलेगी। शेरबाहदुर देउबा प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आ रहे हैं।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय दौरे के दौरान देउबा वाराणसी भी जाएंगे। बातचीत के दौरान दोनों नेता सदियों पुराने द्विपक्षीय संबंधों, आर्थिक साझेदारी, व्यापार, बिजली, संपर्क, विकास, संपर्क और संबंधों की समीक्षा करेंगे। प्रधान मंत्री के रूप में यह देउबा का पांचवां कार्यकाल है और उन्होंने आखिरी बार 2017 में भारत का दौरा किया था। हाल ही में, उन्होंने युद्धग्रस्त यूक्रेन से नेपाली नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए मोदी और भारत सरकार को धन्यवाद दिया था। प्रधानमंत्री देउबा की यह यात्रा दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय संबंधों की आदान-प्रदान की परंपरा का हिस्सा है।

सूत्रों ने कहा कि यह दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने का मौका देगा। नेपाली प्रधानमंत्री के एक सहयोगी ने पहले कहा था कि देउबा को भारतीय प्रधान मंत्री ने आमंत्रित किया था। इससे पहले (शेष पेज 8)



# कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह समेत छह को सश्रम कारावास

**भाषा।** इंदौर

**भाजयुमो कार्यकर्ताओं से भिड़ंत का मामला**

**मध्य** प्रदेश के उज्जैन में वर्ष 2011 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं से भिड़ंत के मामले में इंदौर की विशेष अदालत ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह समेत छह लोगों को शनिवार को एक-एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी छह दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष न्यायाधीश मुकेश नाथ ने दिग्विजय और उज्जैन के पूर्व लोकसभा सांसद प्रेमचंद गुड्डू को भारतीय दंड संहिता की धारा 325 (जान-बूझकर गंभीर चोट पहुंचाना) और धारा 109 (दूसरे लोगों को मारपीट के लिए उकसाना) के तहत दोषी ठहराया, जबकि चार अन्य व्यक्तियों-अनंत नारायण, जय सिंह दरबार, असलम लाला और दिलीप चौधरी को धारा 325 के तहत दोषी करार दिया गया। अदालत ने मामले के तीन अन्य आरोपियों-उज्जैन जिले के तराना क्षेत्र के कांग्रेस विधायक महेश परमार, मुकेश भाटी और हेमंत चौहान को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। बाद में विशेष न्यायाधीश ने दिग्विजय समेत सभी छह दोषियों की अपील पर उनकी सजा पर फौरी रोक लगा दी और उन्हें 25,000-25,000 रुपए की जमानत पर रिहा कर दिया। जमानत पर रिहा होने के बाद दिग्विजय ने संवाददाताओं को बताया कि वह विशेष अदालत के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को झूठी करार देते हुए कहा, मेरा नाम घटना की मूल प्राथमिकी में आरोपी के रूप में दर्ज ही नहीं था। बाद में पुलिस ने राजनीतिक दबाव के चलते मेरा नाम आरोपियों की सूची में शामिल किया था। दिग्विजय और गुड्डू के वकील राहुल शर्मा ने कहा कि उनके दोनों मुवक्किलों को इस जुर्म में सजा सुनाई गई है कि उन्होंने भाजयुमो कार्यकर्ता रितेश खाबिया को पीटने के लिए अन्य लोगों को उकसाया था। बचाव पक्ष के वकील ने दावा (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,362 | |
| निफ्टी | 17,153 | |
| सोना | 51,827 | /10g |
| चांदी | 69,089 | /kg |

## क्विक न्यूज

### झारखंड में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

**रांची।** झारखंड के लातेहार जिले के जंगल में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि ए नक्सली भाक्पा (माओवादी) से अलग हुए धड़े तृतीय प्रस्तुति कमिटी (टीपीसी) से जुड़े हुए थे। पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशंस) अमोल वी. होमकर ने बताया, मृतक नक्सलियों की पहचान विभिन्न स्रोतों के जरिए की जा रही है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, यह पता चला है कि तीन मृतकों में से एक उप-मंडलीय कमांडर था और एक अन्य व्यक्ति प्रतिबंधित संगठन का क्षेत्र कमांडर था। पुलिस ने दावा किया कि कावाखार वन में मुठभेड़ में तीन और नक्सली मारे गए हैं क्योंकि जंगल के अलग-अलग स्थानों पर खून के धब्बे देखे गए हैं।

# दो साल बाद आज से फिर आरंभ होंगी नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

**भाषा।** नई दिल्ली, मुंबई

**कोविड**-19 महामारी की रोकथाम के लिए लगी पाबंदियों की वजह से दो साल तक बंद रहने के बाद भारत से नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन रविवार से दोबारा शुरू होने जा रहा है। दो साल बाद नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के परिचालन के लिए हवाईअड्डों और विमानन कंपनियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। भारतीय एयरलाइंस के अलावा एमिरेट्स और वर्जिन अटलांटिक जैसी विदेशी एयरलाइंस भी नियमित उड़ानों की बहाली को लेकर खासी रोमांचित हैं।

राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआईए) को उम्मीद है कि अप्रैल के पहले हफ्ते से नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में खासी तेजी आएगी। महामारी से बुरी तरह प्रभावित रहा विमानन उद्योग धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है और नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होने से उसमें नई जान आने की संभावना है। भारत में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन 23 मार्च 2020 से ही बंद है। कोविड महामारी की पहली लहर आने के साथ ही इस पर रोक लगी थी और समय के साथ वह पाबंदी बढ़ती चली गई। लेकिन अब यह रोक खत्म होने का वक्त आ गया है।

रविवार से भारत से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें नियमित तौर पर शुरू हो जाएंगी। हालांकि कुछ देशों के साथ बायो-बबल व्यवस्था के तहत कोरोना काल में भी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित होती रही हैं लेकिन वह एक सीमित व्यवस्था रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गत आठ मार्च को ऐलान कर दिया था कि 27 मार्च 2022 से नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू हो जाएंगी। इसके साथ ही कोविड रोकथाम (शेष पेज 8)

# मानव-पशु संघर्ष को आपदा श्रेणी में लाएगी सरकार

**● उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर हादसे कम करने व मामलों के शीघ्र समाधान का प्रयास**

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश सरकार की तर्ज पर केंद्र सरकार मानव-पशु संघर्ष को आपदा श्रेणी के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है, जैसा कि आग और बाढ़ के मामलों के लिए किया जाता है। केंद्र सरकार का मानना है कि देश भर में जिला स्तर पर समन्वित तरीके से ऐसी घटनाओं को कम करने व शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने 2018 में मानव-पशु संघर्ष को राज्य घोषित आपदा की श्रेणी में ला दिया था। राज्य में इस तरह की दुर्घटनाओं के मामले में बेहतर समन्वय और राहत सुनिश्चित कराने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के अंतर्गत ऐसे मामलों को लाया गया था। राज्य सरकार के आदेशानुसार, जंगली जानवरों के हमले के शिकार लोगों को त्वरित आर्थिक राहत प्रदान किया जाता है। आदेश के प्रावधानों के अनुसार, मानव-पशु संघर्ष के कारण मानव मृत्यु के मामलों में, मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये की राहत राशि दी जाती है, जबकि चोट के लिए मुआवजे का भुगतान एसडीआरएफ दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

यह भी सुनिश्चित किया गया कि राज्य वन विभाग द्वारा अपने बजट से राजस्व विभाग को प्रति मौत पर 1 लाख रुपये की राशि की व्यवस्था की जाएगी। अब, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय भी देश भर में बढ़ते मानव-पशु संघर्षों को देखते हुए लगभग इसी तर्ज पर चलने की योजना बना रही है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐसी घटनाओं को आपदा घोषित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं ताकि जिला स्तर पर समन्वित तरीके से इस तरह के संघर्षों का शीघ्र समाधान किया जा सके। देश के लिए एक समान मुआवजा नीति तैयार करने के लिए एक तंत्र विकसित करने का भी प्रयास किया (शेष पेज 8)



प्रतीकात्मक चित्र

# यीडा कराएगा हेरिटेज सिटी को पीपीपी मॉडल पर तैयार

## मथुरा-वृंदावन को जोड़ने के लिए बनेगा एक्सप्रेसवे

● सात सौ हेक्टेयर में बसाया जाएगा शहर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण शहर के विकास के लिए कई योजनाओं पर काम कर रहा है। अब यमुना विकास प्राधिकरण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर हेरिटेज सिटी विकसित करेगा। इन सिटी को करीब 700 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। फिलहाल, इसकी डिटेल्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर अंतिम रूप ले रही है। जल्द ही इसे के प्रस्ताव को बोर्ड के सामने रखा जाएगा। इस सिटी से आसपास के दर्शनीय स्थलों को जोड़ा जाना है। इस मॉडल के बन जाने से लोगों को काफी फायदा होगा।

प्राधिकरण की इस योजना पर काफी दिनों से काम चल रहा है। इन योजना के डीपीआर को तैयार करने के लिए प्राधिकरण ने एक कंसलटेंट की नियुक्ति भी की गई है। कंसलटेंट के साथ पिछले दिनों बैठक में डीपीआर को अंतिम देने के लिए निर्देश दिए गए थे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह का कहना है कि हेरिटेज सिटी के लिए लैंड पूलिंग के माध्यम से जमीन लेने की योजना है।

इसमें 25 प्रतिशत विकसित जमीन किसान को वापस की जाएगी। किसान चाहे तो अपनी जमीन को किसी अन्य बिल्डर और डेवलपर को बेच सकते हैं, जिससे किसानों को फायदा होगा। अगर किसी अन्य को नहीं बेच पा रहा है तो यीडा उसे अपने दर पर खरीद लेगी। जिससे उन्हें और ज्यादा फायदा होगा।

यमुना प्राधिकरण ने हेरिटेज सिटी को मथुरा-वृंदावन के मंदिरों से जोड़ने के लिए 6.5 किलोमीटर लंबा छह लेन का एक्सप्रेसवे बनाने की योजना बनाई है। इसे यमुना प्राधिकरण खुद बनाएगा। इसके अलावा एक्सप्रेसवे के आसपास 500-500 मीटर में संस्थागत और वाणिज्यिक निर्माण भी कराया जाएगा। एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी के साथ पार्किंग का भी निर्माण कराया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को मंदिरों तक जाने में कोई दिकत ना हो। इसकी योजना तैयार की जा चुकी है। इसमें भी किसानों से ली गई लैंड पूलिंग के तहत जमीन का कुछ हिस्सा मिलेगा। यही नहीं किसानों को ट्रांसफर चार्ज और स्टांप ड्यूटी में भी छूट मिलेगी। प्राधिकरण एक्सप्रेसवे का पूरा खर्च टोल से निकलेगा। सीईओ का कहना है कि पहले लैंड पूलिंग नीति के तहत जमीन लेने की कोशिश की जाएगी। अगर इस पर किसान तैयार नहीं होते हैं तो जमीन का अधिग्रहण करना होगा। इसके लिए पैसे भी जुटाने होंगे। जिसमें थोड़ी



### भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी दिखेंगी गतिविधिया

हेरिटेज सिटी के विकास में गांवों को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि वहां भगवान श्रीकृष्ण और उनसे जुड़ी गतिविधियां प्रदर्शित की जा सकें। इसी तरह से कथा वाचनालय सहित रीवर फ्रंट डेवलपमेंट, कनेक्टिविटी और अन्य सुविधाएं भी विकसित होंगी। पूरे राया अर्बन सेंटर को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि यह एक टूरिस्ट प्लेस की तरह से विकसित हो जाए। इसके लिए पूरे भारत के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया गया है। डीपीआर तैयार करने के बाद यीडा इसे अपने बोर्ड के सामने रखेगा। इसके बाद शासन से मंजूरी मिलने के बाद बिड डाली जाएगी। इसमें करीब 60 दिन लगेगा। फिर जिस एजेंसी को यह काम मिलेगा, उसे तीन वर्ष में काम पूरा करना होगा। संभावना है कि इसी वित्तीय वर्ष के सितंबर में काम शुरू हो जाएगा।

### पार्कों और ग्रीन बेल्ट में सुधार के निर्देश

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक पी के कौशिक ने शनिवार को शहर के अलग-अलग सेक्टर के पार्कों और ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण किया जहां कुछ जगह कमियां मिलने पर उन्होंने सुधार के निर्देश दिए। इन जगह जल-सीवर से संबंधित कामकाज का भी निरीक्षण किया गया।

नोएडा प्राधिकरण, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे नई इंटीग्रेटिड इंडस्ट्रीयल टाउनशिप विकसित कर रहा है। यहां पर बड़े कॉरपोरेट घरानों को भूखंड का आवंटन किया गया है। ऐसे में संबंधित स्थान पर प्राधिकरण विकास कार्य करा रहा है। महाप्रबंधक ने सेक्टर.40, 41, 43, 158 में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ जाकर निरीक्षण किया। इनके अलावा उन्होंने सेक्टर.148, 149, 158, 159, 162 में बन रही सड़क, सीवर, नाली व विकसित हो रहे पार्कों का कामकाज देखा। इसके बाद सेक्टर.40 व 41 में जाकर पार्क का निरीक्षण किया।

# मेट्रो से जुड़ेंगे जेवर एयरपोर्ट और फरीदाबाद-पलवल

## अगले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश और हरियाणा में 6 नए रूट बनेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास वाले शहरों में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बढ़ाने के लिए मेट्रो का विस्तार तेजी से होगा। अगले 8 वर्षों के दौरान 6 मेट्रो रूट शुरू होंगे। खास बात यह है कि हरियाणा के फरीदाबाद और पलवल शहर मेट्रो के जरिए जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जुड़े जाएंगे। दूसरी तरफ गाजियाबाद से मेरठ तक मेट्रो जाएगी। यह प्रोजेक्ट रैपिड मेट्रो से अलग होगा। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने ऐसे 6 मेट्रो रूट्स की पहचान की है। प्लानिंग बोर्ड के मास्टर प्लान-2041 में इन्हें शामिल किया गया है। यह परियोजना एनसीआर के अंतिम छोर वाले शहरों को दिल्ली से जोड़ेगी।

इन मेट्रो परियोजनाओं का मकसद एनसीआर में सार्वजनिक यातायात सेवाओं को बढ़ाना है। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के मास्टर प्लान-2041 में परिवहन के साधनों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसमें सड़क और रेल के साथ-साथ मेट्रो के नए कोरिडोर शामिल किए गए हैं। नए प्लान में कोशिश की गई है कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम किया जाए। दरअसल, इस इलाके में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण वाहनों की बढ़ती संख्या है। सड़कों पर चलने वाले वाहन प्रदूषण में 40 से 50 फीसद तक हिस्सेदार हैं। प्लानिंग बोर्ड मानता है कि सार्वजनिक यातायात के साधनों को बढ़ाने से सड़कों पर वाहनों की संख्या घटेगी। तभी प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है।

आपको बता दें कि पिछले कई वर्षों से दिल्ली-एनसीआर के यह शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार हैं। प्रदूषण की वजह से एनसीआर में स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। जीवन लागत भी बढ़ रही है।

अंतिम छोर वाले शहरों तक जाएगी मेट्रो दिल्ली से मेट्रो नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत तक जा चुकी है। अब एनसीआर के अंतिम छोर वाले शहरों तक मेट्रो ले जाने की योजना है। इसके तहत पलवल, मेरठ, जेवर, रेवाड़ी, पानीपत को मेट्रो के जरिए जोड़ा जाएगा। इसके अलावा हरियाणा के शहर गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल आपस में जुड़ेंगे। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने मेट्रो के लिए 6 नए रूट बनाए हैं। इनमें गाजियाबाद को मेरठ और सोनीपत को पानीपत से जोड़ा जाएगा।

फरीदाबाद से पलवल और जेवर तक नई लाइन बिछाई जाएगी। फरीदाबाद और गुरुग्राम के बीच मेट्रो प्रस्तावित है। उस पर तेजी से काम चल रहा है। हरियाणा के शहरों की जेवर एयरपोर्ट तक पहुंच बनाई जाएगी। बहादुरगढ़ से रोहतक और गुरुग्राम से मानेसर-रेवाड़ी तक मेट्रो पहुंचाने की योजना शामिल है। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड वर्ष 2030 तक इन सभी छह कोरिडोर को तैयार करना चाहता है।

# इलाज के दौरान अस्पताल में महिला की मौत

## अस्पताल प्रबंधन के शव नहीं देने पर परिजनों ने किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले के संतोष अस्पताल में पथरी के इलाज के दौरान 50 वर्षीय महिला कलावती की मौत होने और शव नहीं देने पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची।

राजापुर निवासी कैलाश फैक्टरी में श्रमिक है उनकी पत्नी के पित्त की थैली में पथरी थी दर्द होने पर 23 मार्च की शाम भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कैलाश ने बताया कि अस्पताल ने 70000 का बिल बना दिया है जांच के नाम पर 18000 रुपये मांग रहे हैं लेकिन जांच रिपोर्ट नहीं दे रहे। परिजनों का आरोप है कि महिला को भर्ती करने के बाद रात भर बिना किसी इलाज के रखा गया और दूसरे दिन सुबह आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। परिजनों का कहना है कि आईसीयू में शिफ्ट करने से पहले ही मौत हो गई थी लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने पैसे लेने के लिए मौत के बारे में जानकारी नहीं दी।


अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा करते परिजन। इनसेट में मृतका की फोटो

# प्रदेश की पहली परियोजना होगी राया हेरिटेज सिटी

● डीपीआर तैयार, अब बोर्ड बैठक का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

राया हेरिटेज सिटी प्रदेश की पहली परियोजना होगी, जिसके लिए जमीन लैंड पूलिंग के जरिए ली जाएगी। पहले चरण में इसके लिए करीब 7 हजार हेक्टेयर जमीन ली जानी है। इसमें करीब 6.5 किलोमीटर लंबे नए एक्सप्रेसवे और इसके दोनों ओर 500-500 मीटर की भी जमीन शामिल है।

हेरिटेज सिटी की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बना रही सीबीआरई साउथ एशिया कंपनी ने यमुना प्राधिकरण के अफसरों के प्रस्तुतिकरण दिया। डीपीआर लगभग बन चुकी है। अब सिर्फ नए एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट बाकी है। अगले हफ्ते तक यह रिपोर्ट भी मिल जाएगी।

पूरी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि राया से वृंदावन में यमुना नदी पर बन रहे पुल तक 6.5 किलोमीटर लंबा नया एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। कंपनी ने एक्सप्रेसवे की शुरुआत और अंत में पुरानी सड़क के इस्तेमाल का प्रस्ताव दिया जिसे यमुना प्राधिकरण ने खारिज कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार


बरामद कपड़ों के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपी।

### कंपनी से लाखों का कपड़ा चोरी करने वाले धरे

**नोएडा।** थाना फेस-3 पुलिस द्वारा ईस्टर्न हेरिटेज कंपनी का कपड़ा चोरी करने वाले 3 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 20 कार्टन जिसमें 540 महिला कपड़े और 5 बंडल सफेद कपड़ा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 12 लाख रुपए है। पकड़े गए तीनो आरोपियों की पहचान पीयूष शर्मा, नीरज शर्मा, और निखिल कुमार झा के रूप में हुई है। आपको बता दें कि तीनो आरोपियों को ईस्टर्न हैरिटेज कंपनी बी 29 सेक्टर 65 थाना फेस 3 का चोरी किया गया माल 20 कार्टन 540 महिला कपडे और 5 बन्डल सफेद कपडे कीमती करीब 12 लाख रूपये के साथ गढी चौखण्डी के एक दुकान से गिरफ्तार किया गया है।


फीस वृद्धि के विरोध में स्कूल के बाहर प्रदर्शन करते अभिभावक।

### फीस वृद्धि के विरोध में अभिभावकों ने किया हंगामा

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित एसडी ग्लोबल स्कूल में फीस वृद्धि के विरोध में अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि प्रति महीना 15 सौ रुपए की फीस वृद्धि की गई है। अभिभावकों ने कहा कि अभी कोरोना काल संकट से ही पूरी तरह नहीं उभरे हैं। स्कूलों में ऑनलाइन क्लासेस के बाद भी पूरी फीस देनी पड़ रही है। ऐसे में इस फीस वृद्धि से बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो जाएगा। स्कूल की इस मनमानी से अभिभावकों की जेब पर भी बोझ बढ़ेगा। अभिभावकों ने कहा कि शासन ने भी स्कूलों को अभी फीस न बढ़ाने के निर्देश दिए थे, लेकिन स्कूल संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। जबकि फीस निर्धारण भी किया गया था जिसके अनुसार अधिक फीस स्कूल नहीं ले सकते, इसके बाद भी प्रति बच्चा 15 सौ रुपए फीस वृद्धि का सर्कुलर जारी कर दिया है।

### मानसिक तनाव में महिला ने की खुदकुशी

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छीजारसी कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि छीजारसी गांव में रहने वाली रूबी तिवारी (27) ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

# जनपद की सड़कों पर जल्द दौड़ेंगे 597 नए ऑटो

## परमिट के लिए परिवहन विभाग ने चालकों को दिया एक महीने का समय

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बहुत जल्द ही गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद जिले की सड़कों पर नए ऑटो दौड़ते दिखाई देंगे। दोनों जिलों की सड़कों पर तकरीबन हजार नए ऑटो दौड़ेंगे। जिसके लिए गाजियाबाद आरटीओ ने सीएनजी ऑटो परमिट के लिए स्वीकृति पत्र जारी कर दिए हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 597 और गाजियाबाद में 400 नए ऑटो चलेंगे। ऐसे आवेदकों को एक माह के अंदर नया ऑटो खरीद कर परमिट प्राप्त करने का समय दिया गया है।

आपको बता दें कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में तकरीबन 7 सालों के बाद इतनी बड़ी संख्या में नए ऑटो सड़कों पर दौड़ेंगे। फिलहाल, जिले में तकरीबन 17 हजार ऑटो पंजीकृत हैं। इन सभी ऑटो की फिटनेस नोएडा में होती है, लेकिन इनका परमिट गाजियाबाद पर्यावरण विभाग बनाता है।



आरटीओ गाजियाबाद अरुण कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक के बाद से जिन लोगो के परमिट वर्ष 2013 से 17 तक के अंदर खत्म हो गए हैं और साथ ही ऑटो की फिटनेस समेत बाकी प्रक्रिया नहीं हुई है। उनके परमिट निरस्त कर दिए गए हैं। गौतमबुनगर में ऐसे 2 हजार और गाजियाबाद में 1600 ऑटो थे। जिसके स्थान पर नए परमिट के लिए आवेदन जारी किए गए थे। जिसमें गौतम बुधनगर के लिए 630 और गाजियाबाद के लिए 800 आवेदन मिले थे। सभी नियम और शर्तों को पूरा कर रहे गौतमबुधनगर के 597 और गाजियाबाद के 400 नए ऑटो के लिए परमिट जारी कर दिए गए हैं।

ऑटो खरीदार जैसे-जैसे प्रक्रिया पूरी कर लेंगे उन्हें परमिट जारी कर दिया जाएंगे। वर्ष 2015 में जिले में ऑटो के नए परमिट जारी करने पर रोक लगा दी गई थी। ऑटो की ज्यादा संख्या बढ़ने से ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न होने लगी थी। जिस वजह से नए परमिट जारी करने पर रोक लगा दी गई थी।

### अगवा छात्रा बरामद

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के छलेरा गांव से बहला-फुसलाकर अगवा की गई 15 वर्षीय छात्रा को पुलिस ने शनिवार सुबह बरामद कर लिया। पुलिस अब उसे अगवा करने वाले व्यक्ति की तलाश में जुटी है। थाना सेक्टर-39 के थानाध्यक्ष राजीव वालिया ने बताया कि छलेरा गांव में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को हिमांशु नामक युवक बहला-फुसलाकर अगवा करके ले गया है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए पुलिस की टीम बनाई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रा को बरामद कर लिया है।

# दहेज उत्पीड़न से तंग होकर विवाहिता ने छोड़ा ससुराल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दहेज उत्पीड़न के मामले प्रतिदिन देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक शर्मनाक मामला देखने को मिला है। एक युवती दहेज के लिए बार-बार उत्पीड़न होने से परेशान होकर ससुराल से मायके चली आई। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने ससुराल के छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

मोहम्मदपुर गांव थाना सदर तावडू की रहने वाली पीड़िता पूनम कुमारी पुत्री राम यादव ने बताया कि उसकी शादी 10 जुलाई 2020 को गांव नजरपुर जिला बिजनौर में रहने वाले राहुल पुत्र मेहकर से हुई थी।

पीड़िता ने बताया कि दोनों की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। आरोपी ने बताया था कि उसका दिल्ली सब इंस्पेक्टर पर चयन हो चुका है। जिस वजह से पीड़ित आरोपी के जाल में फंस गई और दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा। 2020 में दोनों ने शादी कर ली।

### हत्या कर शव छिपाने का चार लोगों पर केस दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर 39 में एक शख्स ने चार लोगों पर उसकी बहन की हत्या कर शव कहीं और छुपाने आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर 39 के थाना प्रभारी राजीव बालियान ने बताया कि बदायूं जिला के निवासी अतहर अली ने पुलिस में शुक्रवार रात को रिपोर्ट दर्ज कराई कि अली मोहम्मद, तसंगर अली, फुल बानो तथा मुनाजिर ने उसकी बहन नाहिदा की हत्या कर उसके शव को कहीं छुपा दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।


पैर में गोली लगने के बाद बदमाश को पकड़कर ले जाती पुलिस।

# फाइनेंस कंपनी में डकैती डालने वाले दो गिरफ्तार

● तमंचा, नकदी और ब्रेसलेट बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पाश इलाके आरडीसी स्थित फाइनेंस कंपनी में घुसकर दिनदहाड़े लाखों की नकदी व गहने लूटने वाले गिरोह का गाजियाबाद पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। शुक्रवार रात कविनगर और मोदीनगर क्षेत्र में हुईं मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाश पकड़े हैं। दोनों ने दो हफ्ते पहले मोदीनगर में भी दिनदहाड़े दुकान में घुसकर व्यापारी से भी लूट की थी। आरडीसी में 23 मार्च को दिन दहाड़े दो बदमाश ग्राहक बनकर आए थे और गन प्वाइंट पर पांच लाख से अधिक के गहने व नकदी समेत 10.60 लाख का माल लूटकर ले गए थे।

एसपी ग्रामीण डा ईरज राजा ने बताया सीकरी गांव जाने वाले बंबा रोड पर बाइक सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पीछा करने पर फायरिंग कर दी और पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। आरोपित ने अपना नाम सौरभ बताया जो, फफराना गांव में रहता है। पुलिस ने इसके पास से 58 हजार रुपये, तमंचा, कारतूस, ब्रेसलेट और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कविनगर अवनीश कुमार ने बताया कि कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस को देख एक युवक ने अचानक अपनी बाइक मोड़ी और इस कारण वह गिर गया। पुलिसकर्मी उसकी ओर दौड़े बदमाश ने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई।

# निवेश बढ़ाने को फिल्मों की शूटिंग कराएगा प्राधिकरण

## शहर के इंडोर और आउटडोर जगहों का शुल्क किया निर्धारित, बनाई टीम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में फिल्म की शूटिंग के लिए डिमांड बढ़ रही है। आए दिन कलाकार नोएडा के अलग-अलग हिस्सों में शूटिंग करते हुए नजर आते हैं। बॉलीवुड और वेब सीरीज के निदेशकों को नोएडा में शूटिंग करना भा रहा है। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने फिल्मकी शूटिंग को लेकर निवेश का नया जरिया बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया दिया है। प्राधिकरण ने एक टीम का गठन किया है जो फिल्म निर्माताओं को शहर के आकर्षित जगहों के बारे में जानकारी देंगे।

प्राधिकरण के तरफ से गठित की गई टीम आने वाले दिनों में शूटिंग की जगह की जानकारी इकट्ठा करके इसकी जानकारी फिल्म निर्माताओं को देगी। बता दें इंडोर और आउटडोर स्थान तक शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसमें 20 हजार से 40 हजार रुपये पर प्रति सौ वर्ग मीटर स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। नोएडा में अब बॉलीवुड की चहलकदमी बढ़ने जा रही है। इसके लिए प्राधिकरण अपने पार्क, पार्किंग, स्टेडियम को इंडोर और आउटडोर फिल्म शूटिंग के लिए देने जा रहा है। नोएडा यूपी के साथ-साथ पूरे देश में हाइटेक सिटी के नाम से जानी जाती है। भारी कंपनियों को नोएडा में इन्वेस्टमेंट करने के लिए प्राधिकरण लगातार प्रयास में जुटी हुई है। इनवेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रमोशन होना जरूरी है। इसका सबसे जल्दी जरिया फिल्म इंडस्ट्री है। ऐसे में प्राधिकरण कास्टिंग और इवेंट कंपनियों को शूटिंग के लिए स्थान देगा। जिससे फिल्म रिलीज के दौरान उसमें दिखाए गए नोएडा शहर की खासियत को प्रमोट करेंगे। ऐसा होने से नोएडा में किए गए विकास कार्य को बढ़ावा मिलेगा।



शहर की किसी भी प्रॉपर्टी पर पहले कभी शूटिंग नहीं की गई है। फिल्म की शूटिंग के लिए नोएडा में पहले ही सेक्टर 16 में फिल्म सिटी का निर्माण हो चुका है। यहां बने तमाम स्टूडियो में कई सीरियल और फिल्म के गानों की शूटिंग हो चुकी है। अब प्राधिकरण की प्रॉपर्टी पर फिल्मों की शूटिंग की जा सकेगी। प्राधिकरण ने शहर के अनेकों हिस्सों में आकर्षित केंद्र बना रखे हैं। हाल में हुई बैठक में प्राधिकरण ने शूटिंग को लेकर कुछ नियम और शर्तें भी लागू की है।

# एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में स्कूल के कर्मचारी की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले के थाना इकोटेक-प्रथम के तहत यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार अल सुबह हुए एक सड़क हादसे में स्कूल कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थाना ईकोटेक-प्रथम के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के एक अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सिंह ने बताया कि युवक सोनू ग्रेटर नोएडा स्थित एक स्कूल में कार्यरत था। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



● गौतमबुद्ध विवि के पास हुई दुर्घटना

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सरकार ने सौगातों से भर दी झोली, कोई कर नहीं

## दिल्ली के वित्तमंत्री मनीष सिसोदिया ने पेश किया 75,800 करोड़ रुपये का बजट

## रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, महिला, प्रदूषण अर्बन फारमिंग प्राथमिकता सूची में



**संजय राय। नई दिल्ली**

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 का बजट पेश कर दिया है। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार का यह लगातार आठवां बजट है। वित्तमंत्री दिल्ली के बजट को लाल रंग के टैब में लेकर पहुंचे।


इस बजट को रोजगार बजट नाम दिया गया है। 2022-23 में बजट अनुमान 75,800 करोड़ रुपये है, जो 2021-22 में 69,000 करोड़ रुपये के बजट अनुमान से 9.86 प्रतिशत अधिक है और वर्ष 2021-22 में 67,000 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 13.13 फीसदी अधिक है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में पेश किए गए बजट भाषण में सिसोदिया ने कहा 'दिल्ली की अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे कोविड-19 के प्रभाव से उबर रही है। उन्होंने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, महिला, प्रदूषण अर्बन फारमिंग को सरकार की प्राथमिकता बताया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार के सत्ता में आने से पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार का कुल व्यय वर्ष 2014-15 के दौरान 30,940 करोड़ था। उन्होंने जून 2015 में 41,129 करोड़ रुपये के अनुमानितत बजट के साथ अपना पहला पूर्ण बजट पेश किया था। वर्ष 2022-23 के लिए 75,800 करोड़ का बजट प्रस्तावित कर रहे है। जो वर्ष 2014 के 30940 करोड़ रुपये व्यय की तुलना में लगभग ढाई गुना है।

### स्थानीय निकायों को वित्तीय सहयोग

दिल्ली सरकार स्थानीय निकायां को 4,374 करोड़ रुपए का वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराएगी। इसमें 2,305 करोड़ रुपए स्थानीय निकायों द्वारा योजनाओं,कार्यक्रमों, परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए संबध राशि के रूप में होंगे और 2069 करोड़ रुपए बेसिक टैक्स असाइमेंट (बीटीए) के रूप में होंगे। इसके अलावा 1,780 करोड़ रुपए की राशि स्थानीय निकायों को स्टैंप और पंजीकरण शुल्क में हिस्से और एकमुश्त पार्किंग शुल्क के रूप में उपलब्ध कराई गई है। इस प्रकार उनकी सरकार बजट अनुमान में स्थानीय निकायों को 6,154 करोड़ का कुल वित्तीय सहयोग दे रही है। ज्ञात हो कि दिल्ली सरकार लगातार स्थानीय निकायों को मदद करती रहती है।

### स्वास्थ्य सेवाएं

बजट में आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक और पॉलीक्लिनिक के लिए 475 करोड़ रुपए के परिव्यय का प्रावधान किया है। इसके अलावा हॉस्पिटल इनफॉरमेशन सिस्टम और हेल्थ कार्ड के जरिए सभी नागरिकों को उनके मतदाता पहचान पत्र और जनसंख्या रजिस्टार के आधार पर क्यूआर कोड आधारित ई-हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इन योजनाओं के लिए बजट में 160 करोड़ रुपए का परिव्यय प्रस्तावित है। साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 9,769 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान प्रस्तावित है। इसमें 7,522 करोड़ रुपए राजस्व बजट और 2,247 करोड़ रुपए का पूंजीगत बजट शामिल है। 5,567 करोड़ रुपए की राशि स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित की गई है।




विधानसभा में बजट पेश करने जाते वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया। फोटो: रंजन डिमरी

### स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम

पिछले बजट में दिल्ली के सभी क्लास रूमें को अगले 5 साल में स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम में बदलने की योजना बनाई गई थी। इसका पायलट प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इस साल से अगले चार साल में सभी स्कूलों के सभी क्लासरूम को डिजिटल क्लास रूम में बदलने का काम शुरू किया जाएगा। इसके अलावा कुछ नए कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिनमें चिराग एंक्लेव में एक स्कूल साइंस म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव है। इससे छात्रों और शिक्षकों के बीच विज्ञान के बहुत सारे ऐसे विषय जो किताबों और वीडियो के माध्यम से उन्हें तिलिस्म की दुनिया लगते है। वह इस संग्रहालय में जाकर उन्हें आसानी से समझ सकें गे। इसके लिए बजट में 50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। साथ ही शिक्षा के लिए 16,278 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय का प्रस्ताव है। इसमें 14,412 करोड़ रुपये राजस्व के तहत और 1,866 करोड़ रुपए पूंजीगत व्यय के तहत शामिल है।

### अनधिकृत कॉलोनियों में विकास व निर्माण

2022-23 वित्तीय वर्ष के दौरान अनधिकृत कॉलोनियों में विकास और निर्माण कार्यों के लिए 1,300 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। सिसोदिया ने कहा कि 2022 के अंत तक ऐसे सभी इलाकों में सीवर की लाइनें होंगी। आवास एवं शहरी विकास क्षेत्र के लिए 5,766 करोड़ रुपये निर्धारित किये, जो कि 75,800 करोड़ रुपये के कुल बजट का 7.6 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवास एवं शहरी विकास क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इस क्षेत्र के लिए 2021-22 में बजटीय आवंटन 5,328 करोड़ रुपये था। अनधिकृत कॉलोनियों में सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट लगाने और सड़कों, सीवरों, पार्कों सहित अन्य के निर्माण का काम प्राथमिकता से पूरा कर लिया गया है।

## महंगाई, बेरोजगारी से निपटने पर केंद्रित है बजट : सीएम

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली बजट को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'रोजगार बजट' को नवोन्मेषी और साहसिक करार देते हुए कहा कि इसका लक्ष्य महंगाई और बेरोजगारी की दोहरी समस्याओं से निपटना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में उपमुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 75,800 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह बजट साहसिक एवं नवोन्मेषी है तथा इसका लक्ष्य आगामी पांच साल में 20 लाख नौकरियां पैदा करना है। इससे पहले, केजरीवाल ने ट्वीट किया कि उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया जी को दिल्ली के लिए रोजगार बजट पेश करने पर बहुत-बहुत बधाई। यह बजट युवाओं के लिए बड़े स्तर पर रोजगार तैयार करेगा। इस बजट में दिल्ली के हर वर्ग का खयाल रखा गया है।

### खुदरा और थोक योजनाएं

खुदरा बाजारों का संवर्धन और नवीनीकरण अगले 5 वों में दिल्ली के पारंपरिक प्रतिष्ठित बाजारों के बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं के पुनर्विकास के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इससे अगले पांच सालों में 1.5 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। खुदरा और थोक बाजारों को बढ़ावा देने के लिए शहर में कई शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन की योजना बनाई है। इसका मकसद इन स्थानों को पर्यटन स्थल बनाना और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए रोजगार पैदा करना है। दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल और दिल्ली होलसेल शॉपिंग फेस्टिवल के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के उत्पाद भरोसेमंद एवं टिकाऊ माने जाते हैं और शहर में कई आधुनिक शॉपिंग मॉल होने के बावजूद तमाम लोग अब भी पारंपरिक थोक और खुदरा बाजारों से ही खरीदारी करते हैं। यहां पर खरीदारी के अलावा खानपान एवं मनोरंजन के भी इंतजाम होंगे। स्थानीय जायके को बढ़ावा देने के लिए फूड ट्रक नीति लाने का भी प्रस्ताव बजट में रखा है। इसके तहत खानपान के परंपरागत व्यंजन परोसने वाले फूड ट्रक दिल्ली की सड़कों पर शाम आठ बजे से देर रात तक लगाए जा सकेंगे।



### महिला केंद्रित नीतियां




*हरित क्षेत्र बढ़ाने, पौष्टिक जैविक भोजन की आपूर्ति और घर पर महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के पूसा संस्थान के सहयोग से स्मार्ट अर्बन फार्मिंग शुरू की जाएगी। इससे अगले पांच सालों में 25,000 नए रोजगार पैदा होंगे ।*

### बिजली योजना सफल



दो सौ यूनिट तक बिजली की खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए शून्य बिजली बिल योजना बहुत सफल रही। यह ऊर्जा संरक्षण की दिशा में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। सरकार 84 के दंगों के पीड़ितों को 400 यूनिट तक बिजली की खपत के लिए सौ फीसदी सब्सिडी भी दे रही है। बिजली सब्सिडी योजना को अदालत परिसर के भीतर वकीलों के कक्षों तक भी बढ़ा दिया गया है। इस योजना के तहत 3250 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में है। दिल्ली सरकार की सबसे सफल योजनाओं में से एक है।

### चौबीस घंटे पीने का साफ पानी



चौबीस घंटे पीने का साफ पानी लोगों के घरों में आए। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। दिल्ली में पानी की उपलब्धता 10 फीसदी बढ़ चुकी है। पहले रोजना 915 एमजीडी पानी उपलब्ध होता था। यह अब बढ़कर 985 एमजीडी हो गया है। बाहर से मिल रहे पानी को बेहतर प्रबंधन, बारिश के पानी की बेहतर हार्वेस्टिंग से आने वाले तीन साल में 24 घंटे पानी सुनिश्चित किया जा सकेगा। दिल्ली वालों को 20 किलो लीटर प्रति माह, प्रति उपभोक्ता पीने के पानी की मुफ्त उपलब्ध कराने की जो योजना 2015 में शुरू की गई थी। वह इस साल भी जारी रहेगी।

## पंजाब विस अध्यक्ष, वित्तमंत्री दिल्ली बजट प्रक्रिया में शामिल




**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा में बजट प्रस्तुतिकरण में हिस्सा लिया और इसकी प्रक्रिया को समझा। आम आदमी पार्टी (आप) के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। संधवां और सिंह दोनों 'आप' नेता हैं। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा बजट पेश किये जाने के दौरान दोनों सदन में मौजूद थे।

'आप' के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि वे यहां बजट पेश करने की प्रक्रिया सीखने के लिए आए थे। आप ने हाल में हुए पंजाब विधानसभा चुनाव में 117 में से 92 सीटों पर जीत हासिल की थी।

## पशु चिकित्सा महाविद्यालय जल्द खोला जाएगा : उपमुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में सभी प्रकार के पशुओं के इलाज के लिए जल्द ही पहला सरकारी पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोला जाएगा।

सिसोदिया ने विधानसभा में बजट भाषण के दौरान यह घोषणा करते हुए कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान आज के समय की एक बड़ी आवश्यकता है क्योंकि न केवल मवेशियों और पालतू जानवरों का स्वस्थ रहना आवश्यक है बल्कि इससे पशुओं को होने वाली बीमारी का पता लगाकर इंसानों के स्वास्थ्य की भी रक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में पालतू जानवर हैं जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की जरूरत है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए मैंने बजट में एक नई योजना का प्रस्ताव रखा है जिसके तहत शहर में पहला सरकारी पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोला जाएगा ताकि सभी प्रकार के जानवरों का इलाज किया जा सके।

## गरीब, दलित और युवा विरोधी है दिल्ली का बजट : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार का बजट रोजगार बजट नही बल्कि युवा बेरोजगारों के जले पर नमक छिड़कने वाला गरीब विरोधी बजट है। बजट में दलित उत्थान, महंगाई पर नियंत्रण के लिए कोई प्रावधान नही रखा गया है। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में 15,34,832 युवा बेरोजगार है परंतु केजरीवाल सरकार युवाओं को जब तक रोजगार नही देती उन्हें बेरोजगारी भत्ता देने का कोई प्रावधान भी बजट में नही किया पर 20 लाख रोजगार देने की खोखली घोषणा कर रहे। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि राजधानी में रोजगार के लिए सिर्फ 800 करोड़ आंवटित करना अपने आप में संदेह है, क्या केजरीवाल सरकार ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के कल्याण अथवा उनके रोजगार सृजन के लिए यह राशि रखी है। चौधरी ने मांग की कि केजरीवाल सरकार ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना की तर्ज पर शहरी रोजगार गांरटी योजना के तहत न्याय योजना के अंतर्गत 7000 प्रतिमाह का भत्ता तथा पंजाब में की गई घोषणा के तहत दिल्ली में महिलाओं को 1000 प्रतिमाह अंतरिम राहत भत्ता दें। सरकार रोजगार देने की घोषणा कर रही है परंतु 64 हजार अनुबंधित कर्मचारी जिनमें गेस्ट टीचर।

## संक्षिप्त समाचार



'एक मानस मंत्र' कार्यक्रम का शुभारंभ करते इंद्रेश कुमार व साथ में अन्य।

### राष्ट्रगान जागरूकता 'एक मानस मंत्र' कार्यक्रम संपन्न

**नई दिल्ली।** संभावना सामजिक कल्याण कारी समिति द्वारा राष्टगान जागरूकता अभियान 'एक मानस मंत्र' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इंद्रेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की भारत एक था लेकिन समय के थपेड़ों की वजह से भारत तीन टुकड़ों में बट गया। संभावना की अध्यक्ष आशा मोहिनी ने अपने राष्ट्र गान जागरूकता अभियान का उदेश्य बताते हुए कहा कि इस मुहिम का मकसद राष्ट्र गान के प्रति जागरूकता फैलाने से है।

### पूर्वांचल के 15 विभूतियों का सम्मान करेगी माटी संस्था

**नई दिल्ली।** रविवार को होने वाले पूर्वांचल महोत्सव में 15 विभूतियों का राजघाट स्थित गांधी दर्शन स्मृति परिसर में सम्मान किया जाएगा। पूर्वांचल की संस्कृति, कला रहन सहन और खान पान को बढ़ावा देने वाली माटी संस्था की तरफ से 5वां पूर्वांचल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। माटी के संयोजक आसिफ आजमी ने बताया कि पूर्वांचल महोत्सव में केरल के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ, अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, सांसद व अभिनेता रवि किशन, सांसद संजय सिंह, समीर अंजान, नीति आयोग अमिताभ कांत, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की वाइस चासंलर प्रो. संगीता श्रीवास्तव आदि शिरकत करेंगे। इस आयोजन में पूर्वांचल का खानपान के साथ सुर संगीत, कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### एनडीएमसी का सुविधा शिविर

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक शिकायत निवारण सुविधा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में निवासियों / सेवाओं के उपयोगकर्ताओं, आरडब्ल्यूए, एमटीए, सेवा उपभोक्ताओं और अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने का प्रयास किया गया। पालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों को जनता से 231 जन शिकायतें प्राप्त हुईं।निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, टैक्स और संपदा विभागों से संबंधित थीं। सभी जन शिकायतों पर जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

## मादक पदार्थों को लेकर झगड़े में चचेरे भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** होलंबी कलां इलाके में मादक पदार्थों को लेकर हुए झगड़े में एक युवक ने अपने चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस को शुक्रवार की रात फोन पर सूचना दी गई कि इमरान नामक व्यक्ति को किसी ने चाकू मार दिया है। उसे हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) बृजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पुलिस अस्पताल पहुंची और मरीज को बयान दर्ज कराने की हालत में नहीं पाया। बाद में पीड़ित को रोहिणी के बीएसए अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि इस बीच एक अन्य घायल सोहेल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। यादव ने बताया कि इमरान के बड़े भाई अरमान के बयान के आधार पर सोहेल (20) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## द कश्मीर फाइल्स फिल्म पर भाजपा ने सीएम को घेरा

### मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फिल्म के बहाने हिंदुओं का उडाया मजाक: आदेश गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

विधानसभा में द कश्मीर फाइल फिल्म पर दिए बयान के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा ने इस बयान को हिंदू विरोध करार दिया है। साथ ही केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कश्मीरी पंडितों को याद करते हुए मौन रखा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता कहा कि विधानसभा में कश्मीरी पंडितों और हिंदुओं का मजाक उड़ाने का दुस्साहस करने वाले केजरीवाल का भी वही हश्र होगा जो कांग्रेस और लालू-मुलायम का हुआ है। आदेश गुप्ता ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब केजरीवाल की हिंदू विरोधी मानसिकता सबके सामने उजागर हुई है। दिल्ली प्रदेश के सह-प्रभारी डॉक्टर अलका गुर्जर ने कहा कि केजरीवाल ने सनातन धर्म पर हमला करने का काम किया है, वह काफी शर्मनाक है। विजय गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में जिस तरह से कश्मीरी पंडितों का मजाक उड़ाया उसे सभी ने देखा। सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन ने कहा कि केजरीवाल के जिन हिंदुओं के लिए जिस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा में अपने विधायकों के साथ मिलकर कश्मीरी पंडितों के साथ हुए बर्बरता का माजक उड़ाने वाले केजरीवाल कह रहे हैं कि टैक्स फ्री करने की जगह फ़िल्म को यूट्यूब पर डाल दिया जाए। इस मौके पर असम के भाजपा सह-प्रभारी श्री पवन शर्मा, जम्मू कश्मीर के सह-प्रभारी आशीष सूद, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर पी सिंह, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, हर्ष मल्होत्रा एवं दिनेश प्रताप सिंह एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## एसीबी का अधिकारी रिश्वत लेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने गृह कर विभाग के एक अधिकारी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

राजकुमार गुप्ता नामक एक व्यक्ति ने एसीबी से विजयकांत उपाध्याय के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई जो कि निगम के गृह कर विभाग में सहायक क्षेत्रीय निरीक्षक है। गुप्ता की चांदनी चौक में दुकान है और उसके संपत्ति कर को ठीक करने के एवज में उपाध्याय ने चार लाख रुपये की मांग की। गुप्ता ने कहा कि उसने अधिकारी को दो लाख रुपये पर राजी कर लिया और यह रकम उपाध्याय ने किस्तों में लेना स्वीकार किया। विशेष पुलिस आयुक्त (एसीबी) एस के गौतम ने कहा कि एक दल का गठन किया गया जो शिकायतकर्ता के साथ कश्मीरी गेट स्थित संपत्ति कर विभाग कार्यालय पहुंचा और रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# भिवानी के डेरा सेवादारों ने कराई दो गरीब कन्याओं की शादी

**शादी में जरूरत का सारा सामान देकर की विदाई**

**शादी समारोह में किया गया नाम चर्चा का आयोजन**

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



भिवानी के गांव चांग में गरीब कन्या की शादी में आशीर्वाद व जरूरत का सामान देते डेरा सच्चा सौदा के सेवादार भाई-बहनें।

डेरा सच्चा सौदा के गद्दीनशीन संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की पावन प्रेरणा से मानवता भलाई के चलाए जा रहे 138 कार्यों में 21वां कार्य अति गरीब परिवार की बेटियों की शादी करवाना है। डेरा सच्चा सौदा भिवानी के सेवादारों ने इस राह पर चलते हुए एक नहीं बल्कि दो गरीब, जरूरतमंद बेटियों का विवाह कराकर मानवता भलाई की दिशा में एक लंबी लकीर खींची है। डेरा सेवादारों के इस नेक कार्य की चारों ओर सराहना हो रही है। संगत ने भविष्य में भी सभी मानवता भलाई के कार्यों को करने की बात कही। भिवानी ब्लॉक की साध-संगत को चांग निवासी कर्मबीर की दो बेटियों मनीषा व काजल की शादी मुंढाल निवासी समुंद्र के पुत्रों आकाश, दीपक के साथ परिवार की तरफ से तय की गई।

परिवार ही आर्थिक हालत काफी कमजोर है। ऐसे में वह शादी का खर्च वहन करने में समर्थ नहीं थे। डेरा सच्चा सौदा भिवानी ब्लॉक की संगत को जब इस बारे में जानकारी मिली तो परिवार की मदद करने का निर्णय लिया गया। पूज्य गुरू जी की दी हुई शिक्षाओं पर चलते हुए सभी सेवादार भाई-बहनों ने मिलकर दो लाख रुपये परमार्थ का एकत्रित करके दो बेटियों की शादी में खर्च किए। इन पैसों ने घरेलू जरूरत का सामान, कपड़े, फर्नीचर, खाना आदि का प्रबंध किया। घनश्याम इंसा, प्रदीप इंसा, राजकुमार इंसा, राजू मिस्त्री इंसा, वनीता, पुष्पा, मंजू इंसा, कांता इंसा, सुनीता इंसा समेत काफी संख्या में साध-संगत ने शादी में पहुंचकर व्यवस्थाएं संभाली। डेरा सच्चा सौदा की तरफ से इतनी मदद मिलने पर परिवार, रिश्तेदारों ने डेरा सच्चा सौदा संगत की सराहना की।

## आप के हस्तक्षेप से कमान सराय के दुकानदारों की हुई जीत

**पहले दुकानें मिलेंगी, फिर इन्हें किया जाएगा खाली**



अभय जैन। अशोक वर्मा। धीरज यादव।

गुरुग्राम। यहां कमान सराय में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए कमान सराय की मार्केट में दुकानों को तोड़ने का निर्णय तब तक के लिए स्थगित कर दिया गया है, तब तक दुकानदारों को दूसरी जगह पर दुकानें नहीं मिल जाती। यानी दुकानदारों द्वारा किए जा रहे विरोध और आम आदमी पार्टी के हस्तक्षेप से सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा। दुकानदार नरेश चुघ, ओमप्रकाश, चंद्रप्रकाश, धर्मपाल, सुरेंद्र समेत सभी दुकानदारों व आप नेताओं ने सरकार, प्रशासन का धन्यवाद किया है।

बता दें कि यहां कमान सराय में काफी पुरानी मार्केट है। दुकानदारों की तीसरी पीढ़ी यहां दुकानों से अपनी आजिविका कमा रही है। क्षेत्र में वाहनों की भीड़, पार्किंग की सुविधा नहीं होने के चलते सरकार ने यहां कमान सराय में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने का निर्णय लिया। इसी कमान सराय में मुख्य सड़क की तरफ काफी दुकानें हैं। अग्रसेन चौक से लेकर बस अड्डे की तरफ पीएनबी तक यहां दुकानें बनी हुई हैं। अब नगर निगम की ओर से इन दुकानों को तोड़ने का फरमान जारी किया गया। तीन दिन पूर्व अधिकारी यहां बुल्डोजर लेकर भी पहुंचे। इस दौरान दुकानदारों ने उनका खुलकर विरोध किया। आम आदमी पार्टी के नेता अभय जैन एडवोकेट भी मौके पर पहुंचे। काफी देर तक विरोध के बीच तोड़फोड़ दस्ते को बैरंग लौटना पड़ा। पिछले दो दिन से यहां दुकानदारों ने धरना भी दिया। जिसमें आम आदमी पार्टी के नेता अभय जैन एडवोकेट, साउथ हरियाणा लीगल हेड अशोक वर्मा और हरियाणा के यूथ हेड धीरज यादव अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। उन्होंने नगर निगम के दुकानों को तोड़ने के निर्णय का विरोध किया। साथ ही नगर निगम आयुक्त को इस बाबत मांग पत्र भी सौंपा गया। सरकार के नुमाइंदों से भी दुकानदारों की बैठक हुई। अब इन दुकानों को तोड़ने के निर्णय को स्थगित किया गया है।

## कोरोना से बचने को प्रभावी वैपन है वैक्सीन



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में वैक्सीन लगवाते बच्चे।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**उत्साह से कोरोना रोधी वैक्सीन लगवाने टीकाकरण केंद्रों पर आ रहे हैं बच्चे**

**12 से 14 साल के बीच की उम्र के बच्चों को लगाई जा रही कोर्बेवैक्स वैक्सीन**

**16 मार्च 2022 को शुरू किया गया था, इन बच्चों का टीकाकरण**

कोरोना रोधी वैक्सीन के टीकाकरण की दिशा में अब तक देश में तीन वैक्सीन कोविशिल्ड, कोवैक्सीन, स्पूतनिक, फाइजर और बच्चों के लिए कोर्बेवैक्स आ चुकी हैं। कम से कम 12 साल की उम्र के बच्चों से लेकर उम्रदराज लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन लगाई जा रही हैं। बच्चों के लिए कोर्बेवैक्स वैक्सीन हैदराबाद स्थित बायोलॉजिकल-ई द्वारा विकसित की गई है।

12 साल से 14 साल की उम्र के बीच के बच्चों को सिर्फ कोर्बेवैक्स ही लग रही है। शुरू में तो लोग वैक्सीन लगवाने से हिचकिचा रहे थे, लेकिन समय के साथ सभी ने वैक्सीनेशन कराने में दिलचस्पी दिखाई। अब बच्चों में तो वैक्सीन के लिए उत्साह नजर आ रहा है। यहां नागरिक अस्पताल में वैक्सीनेशन के लिए आए मिताशं, नैतिक, दक्ष, दीक्षा, लवण्या, कार्तिक, प्रियांशु ने बताया कि कोरोना के कारण हम सब काफी परेशान रहे। कोरोना में सभी घरों में बंद हो गए थे। कोरोना कम होने के बाद वैक्सीन आ चुकी है तो हम सबका यह फर्ज है कि हम वैक्सीन लगवाएं। फ्यूचर में सेफ रहने के लिए वैक्सीन लगवाना बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी से बचने के लिए वैक्सीन वैपन है। इसे हमें अपनाना है। वैक्सीन लगवानी है। वे अपने साथ पढ़ने वाले बच्चों को भी यह वैक्सीन लगवाने के लिए कह रहे हैं।

**हरियाणा के 14 लाख बच्चों को लगनी है वैक्सीन :** देश में 12 से 14 साल के 4 करोड़ 74 लाख 73 हजार बच्चों को वैक्सीन लगाई जानी है, इसमें हरियाणा के 14 लाख बच्चे शामिल हैं। टीकाकरण के लिए मार्च 2022 तक बच्चों की उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यानी वर्ष 2008 से 2010 के बीच जन्मे बच्चों को ही यह वैक्सीन लगाई जा सकती है। इसी गाइडलाइन के आधार पर बच्चों को यहां वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

**28 दिन के अंतराल पर लेनी होगी दो खुराक :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में 12 से 13 साल के बीच 1,21,43,000 लड़के और 1,13,27,000 लड़कियां हैं। इसी तरह 13 से 14 साल के 1,22,50,000 लड़के और 1,14,23,000 लड़कियां हैं जिन्हें कोर्बेवैक्स की दो खुराक 28 दिन के अंतराल में देनी जरूरी है।

60 से अधिक उम्र वालों को बूस्टर डोज

60 साल से अधिक उम्र के लोगों को ऐहतियाती यानी बूस्टर डोज लगाई जा रही है। इसमें उन लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिन्हें दूसरी खुराक लिए नौ माह से ज्यादा का समय बीत चुका है। किसी तरह की परेशानी ना हो, इसलिए बूस्टर डोज उसी कंपनी की लगाई जा रही है, जिसकी बुजुर्गों को पहली व दूसरी वैक्सीन लगी थी।

## डीईओ ने किया क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल मैच का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**स्व. चौधरी खुर्शीद अहमद के नाम से हो रही क्रिकेट लीग**

**डीसीए नूंह ने नगीना को हराकर कल होने वाले फाइनल में जगह बनाई**

क्रिकेट एसोसिएशन नूंह द्वारा लगातार पांचवें वर्ष आयोजित की गई मेवात क्रिकेट लीग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अब्दुल रहमान खान ने किया। उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच टॉस उछाल कराई।

पहला सेमीफाइनल नगीना व डीसीए नूंह के दरमियान खेला गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने क्रिकेट एसोसिएशन नूंह मेवात क्रिकेट लीग का आयोजन हर वर्ष क्षेत्र के महान राजनीतिज्ञों के नाम से करवाता है। गत वर्ष चौधरी मोहम्मद यासीन खान मेमोरियल मेवात क्रिकेट लीग चतुर्थ का आयोजन करवाया गया था, वहीं इस वर्ष पांचवी मेवात क्रिकेट लीग का नामकरण स्वर्गीय चौधरी खुर्शीद अहमद पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री हरियाणा के नाम पर किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित क्रिकेट एसोसिएशन नूंह के अध्यक्ष आबिद दानीबास सचिव तौफीक अहमद खजांची सालिम हुसैन एसोसिएशन सदस्य व अम्पायर नसीम अहमद शाहपुर मंगली, मंच संचालन कर रहे। जिला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अशरफ मेवाती, इंस्पेक्टर इरशाद दानी, इंजीनियर अज़हर, कॉमेंटेटर नसीम अहमद, नासिर फिरोजपुर, मकसूद सादैई, जेई आसिफ, अन्तराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी मोहम्मद अक्सर सलम्बा, शुएब जयसिंह पुर हरियाणा पुलिस, शाहिद चन्देनी हरियाणा पुलिस, हरियाणा दिव्यांग क्रिकेट कप्तान हाशिम अली, जहीर खान मुहम्मद युसूफ की उपस्थिति में सेमीफाइनल खेल रही डीसीए नूंह व नगीना की टीमों व दर्शकों को सम्बोधित किया।

## सोहना के बाईपास चौक पर लगी लाल बत्तियां फिर से हुई खराब

**चालक जान हथेली पर रखकर निकलने को विवश हो रहे**



सोहना बाईपास चौक की खराब लाल बत्ती।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना के एकमात्र बाईपास चौक पर लगी लाल बत्तियों की रोशनी फिर से गुल हो गई। लाल बत्ती खराब होने से चौक पर वाहन चालक पहले में, पहले में की होड़ करके वाहनों को निकाल रहे हैं। चौक को पैदल पार करने वाले चालक जान हथेली पर रखकर निकलने को विवश हो रहे हैं।

शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर एक फिर से लाल बत्तियां खराब होने से आम लोगों से लेकर वाहन चालकों को भारी परेशानियां हो रही है। चौक पर तैनात पुलिस कर्मी पूरा-पूरा दिन चौक पर खड़े होकर वाहनों को बारी-बारी से निकाल रहे है, लेकिन पलक झपकते ही कई वाहन चालक तेजी से निकलते है।

ऐसे में चौक पर खड़े पुलिस कर्मियों को भी जान का खतरा बना हुआ है। रात्रि के समय में चौक वाहन तेजी से निकलते है। ऐसे में हादसे घटित होने की पूरा-पूरा खतरा बना रहता है। चौक फलों की सब्जी लगाने वाले दुकानदार सुन्दर का कहना है कि रात 8 बजे के बाद पैदल चलने वालों का भगवान ही सहारा होता है, क्योंकि रात्रि समय में चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों को चालक तेजी से निकालते है। छोटे वाहन चालक कई बार बड़े वाहनों की चपेट में आ जाते है।

> नगर परिषद को कई बार लिखित में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन परिषद के अधिकारी बत्तियों को ठीक करने के लिए ठेका छोड़ने की बात कहते हुए टाल रहे हैं। लगता है परिषद के अधिकारी आंखें बंद करके बैठे हैं।
> **दिनेश कुमार**
> **( ट्रैफिक पुलिस, जेडओ )**

## डिजिटल युग में घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ



विंटर हिल सोसायटी सेक्टर-77 में पौधारोपण करते मुख्य अतिथि सुंदर लाल यादव।

**विंटर हिल सोसायटी सेक्टर-77 में लगाए अलग-अलग शिविरों में कही यह बात**

गुरुग्राम। मानेसर नगर निगम क्षेत्र के सेक्टर-77 में विंटर हिल सोसायटी में रक्तदान शिविर, आधार कार्ड बनाने, वोटर आईडी बनाने, परिवार पहचान पत्र बनाने के शिविर आयोजित किए गए। इनका शुभारंभ पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर लाल ने किया।

उन्होंने सोसायटी के बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और बच्चों को इन पौधों की देखरेख करने को प्रेरित किया। विंटर हिल सोसायटी में रहने वाले बच्चों ने सोसायटी व सोसायटी के आसपास 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है। सोसायटी में रक्तदान शिविर में सोसायटी के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## नौ सिटी रोड शो टूर द्वारा महाराष्ट्र टूरिज्म का उद्देश्य देश में ट्रैवल एवं ट्रेड के अवसर बढ़ाना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



महाराष्ट्र अपने ऐतिहासिक किलों, खूबसूरत बीच, धार्मिक और ऐतिहासिक स्मारकों, हिल स्टेशंस, वन्य जीवन, एडवेंचर स्पोर्ट्स, विदेशी रसोई, सांस्कृतिक आयोजनों, परिवहन की कनेक्टिविटी आदि के कारण सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। महाराष्ट्र टूरिज्म ने असीम अवसरों का सृजन करने, ग्राहकों की राय लेने और ट्रैवल ट्रेड से जुड़कर बाजार की संभावनाएं तलाशने के लिए के लिए देश में एक नौ सिटी रोड शो टूर शुरू किया है।

इस अभियान के तहत महाराष्ट्र टूरिज्म ने दिल्ली में रोड शो का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्री श्रीमंत हरकर, उपनिदेशक (औरंगाबाद), पर्यटन निदेशालय, महाराष्ट्र सरकार और अजीत मोहिते, पर्यटन विशेषज्ञ, पर्यटन निदेशालय, महाराष्ट्र सरकार मौजूद थे। इस कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को क्राउन प्लाजा में किया गया और इसमें शहर में टूर एंड ट्रैवल जगत के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। श्रीमिलिंद बोरिकर (आईएएस), डायरेक्टर ऑफ टूरिज्म, महाराष्ट्र सरकार ने कहा, ''महाराष्ट्र टूरिज्म ने हम रोड शो की श्रृंखला का आयोजन कर रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र में टूरिज्म उद्योग और इंटर-स्टेट ट्रैवल एवं टूरिज्म के अवसरों को बढ़ाना है। हमें खुशी है कि कोविड की दूसरी लहर के बाद, महाराष्ट्र में हॉस्पिटिलिटी सेक्टर में स्थिर गति से सुधार हो रहा है और ट्रैवल कंपनियों द्वारा बुकिंग बढ़ रही है। दिल्ली में महाराष्ट्र टूरिज्म रोड शो को मिली इतनी शानदार प्रतिक्रिया बहुत उत्साहवर्धक है। हम अन्य शहरों में भी ऐसी ही प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहे हैं।'' महाराष्ट्र में टूरिज्म के हर सेगमेंट में अपार क्षमता है, जिससे पर्यटकों को घूमने के लिए असीम अवसर मिलते हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र राज्य पर्यटकों को बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह राज्य सड़क, रेलवे, जलमार्ग, एवं एयरवे से अच्छी तरह कनेक्टेड है।

## बिजली वसूली टीम को पीटकर मोबाइल तोड़ा, केस दर्ज

तावडू। उपमंडल के गांव रंगाला ढाणी में बकाया बिजली बिल वसूली के लिए गए दो कर्मचारियों के साथ मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। एसडीओ की और से शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना को लेकर ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन में भारी रोष व्याप्त है।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम तावडू के एसडीओ लियाकत अली ने शिकायत में बताया कि कर्मचारी गुलाब व रामकिशन एएलएम दोबारा बीती 24 मार्च को गए तो वहां पर मौजूद धर्मवीर पुत्र हरि किशन कर्मचारियों को देखते ही तैश में आ गया। वह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। उसने मोबाइल छीन कर उसे तोड़ दिया। कर्मचारी गुलाब के कान पर जोरदार घूंसा लगने से उसे सुनाई देना बंद हो गया।

## नवरात्रों में प्रदेश मदिरा-मांस से मुक्त करें: जैन

**सामाजिक कार्यकर्ता रजत जैन ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की मांग**

फिरोजपुर झिरका। हिंदू धर्म के चैत्रीय माह के शुक्ल पक्ष के 02 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चलने वाले नवरात्रे पर्व को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री व राज्यपाल नौ दिनों के लिए प्रदेश को मदिरा-मांस से मुक्त घोषित करने की मांग की है।

सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व सामाजिक नेता रजत जैन ने बताया कि हिंदू धर्म में चैत्रीय नवरात्रों का विशेष महत्व है। नवरात्रों में भक्तगण मां के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा अर्चना आराधना, स्तुति, गुणगान करते हैं। अहिंसा के पथ पर चलकर विश्व, शांति, उन्नति, समृद्धि, विकास, आपसी प्रेम भाई चारा को मजबूत करने की कामना करते हैं। अहिंसा के पथ पर चलकर सम्पूर्ण जगत के कल्याण व शांति की स्थापना की कामना करते हैं। प्रत्येक प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखने की ईश्वर से प्रार्थना करता है। प्रत्येक प्राणी मात्र एक दूसरे के प्रति प्रेम आदर व मैत्री भाव के साथ रहे। इसलिए देश प्रदेश एवम् समस्त विश्व कल्याण की भावना के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री व राज्यपाल से मांग करते हैं की 02 अप्रैल से 10 अप्रैल तक नौ दिनों के लिए, मदिरा-मांस की बिक्री पूर्ण प्रतिबंध लगाकर प्रदेश को मदिरा-मांस मुक्त घोषित किया जाए। अहिंसा के पथ पर चलकर विश्व कल्याण व शांति की स्थापना का सपना पूर्ण रूप से साकार हो सके। इस अवसर पर उनके साथ पंडित नंद किशोर शर्मा, आरएसएस के नितिन दुबे, समाजसेवी नेमचन्द गोयल, पंडित जगन शर्मा, पूर्व पंच सतपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

## किसानों की सहायता के लिए प्लांट ब्रीडिंग में जीन एडिटिंग की है आवश्यकता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**डॉ रत्ना कुमरिया, डायरेक्टर-बायोटेक्नोलॉजी , एलायंस फॉर एग्री इनोवेशन**

पूरे विश्व स्तर पर किसान, उपलब्ध संसाधनों के प्रबंधन तथा कृषि के स्वास्थ्य को बनाए रखते हुए सभी के लिए अन्न उपजाने का कार्य करते हैं। उच्च उत्पादकता के लिए लगातार बढ़ते दबाव और पौष्टिक भोजन की मांग ने किसानों को खेती के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों की मांग के लिए प्रेरित किया है। अप्रत्याशित मौसम और सीमित संसाधनों की अनिश्चितता के कारण स्थायी कृषि आवश्यक हो चुका है।

खेती के दौरान आने वाली कई तरह की चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए, किसान, पौधा प्रजनक की दूरदर्शिता पर भरोसा करते हैं जो उन्हें सबसे उपयुक्त बीज की किस्मों को उपलब्ध करा सकता है। बीज की उन्नत किस्मों को विकसित करने के लिए पौधा प्रजनक को कई जानकारियों की आवश्यकता होती है जिनमें किसानों के द्वारा दिया गया इनपुट, बाजार की मांग, अनुमानित संसाधन प्रतिबंध तथा जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। हालांकि पौधा प्रजनक को फसल के बारे में एवं उस फसल के लिए सबसे उत्तम क्षेत्र के विषय में काफी जानकारी होती है परन्तु फिर भी इसका अधिक विस्तार से अध्ययन और मूल्यांकन करने के लिए पौधा प्रजनक आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग करते हैं। मार्कर असिस्टेड सेलेक्शन (एम ए एस) या जीनोम-वाइड एसोसिएशन स्टडीज (जीडब्ल्यूएएस) जैसे आधुनिक तरीकों ने प्रजनन प्रक्रिया को अधिक पूर्वानुमानित और वेरिएंट के सिलेक्शन को काफी आसान बना दिया है। यद्यपि बीज की नई किस्मों का विकास अब भी बहुत थका देने वाला है तथा कई फसल चक्र के साथ अत्यधिक समय लेता है। पौधा प्रजनक के लिए जीन एडिटिंग बिल्कुल नवीनतम उपकरण है जो उन्हें एक से दो पीढ़ी के भीतर बहु पीढ़ी प्रजनन के बराबर परिणाम प्राप्त करने के लिए, फसल के जीनोम में बेहद सटीक एवं त्वरित परिवर्तन लाने की अनुमति देता है। इससे नई किस्मों को विकसित करने में लगने वाले समय और लागत में काफी कमी आती है।

जीन एडिटिंग में होने वाले परिवर्तन प्राकृतिक चयन प्रोसेस के समान हैं और इसलिए, इसे पारंपरिक रूप से नस्ल के पौधे के रूप में प्रबंधित किया जाना चाहिए। कई देशों ने जीन एडिटेड क्रॉप को रेगुलेटरी बंधन से मुक्त किया हुआ है क्योंकि ये आनुवंशिक रूप से परंपरागत रूप से पैदा की गई फसलों के समान हैं। एक कुशल विकास प्रक्रिया और न्यूनतम रेगुलेटरी खर्चे के कारण जीन एडिटिंग, प्लांट ब्रीडर्स के लिए बेहद महत्वपूर्ण बन जाता है, क्योंकि इससे वे क्षेत्रीय और विश्व स्तर पर फसलों के साथ काम करते हैं।

## अमेजन पे के साथ वाहन बीमा लेना हुआ इंस्टेंटली आसन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

क्या आप भी अपने वाहन के लिए सबसे उपयुक्त पॉलिसी चुनने की उलझन से जूझ रहे हैं? क्या आपको भी सबसे किफायती ऑफर की तलाश है? अमेजन पे ग्राहकों को सबसे उपयुक्त वाहन बीमा पॉलिसी की तलाश करने और झटपट उसका लाभ उठाने का मौका दे रहा है। एको जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी में यह प्लेटफॉर्म दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए बीमा पॉलिसियां पेश कर रहा है। अमेजन पे के साथ ग्राहक ये पॉलिसियां बिना कागजी कार्रवाई के साथ सिर्फ दो मिनट से भी कम समय में खरीद सकते हैं।

जी हां, आपने सही पढ़ा! अमेजन पे खरीदारी की एक सरल और समझने में आसान प्रक्रिया प्रदान करता है। यहां ग्राहक खास ऑफर के साथ कुछ बेहद आसान स्टेप्स में आसानी से बीमा खरीद सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राहक ऐड-ऑन की सूची से जीरो डेप्रिसिएशन, इंजन प्रोटेक्शन आदि विकल्प भी चुन सकते हैं। ग्राहक अमेजन पे बैलेंस, यूपीआई, या किसी भी सहेजे गए कार्ड का उपयोग कर आसानी से भुगतान कर सकते हैं। इसके बाद आपकी पॉलिसी सिर्फ दो मिनट से भी कम समय में आपके ईमेल इनबॉक्स में होगी। पॉलिसी की एक प्रति आपके ऑर्डर पेज से भी आसानी से डाउनलोड की जा सकती है। बीमा पॉलिसी खरीदने से लेकर दावों के निपटारे तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। एक सुविधाजनक, सुरक्षित और भरोसेमंद अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ, पूरी प्रक्रिया तनाव मुक्त इंस्टेंट क्लेम वेरिफिकेशन और कार एवं बाइक बीमा के क्लेम पर स्टेप-बाय-स्टेप अपडेट जैसे लाभों से लैस है।

इसके अलावा, यहां उपलब्ध अन्य मोटर बीमा योजनाओं के साथ ही अमेजन पे ग्राहकों के लिए ओन डैमेज (ओडी) बाइक बीमा भी उपलब्ध है। तो, न हो परेशान! क्योंकि अमेजन पे के साथ वाहन बीमा लेना हुआ एकदम आसन।

## कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण गाजियाबाद में डेवलपर्स निर्माण रोकने के लिए मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**क्रेडाई गाजियाबाद के अध्यक्ष विपुल गिरी ने कहा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के बीच निर्माण में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ी**

रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण कच्चे माल की वृद्धि जारी है। इसके कारण, महाराष्ट्र में डेवलपर्स द्वारा की गई सामूहिक पहल के बाद, गाजियाबाद के रियल एस्टेट डेवलपर्स का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था क्रेडाई गाजियाबाद, कच्चे माल की खरीद को पूरी तरह से रोकने और निर्माण कार्य को रोकने की योजना बना रही है। इन बढ़ी हुई लागतों के डर से अंततः परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता नकारात्मक होने के कारण ठप हो जाएगी। डर है इन बढ़ी हुई लागतों के डर से अंततः परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता नकारात्मक होने के कारण ठप हो जाएगी।

क्रेडाई गाजियाबाद के अध्यक्ष, श्रीविपुल गिरी ने कहा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के बीच निर्माण में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख कच्चे माल जैसे स्टील, सीमेंट की लागत बढ़ गई है। कोविड के बाद, मौजूदा संकट रियल एस्टेट डेवलपर्स पर दोहरा झटका है क्योंकि उन्हें अनुमानित समय और लागत के भीतर परियोजनाओं को वितरित करना बेहद कठिन लग रहा है। विशेष रूप से स्टील के मामले में स्थिति इतनी खराब है कि आपूर्तिकर्ता ऊंची कीमतों पर भी ऑर्डर लेने को तैयार नहीं हैं।

मार्च 2022 तक, निर्माण लागत पर पड़ने वाले प्रभाव के आंकड़े लगभग रु. 500 प्रति वर्ग फुट या उससे अधिक जो सीधे घर खरीदारों के लिए ताजा बिक्री के लिए बढ़ी हुई कीमतों तक पहुंच जाता है।

श्री विपुल गिरी ने आगे कहा, बिल्डर्स, बिना बिकी हुई इन्वेंट्री की कीमतों में वृद्धि करने के लिए स्वतंत्र हैं, परंतु वे वहीं फंस गए हैं जहां उन्होंने इन्वेंट्री को पहले से बेचा है। शायद इस स्थिति को अप्रत्याशित घटना के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और बेची गई इन्वेंट्री के लिए भी कीमतों को बढ़ाने की अनुमति दी जानी चाहिए। अन्यथा, हम रुकी हुई और अव्यवहार्य परियोजनाओं की अगली लहर को देख रहे हैं।

गाजियाबाद, दिल्ली-एनसीआर के रियल्टी डेवलपर्स के अलावा, महाराष्ट्र में क्रेडाई के सदस्य भी काम बंद करने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि इन बढ़ी हुई कीमतों पर परियोजनाओं को पूरा करना संभव नहीं है। उन्होंने बंद पड़ी परियोजनाओं को पूरा करने की समय सीमा बढ़ाने की भी मांग की है। इन मांगों को लेकर क्रेडाई महाराष्ट्र के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार और राजस्व मंत्री बाला साहेब थोरात को पत्र लिखा है।

# कालीन पर खर्च किया पैसा व्यर्थ नहीं जाता : तैमूरजादा

## सदियों से शाही घरानों के लिए भेड़ के बालों से तैयार कर रहे हैं कालीन

कविता। फरीदाबाद

**अफगानिस्तान** की राजधानी काबुल के रहने वाले मौहम्मद इशहा तैमूरजादा का परिवार सदियों से कालीन (कार्पेट) बनाने के व्यवसाय के साथ जुड़ा हुआ है। उनके द्वारा तैयार किये गए कालीन देश-विदेश में काफी पसंद किये जाते हैं। भारत में भी इन कालीनों की काफी मांग है।

मौहम्मद इशहा तैमूरजादा सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में स्टॉल नंबर 223, 224 और 225 में अपने कालीनों का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले में आने वाले दर्शक एक से बढ़कर एक सुंदर कालीनों को देखते हुए स्टॉल की तरफ खींचे चले आ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज उनके कालीनों की सराहना कर चुके हैं। तैमूरजादा बताते है कि प्राचीन काल में उनके पूर्वज राजा महाराजा और शाही घरानों के लिए कालीन तैयार किया करते थे। बचपन से ही वे अपने पिता वाहेद, दादी अब्दुल वाहद, माता यल्दा और दादा पदर को काम करते हुए देखते थे। बीबीए करने के बाद वे पुश्तैनी काम से जुड़ गए। मेहनत के बलबूते पर धीरे-धीरे उनकी कलां में निखार आने पर पुश्तैनी काम को शिखर पर पहुंचाना शुरू कर दिया।


मेले में अपने स्टॉल पर बैठे कालीन शिल्पी मोहम्मद ईशाह तैमूरजादा।

उन्होंने तुर्कीस्तान में तैमूरजादा कारपेट लिमिटेड के नाम से कालीन बनाने का कारखाना लगाया हुआ है। जहां करीब 100 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। वह भारत, यूरोप, दुबई, जर्मनी और स्पेन समेत कई देशों में माल एक्सपोर्ट करते हैं। परिवार में तीन बच्चे शामिल हैं, जिनमें बेटा यूसुफ, बेटी मरियम और हवारा शामिल है।

मौहम्मद इशहा ने बताया कि वे भेड़ की ऊन से कालीन तैयार करते हैं। एक भेड़ के बालों से करीब एक किलोग्राम ऊन निकलती है। भेड़ से ऊन निकाल कर उसे धो कर सुखाया जाता है। फिर धागा तैयार बनकर रंगा जाता है। जिसके बाद हाथों से कालीन बनाए जाते है। एक बड़े कालीन को तैयार करने में दस महीने से एक साल का समय लगता है। उन्होंने बताया कि कालीन पर खर्च किया गया पैसा कभी भी व्यर्थ नहीं जाता। क्योंकि भेड़ की ऊन से तैयार होने वाला कालीन करीब 50 से 60 सालों तक चलता रहता है। उनके पास फिलहाल 10 हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक के कालीन मौजूद है।

वह सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में भारतीय दूतावास के सहयोग से वर्ष 2009 से आ रहे हैं। यहां हर बार उन्हें काफी संख्या में कालीन और कलां के कद्रदान मिलते रहते हैं।

## हिमाचल के कलाकारों ने वैवाहिक रस्मों का किया सुंदर वर्णन

**फरीदाबाद।** अंतराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला परिसर की बड़ी चौपाल के मंच पर शनिवार को सुबह हिमाचल कांगड़ा जिला से आए सरस्वती स्वर संगम के कलाकारों ने झमकड़ा लोकनृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी।

चौपाल के मंच पर दिखाए गए हिमाचल लोकनृत्य में कांगड़ा जिला की वैवाहिक रस्मों व परंपराओं को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इसमें वधु को उबटन लगाना, तेल-सांदी लगाना, समूहत आदि को गीत संगीत के साथ बारात आगमन तक पूरी की गई। बारात आने के बाद वर-वधू पक्ष के बीच मीठी-मीठी नोंकझोक होती है। अंत में फेरे होने के बाद बेटी को विदा कर दिया जाता है।

# करोड़ों से होगा सीएचसी खेड़ीकलां की इमारत का नवीनीकरण: गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केन्द्रीय** भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा में विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं रहने दूंगा। उन्होंने कहा कि वह फरीदाबाद में चहुमुखी विकास कार्य रहे हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री शनिवार को खेड़ी कलां में सीएचसी नवीनीकरण कार्यों का किया उद्घाटन कर रहे थे।



खेड़ीकलां सीएचसी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और मंचासीन अन्य लोग।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद की जनता ने लोकसभा क्षेत्र और विधानसभा तथा एमसीएफ में बीजेपी की श्री टायर सरकार बनाकर विकास को नई गति देने का काम किया है। उन्होंने ने कहा कि एमसीएफ में शामिल सभी 24 के 24 गावों में फरीदाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा स्वच्छ पेयजल सप्लाई और सीवरेज व्यवस्था आधुनिक तकनिक से की जाएगी। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। अगले चार माह में कोई भी सड़क बिना नवीनीकरण नहीं छोड़ा जाएगा। फरीदाबाद को देश विकास के क्षेत्र में नंबर वन बनाकर ही दम लूंगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद को वडोदरा दिल्ली, जेवर एयरपोर्ट सहित चार राष्ट्रीय राजमार्गों की के साथ जोड़कर चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर करने का प्रयास किया जा रहा है। फरीदाबाद की जनता को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी तहे दिल से सरकार की तरफ से फरीदाबाद के चहुंमुखी विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि देकर साथ दिया है। इसकी बदौलत आज फरीदाबाद में हर गली मोहल्ले और चौराहों पर विकास कार्य क्रियान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद और गुरुग्राम की 30 किलोमीटर लंबी मेट्रो रेलवे लाइन की भी डीपीआर बनकर तैयार हो गई है। जल्द ही इस मेट्रो के कार्य का भी शुभारंभ किया जाएगा।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर आज फरीदाबाद को विकास के क्षेत्र में रोल मॉडल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने फरीदाबाद की सूरत बदली है। आज बेटियों के पढ़ने के लिए स्कूल, आरएमसी सड़क ,सीवर और नहरपार के लिए नए पुल बनाने सहित के विकास कराने में नंबर एक है। मंत्री गुर्जर ने कहा पूर्व की सरकारों में जनप्रतिनिधियों की नीयत साफ नही थी। उन्होंने कहा कि पिछले 40 साल में फरीदाबाद में इतने विकास कार्य नहीं हुए जीतने की गत 7 सालों में हुए हैं। इसके लिए, फरीदाबाद की जनता भलीभांति परिचित है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि फरीदाबाद का चहुमुखी विकास करवाना मेरा परम कर्तव्य है।

## लापरवाही: सीवर के खुले ढक्कन दे रहे हैं हादसों को न्योता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** की सड़कों पर यदि आप चल रहें हैं तो जरा संभलकर चलिए, क्योंकि यहां सड़कों के बीचों बीच खुले सीवर के ढक्कनों से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। यह हाल केवल एक सड़क का नहीं बल्कि शहर अधिकतर सड़कों का है। हादसों को न्योता देती यह सड़कें प्रतिदिन हजारों कदमों की गड़गड़ाहट की गवाह बनती हैं। इसके बावजूद निगम सोया हुआ है।

स्मार्ट सिटी की हालत यह है कि सड़कों पर से सीवर के ढक्कन तक गायब हैं। यह कभी भी किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती हैं। मुमकिन है कि निगम की इस अव्यवस्था के कारण किसी की जान तक चली जाए, निगम का यह रवैया उसकी लापरवाही को ही दर्शाता है। खुला सीवर होने के कारण इसके आसपास रहने वाले लोगों को बदबू और मच्छरों से भी जूझना पडता है। साथ ही खेल खेल में छोटे बच्चों के सीवर में गिरने का डर भी अक्सर बना रहता है।


बल्लभगढ़ पुल के निकट सीवरेज का गड्ढा बिना ढक्कन के

एक राहगीर का कहना था कि खुले सीवर की यह समस्या काफी लंबे समय से है, और इसके खुले होने के कारण रात के समय यहां से गुज़रते वक्त हादसे का डर लगा रहता है।

साथ ही कुछ अन्य लोगों ने भी कहा कि प्रशासन को सीवर पर ढक्कन ना होने की जानकारी है। इसके बावजूद प्रशासन काम ना करने की अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा। यही वजह है कि समस्या इतने लंबे समय से लगातार बनी हुई है। अगर इस पर निगम द्वारा तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में किसी की जान चली जाए तो अचंभा नहीं होगा।

# जी जेस्ट के शो : बंगाली संस्कृति का अनुभव करें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महाराष्ट्र** की मिट्टी की खुशबू संजोए मस्त महाराष्ट्र के सफल सीजन के बाद जी जेस्ट देश के दुर्लभ रत्नों को लोगों तक पहुंचाने की अपनी कोशिश जारी रखते हुए, अब पश्चिम बंगाल का रुख कर रहा है। दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तैयार, जी जेस्ट ने अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती के साथ शोनार बंगाल नामक एक नया शो लॉन्च किया है। जिसमें सुमोना अनसुनी कहानियों और नए अनुभवों को आप तक लाने के लिए बंगाल की यात्रा करेंगी। 10 भागों में बने इस ट्रैवलॉग के जरिए, वे दर्शकों को बंगाल के विविध सांस्कृतिक स्थलों, साहित्य, कला, संगीत और लोगों से मिलाएंगी ताकि लोग अक्सर कोरबो कहें बिना ना रह सकें। शोनार बंगाल को, 30 मार्च 2022 से हर बुधवार रात 8 बजे से जी जेस्ट पर और जी बांग्ला पर, 3 अप्रैल 2022 से प्रत्येक रविवार को सुबह 11.30 बजे देख सकते हैं। बंगाल प्राकृतिक खूबसूरती के साथ ही विभिन्न संस्कृतियों, खान-पान से जुड़ी रोचक कहानियों, कला के रूपों और जनजातियों का एक अद्भुत संगम है, जिसमें यहूदी और यूरोपीय जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव भी शामिल हैं, जो एक साथ मिलकर इस प्रदेश की संस्कृति और जीवन शैली को और खूबसूरत बनाते हैं।

शो की होस्ट सुमोना चक्रवर्ती पूरे पश्चिम बंगाल की सैर करते हुए यहाँ के छुपे हुए रत्नों को खोजने की कोशिश करेंगी; जैसे भारत में काली चाय और टॉय ट्रेन के लिए प्रसिद्ध- दार्जिलिंग, द सिटी ऑफ जॉय- कोलकाता, साथ ही पद्मा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदी के संगम पर स्थित लोकप्रिय टाइगर रिजर्व और मैंग्रोव क्षेत्र-सुंदरबन आदि। बंगाल के प्रसिद्ध शहरों, कस्बों और गांवों तक पहुंचकर वे अपनी यात्रा में हर कदम पर नए अनुभव और पश्चिम बंगाल के नए रंगों को दर्शकों तक पहुंचाएंगी। अपने 10 एपिसोड में यह ट्रेवलॉग दर्शकों को बंगाल टाइगर की सरजमीं पर खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों, इतिहास और लोगों की कहानियों के साथ ही साहित्य, संस्कृति, वास्तुकला, त्योहारों, धर्मों और व्यंजनों (फूड/भोजन) से जुड़े अनछुए पहलुओं से दर्शकों को रूबरू कराएगा। पश्चिम बंगाल अपने टेक्सटाइल और साड़ियों के लिए भी मशहूर हैं; जैसे मुर्शिदाबाद सिल्क साड़ी और पारंपरिक कांथा वर्क साड़ी। शो के दौरान आपको सुमोना इन खूबसूरत साड़ियों में सजती हुई भी नजर आएंगी।




# भारत का स्वाद : क्राफ्टिंग आर्टिसनल चीज का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एक्सेस** लाइवलीहुड और केसे चीज के सहयोग से सहजीवन (पाश्चात्यवाद केंद्र) 30 मार्च, 2022 को अहमदाबाद के नोवोटेल होटल में ए स्वाद ऑफ पेस्टरल इंडिया क्राफ्टिंग आर्टिसनल चीज की मेजबानी करेगा। पशुधन क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत का योगदान देता है और 8 प्रतिशत श्रम शक्ति को रोजगार देता है। इसमें देहाती और गैर-देहाती आबादी दोनों शामिल हैं। इसलिए, न तो पशु संख्या पर डेटा और न ही आर्थिक योगदान पर पशुचारण के संदर्भ में अलग किया जाता है।

पशुपालकों और कारीगर चीज़ की आकर्षक यात्रा पर क्यूरेटेड चर्चा में शामिल होने के लिए उद्योग विशेषज्ञों के साथ एक दिन का सत्र स्वस्थ खाद्य पदार्थों की मांग की दिशा में वर्तमान प्रवृत्ति में इसकी संभावित भूमिका की खोज करता है। यह कार्यक्रम कारीगर चीज़ के विभिन्न रूपों के अनन्य मूल्य को साझा करने पर टिका है। पशुचारण संगठित झुंड आंदोलनों पर केंद्रित है, खाद्य और जल सुरक्षा में योगदान देता है, लचीला आजीविका और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करता है, और पर्यावरण सेवाएं प्रदान करता है। देहाती परिवारों की आजीविका में दूध केंद्रीय है। इसकी पोषण, सामाजिक और आर्थिक भूमिकाएँ अपार हैं। बाजार की गतिशीलता में पशुपालकों का एकीकरण समय की मांग है। जैसे-जैसे चरवाहे बदलते परिवेश को नेविगेट करते हैं, अनिश्चितताओं से निपटने और आजीविका प्रदान करने के लिए बाजार में नवीन जुड़ाव आवश्यक है।

स्वदेशी दूध अधिशेष के साथ, टेरोइर प्रेरित चीज़ बनाने के माध्यम से देहाती आजीविका को बढ़ाने के लिए एक अनूठा अवसर उपलब्ध है। जनवरी 2022 से, केस चीज ने चीज़ बनाने में देहाती समुदाय को प्रशिक्षित करने के लिए सीएफपी के साथ भागीदारी की है और सौराष्ट्र में बकरी और भेड़ के पनीर और राजस्थान में ऊंट पनीर का उत्पादन स्थापित किया है। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ मनोज मिश्रा, निदेशक (सहजीवन) और एक्सेस - लाइवहुड - सीएफपी ने कहा कि, 'देहाती समुदाय कई प्रकार के कारीगर उप-उत्पादों का उत्पादन करते हैं। आश्चर्य नहीं कि भारत में उपभोग किए जाने वाले उच्च मूल्य वाले केस चीज का बड़ा हिस्सा, जैसे कि फेटा, आयात किया जाता है और भेड़, बकरी और ऊंट के दूध का पनीर काफी हद तक बेरोजगार रहता है। समान रूप से, भारतीय चरवाहों द्वारा उत्पादित मावा (मोटा गाढ़ा दूध) और पेड़ा (मावा से बने) जैसी मिठाइयों के अलावा, चुरपी (कालिम्पोंग) और कलारी (कश्मीर) जैसे स्थानीय कारीगरों की एक विस्तृत श्रृंखला के विपणन के कुछ प्रयास किए गए हैं।' पेट्र स्टोर के मालिक, वेलनेस, फूड और फिटनेस के प्रति उत्साही, न्यूट्रिशनिस्ट, डॉक्टर और डायबेटोलॉजिस्ट से लेकर भारत भर के विशेषज्ञों के विविध समूह शामिल होंगे।

# जम्मू-कश्मीर बना अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का सिरमौर

## मेला परिसर में दिखाई दे रही है कश्मीर की खूबसूरती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** के सिर का ताज, इस धरती की शान और देश का गौरव कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर ने 35वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में अपनी समृद्धि लोक परंपराओं की बहार लाकर इस मेले को और भी खूबसूरत बना दिया है। खूबसूरती का अंदाज सीखना है तो हमें कश्मीर ही सिखा सकता है। मेला के मुख्य द्वार के बाद थोड़ी ही दूरी पर हमें कश्मीर के दर्शन होने लगते हैं।

यहां मुख्य सड़क के दाईं ओर एक कश्मीरी वास्तुकला को दर्शाता मकान बनाया गया है, जिसमें हम मिट्टी का लीपा हुआ चूल्हा, दस्तरखान, बिस्तर, पिंजराकारी, फर्श, भोजनशैली, वास्तुकला, बिछे हुए मसंद, पुराने बर्तनों को देखते हैं। इसी मकान के अंदर जीना लगाकर इसे दो मंजिला आकार दिया गया है। ऊपर भी आराम के लिए बिस्तर बिछाया गया है। मकान के साथ ही एडवेंचर्स गेम्स का सामान, स्कीईंग, जूते, टेंट, रस्सी, हेलमेट आदि को दर्शाया गया है, ताकि लोग कश्मीर आएं और माउंटेरिंग खेलों का आनंद उठाएं। मेला सड़क के दाईं ओर कश्मीर की डल लेक में तैरता हुआ शिकारा अनुकृति के रूप में विद्यमान है। जोकि जम्मू कश्मीर के हस्तशिल्प व पर्यटन विभाग का कार्यालय भी है। इसी कार्यालय में मुलाकात होती है जेएंडके आर्ट एंड क्राफ्ट की चीफ डिजाइनर आमीना जी से। बेहद सुशिक्षित व विनम्र आमीना हस्त शिल्प की कला को सुंदर-सुंदर डिजाइन से सजाती हैं। एक सफल डिजाइनर होने के अलावा स्वभाव से बेहद सौम्य आमीना ने बताया कि पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स दिल्ली, हरियाणा पर्यटन विभाग, सूरजकुंड मेला प्राधिकरण और विशेष रूप से मेला अधिकारी राजेश जून की वो शुक्रगुजार हैं। जिन्होंने जम्मू-कश्मीर को मेले का स्टेट थीम तो बनाया ही, साथ में उनकी पूरी टीम को अपना सहयोग दिया है। वे और उनकी टीम के सदस्य यहां आकर प्रसन्न हैं व किसी प्रकार की तकलीफ नहीं है। आमीना ने बताया कि इस मेले में कश्मीर के तीन द्वार बनाए गए हैं। इनमें पहले गेट का नाम मुबारक मंडी है। यह मूलत: जम्मू में है और डोगरा शासनकाल में इसे बनाया गया था। इसके बाद एक वाछा गेट है। वाछा श्रीनगर के समीप रैनावारी में है और इसे बादशाह अकबर ने बनवाया था। इसी प्रकार तीसरा चश्माशाही द्वार भी पर्यटकों को श्रीनगर की याद दिलाता है। जम्मू कश्मीर में शंकराचार्य के मंदिरों की प्रतिकृति भी यहां दर्शाई गई है। आमीना ने बताया कि भारत सरकार ने कश्मीर की पश्मीना शॉल को जीआई का टैग दिया है, जोकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानक है। इस शॉल को बनाने में पूरी तरह से हाथ की कारीगरी की जाती है, कहीं भी मशीन का इस्तेमाल नहीं होता।


सूरजकुंड क्राफ्ट मेला परिसर में बना कश्मीरी वस्तुकला का दर्शाता घर।

मेला परिसर की बड़ी चौपाल के समीप कश्मीर के कारीगर पर्यटकों के सामने ही अपने हाथ से कढ़ाई, कातने की कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ आए मौहम्मद शौएब ने बताया कि जम्मू-कश्मीर से दो सौ शिल्पकारों, कलाकारों, कर्मचारी व अधिकारियों का दल सूरजकुंड मेला में आया है। इनके पास एक से बढ़कर एक कारीगरी के नमूने हैं। गत वर्ष 2000 के बाद यह दूसरा अवसर है, जब जम्मू-कश्मीर को मेले का सिरमौर राज्य बनाया गया है।

# सूरजकुंड मेले में एसेस टू जस्टिस रंगोली सजाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पैतीसवें** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स मेले में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कम सचिव डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी फरीदाबाद मंगलेश कुमार चौबे के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच-तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा के निर्देश में हरियाणा लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के स्टॉल पर जस्टिस फार ऑल विषय पर रंगोली सजा कर मेले देखने वाले और भ्रमण करने वाले सभी जनों को न्याय सभी के लिए का संदेश दिया।


सूरजकुंड क्राफ्ट मेले स्थित डालसा के स्टॉल के पास एनएचतीन के सरकारी स्कूल की छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की सदस्य छात्राएं शिक्षा विभाग, फरीदाबाद प्रशासन एवं लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के दिशानिर्देश में विभिन्न अवसरों पर आकर्षक रंगोली सजा कर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। विद्यालय परिवार उन सभी छात्राओं और अध्यापकों का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत कर आभार व्यक्त करता हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि गत वर्षो से विद्यालय की छात्राएं सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स मेले में विधि साक्षरता स्टॉल पर तथा शिक्षा विभाग के स्टॉल पर रंगोली बना कर दूसरों को जागरूक कर रहे हैं। रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय की गतिविधि कॉर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर, अध्यापिका ममता, अध्यापिका ऋतु तथा अध्यापिका वनिता ने धन्यवाद प्रकट किया।

# संक्षिप्त समाचार

## नेशनल क्रास कंट्री चैम्पियनशिप में लड़कियां रनर अप



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 56वीं नेशनल क्रास कंट्री चैम्पियनशिप का आयोजन 26 मार्च 2022 को (नागालैंड) कोहिमा में किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित कुमार भनोट के द्वारा किया गया। 20 साल आयु वर्ग लड़की में हरियाणा की वर्षा ( करनाल), ज्योति ( पंचकुला), मधु (जींद) और सोम्या (जींद) ने रजत पदक विजेता बनकर हरियाणा राज्य की टीम को रनर अप अथवा दूसरा स्थान दिलाया। इस वर्ग में महाराष्ट्र को विनर घोषित किया गया। राजकुमार मिटान ने बताया कि 16 साल आयु वर्ग लडका में हरियाणा के अमन कुमार (झज्जर) ने प्रतियोगिता के पहले इवेंट 2 किलोमीटर दौड में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा राज्य को दिया। प्रियांशु उत्तराखंड ने रजत पदक और हरीश मल्लू आंध्रप्रदेश ने कांस्य पदक जीता। हिना (भिवानी) ने लड़की वर्ग 2 किलोमीटर दौड में कांस्य पदक जीता। बसंती कुमारी (तमिलनाडु) ने स्वर्ण पदक और प्रनाथी (कर्नाटक) ने रजत पदक जीता। हरियाणा टीम का मैनेजर राजू कनोह और टीम कोच सोहन सिंह को नियुक्त किया गया था। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और ऐलानाबाद विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू और महासचिव राजकुमार मिटान ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

## नेशनल चैंपियनशिप में चयन होने पर बच्चों को बधाई दी

**बल्लभगढ़।** प्रदेश के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने दिल्ली में गत दिसंबर में आयोजित हुई ताइक्कांडो नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल और ब्रॉन्ज मेडल जितने वाले 2 छात्रों का दिल्ली ओलंपिक खेलों के लिए चयन होने पर बच्चों को बधाई दी। उन्होंने इसके अलावा बल्लभगढ़ की हिमांशी द्वारा शूटिंग में 10 मीटर पिस्टल गेम में सिल्वर मेडल लेने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। आपको बता दें कि ताई कमांडो में बल्लभगढ़ के नैतिक अग्रवाल ने गोल्ड मेडल लिया है। वहीं विशु कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल लिया है। इसके अलावा 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में हिमांशी ने सिल्वर मेडल और यंग बिल्डर्स चैलेंज में बल्लभगढ़ के ही छात्र नितेश ने टॉप 100 में जगह बनाकर अपने परिवार, बल्लभगढ़ शहर और अपने जिला का नाम देशभर में ऊंचा किया है। इस मौके पर स्कूल की संस्था के चेयरमैन महेंद्र बोहरा, मैनेजर विजय शर्मा, प्रिंसिपल योगेश सिंह, प्राइमरी हेड मोनिका शर्मा भी मौजूद रहे।

## आनुवंशिक नहीं है मिर्गी रोग: डॉ. रहमान

**फरीदाबाद।** मिर्गी जागरूकता दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग के एचओडी एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. नजीब उर रहमान ने कहा कि ज्यादातर लोगों में भ्रम होता है कि मिर्गी रोग आनुवंशिक है, जबकि ऐसा नहीं है। अपवाद के तौर पर सिर्फ एक प्रतिशत लोगों में ही यह रोग आनुवंशिक हो सकता है। हमारे अस्पताल की न्यूरोलॉजी ओपीडी में एक महीने में दौरा पड़ने के 6-7 नए मरीज आ जाते हैं। हमारे देश में न्यूरोसिस्टिसरकोसिस दौरे पड़ने का सबसे आम कारण माना जाता है। इसके कारण होने वाले बहुत सारे मामले देखने को मिलते हैं।

## राजस्थानी घूमर ने दर्शकों का मन मोहा



**फरीदाबाद।** राजस्थान के कलाकारों ने आज प्रमुख मंच पर घूमर की मनोहारी प्रस्तुति दी। बड़ी चौपाल पर आज जब घूमर के कलाकार सधे सुर से गाते हुए आए तो एकबारगी तो श्रोता उनकी स्वरलहरियों को सुनकर झूम उठे। कासिम खान, महबूब खान व उनकी टीम के कलाकारों ने ओ लाडली घूमर में रमया री ओ सां...नाचवा नै गई सां, बाजूबंद भूल आई हो..आदि गीत काफी कर्णप्रिय गीत थे, जिन पर एक साथ मिलाकर नृत्य किया जा रहा था। यह राजस्थान के पौराणिक नृत्यों में से एक है। कासिम खान ने बताया कि राजा जब युद्ध जीतकर आते थे तो उस समय ये घूमर किया जाता था।

## 'आपणा घर' में सेल्फी प्वाईंट्स बने आकर्षण का केन्द्र

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला के विरासत द्वारा तैयार किए गए 'आपणा घर' में सेल्फी प्वाईंट्स पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। यहां पर पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रहा है। यह जानकारी मेला प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी विरासत की ओर से 'आपणा घर' को हरियाणवी लोक पारम्परिक स्वरूप में तैयार किया गया है। 'आपणा घर' के बाहर हरियाणवी पगड़ी का पंडाल पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ, पगड़ी बंधाओ, पगड़ी ले जाओ पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है। इसके साथ ही हरियाणवी चौपाल का दृश्य जिसमें बड़े पिलिंग पर एक ताऊ हुक्का पी रहा है तथा उसके पगड़ी में छोटा बच्चा बैठा हुआ है विशेष तौर पर पर्यटकों के लिए कौतूहल बना हुआ है।

## बंदियों को हुनर सिखाने से जगी उम्मीद

**फरीदाबाद।** हरियाणा एवं पंजाब उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ऑगेस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा है कि जिलास्तर पर कानूनी जागरूकता के प्रसार में विधिक सेवाएं प्राधिकरण अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बंदियों के द्वारा बनाए जा रहे सुंदर उत्पादों की सराहना की। उनके साथ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल भी उपस्थित रहे। चंडीगढ़ हाईकोर्ट से आए न्यायाधीश ऑगेस्टीन जॉर्ज मसीह ने आज सूरजकुंड मेला परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने यहां रखी कानून प्रचार सामग्री व स्टाईड पर दिखाई जा रही वीडियो फिल्मों को देखा। फरीदाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर ने उन्हें बताया कि यहां आम नागरिकों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं भी आ रहे हैं। जिनको कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाती है। सेशन जज के साथ हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने जेल की स्टॉल का भी निरीक्षण किया। एजी मसीह व प्रमोद गोयल के साथ एसीजेएम तैय्यब हुसैन, सीजेएम संदीप चौहान, डीएलएसए से सचिव व सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे, सीजेएम हालसा कविता कांबोज, पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, अर्चना गोयल, शिव कुमार भी उपस्थित रहे।

## नेत्रहीन दिव्यांगों के बनाए उत्पाद देख दर्शक हुए दंग

**फरीदाबाद।** नैब इंडिया सेंटर फॉर ब्लाईंड वूमेन एंड डिसेबिलिटिज स्टडीज नामक संस्था का उज्ज्वल नामक स्टॉल अत्यंत दर्शनीय है। हौजखास दिल्ली की यह संस्था नेत्रहीन दिव्यांगों से ऐसी कलाकृतियां बनवा रही है, जोकि अत्यंत सुंदर हैं। खास बात यह है कि यह आईटम बेकार कागजों को सिसाईकल करके बनाया जा रहा है। मेला में 1024 नंबर स्टॉल पर खड़ी संस्था की चेयरपर्सन शालिनी खन्ना बताती हैं कि बेकार कागजों से यह डिजाइनर पोटली, कोस्टर बॉक्स, मल्टीपर्पज बॉक्स, पेपर-ट्रे, चार्मस, ईयर रिंग्स, ब्रेसलेट की चैन आदि बनाते हैं।

## मथुरा का शाही मस्जिद ईदगाह भूमि विवाद

# सुनवाई स्थगित करने की मांग पर लगाया जुर्माना

**मथुरा।** मथुरा की एक अदालत ने ठाकुर केशव देव महराज बनाम शाही मस्जिद ईदगाह इंतजामिया कमेटी के वाद में सुनवाई स्थगित करने की मांग के लिए याचिकाकर्ताओं पर जुर्माना लगाया है।

सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजय गौर ने शनिवार को बताया कि सिविल जज सीनियर डिवीजन ज्योति सिंह ने शुक्रवार को स्थगन की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं पर दो सौ पचास रुपए का जुर्माना लगाया है तथा अगली सुनवाई के लिए आगामी 19 अप्रैल की तिथि मुकर्र की है। अदालत ने शुक्रवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता तनवीर अहमद द्वारा मुकदमे की सुनवाई का अधिकार क्षेत्र तय करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 7।11 के तहत पेश की गई दलीलें सुनने के बाद यह जुर्माना लगाया। ।चिकाकर्ता सह अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह के लिखित अनुरोध पर स्थगन के लिए अदालत ने याचिकाकर्ता को 250 रुपए के जुर्माने के साथ 19 अप्रैल के लिए स्थगन की अनुमति दी। इस याचिका में कहा गया था कि शाही ईदगाह ठाकुर केशवदेव महाराज कटरा केशव देव की 13.37 एकड़ भूमि पर बनाई गई है तथा श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं शाही ईदगाह मैनेजमेंट कमेटी के बीच हुआ समझौता पूरी तरह से गलत है, क्योंकि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान उक्त सम्पत्ति का मालिक ही नहीं है। इसलिए उसे इस प्रकार का कोई भी समझौता किसी के साथ करने का वैधानिक अधिकार ही नहीं है। इस आधार पर उक्त डिक्री को खारिज कर उक्त भूमि उसके वास्तविक मालिक श्रीकृष्ण जन्भभूमि ट्रस्ट को सौंप दी जानी चाहिए। इस मामले में उन्होंने शाही ईदगाह मैनेजमेंट कमेटी के सचिव, उप्र सुन्नी सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन, श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट एवं श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान को प्रतिवादी बनाया था।



## प्राइवेट लाइनमैन का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**गाजीपुर।** जनपद के थाना कासिमाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मड़ई में एक युवक राजेश चौहान उम्र लगभग 35 वर्ष का शव एक महिला के घर के सामने मिलने से सनसनी फैल गई। कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के मढ़ई गांव निवासी प्राइवेट लाइनमैन राजेश चौहान ;42द्ध का शव मृतक के घर 1 किमी दूर खजुरगांव मठिया के एक महिला की झोपड़ी में मिला। मृतक के चेहरे को धारदार हथियार और ईंट पथ्थर से कूचा गया था। सूचना पर मौके पर एसपी रामबदन सिंह पहुँचकर जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।फोरेंसिक विभाग की टीम ने घटना स्थल पर जांच की व सेंपल इकठ्ठा किया। घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं है। मृतक पृथ्वीपुर बिजली विभाग के प्राइवेट लाइनमैन का कार्य करता था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राम बदन सिंह ने कहा कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति का मृत शव मिला पड़ा है वह भी दूसरे गांव के एक महिला के घर के झोपड़ी में मिला है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

**जन जागरूकता और ब्याख्यान**

गाजीपुर। जनपद में शनिवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर स्वयं सेवकों द्वारा जल. संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## कृषि उपकरण को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

# एक की मौत, दो लोग गंभीर

**बिजनौर।** यहां के एक गांव में खेत समतल करने वाले कृषि उपकरण को लेकर दो पक्षों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में 60 वर्षीय एक बुजुर्ग की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि उसके दो बेटों को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेरठ अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि शनिवार को बिजनौर कोतवाली के गांव स्वाहेडी में रामबहादुर के पुत्र पिंकू,विपुल और नवनीत किसी उपकरण से अपना खेत समतल कर रहे थे, तभी देवेन्द्र(60) और उसके पुत्र मोहित व अतुल ने वहां आकर उनपर उपकरण चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए उनसे इसे वापस मांगा। उन्होंने बताया कि इस पर कहासुनी के बाद रामबहादुर के पुत्रों पिंकू,विपुल और नवनीत ने देवेंद्र और उनके बेटों पर चाकू और अवैध तमंचे से हमला कर दिया। देवेन्द्र की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोहित,अतुल और वंश को जिला अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि हालत गंभीर होने पर मोहित और अतुल को उपचार के लिए मेरठ अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रासुका (एनएसए) समेत अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्वाई की जाएगी।

**ट्रांसफार्मर मरम्मत वर्कशाप में लगी आग :** गाजीपुर। जनपद के रौजा उपकेंद्र स्थित ट्रांसफार्मर मरम्?मत वर्कशाप में अचानल आग लग गई। आग लगने से लाखों की क्षति बतायी जा रही है। इस संदर्भ में वर्कशाप के एसडीओ ने बताया कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है।

## नशे में धुत युवक ने गांधी की प्रतिमा तोड़ी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही शहर स्थित कोतवाली इलाके के इंदिरा मिल चौराहे पर लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा को कथित तौर पर शराब के नशे में धुत एक युवक द्वारा शनिवार को तोड़े जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि एक युवक बाइक से आया और चौराहे पर अपनी बाइक खड़ा कर वहां काफी देर तक अजीबोगरीब हरकत करता रहा, फिर उसने आठ 2398ीट की ऊंचाई पर लगी बापू (महात्मा गांधी) की प्रतिमा को हिलाकर नीचे गिरा दिया, जिससे संगमरमर की प्रतिमा टूट गई। उन्होंने कहा कि प्रतिमा टूटने के बाद युवक अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया। जिलाधिकारी ने बताया कि युवक शराब के नशे में था। उन्होंने कहा कि बापू की एक दूसरी नई प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस वक्त युवक ने प्रतिमा तोड़ी उस व2392्त वहां पुलिस पिकेट सहित सैकड़ों की भीड़ तमाशबीन बनकर देखती रही, पुलिस या किसी ने भी युवक को वहां से हटाने या रोकने का प्रयास नहीं किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लगभग दस बजे बाइक से आए एक युवक ने चौक के अंदर और वहां बनी सीढ़ी पर बैठकर एक घंटे हंगामा किया और इसके बाद बापू की प्रतिमा के गले में डाली गई माला को उतार कर फेंक दिया। उसने फिर प्रतिमा को हिला-हिलाकर उखाड़ता नजर आया। कुछ समय बाद वह प्रतिमा सहित खुद नीचे गिर गया और वहां से भाग गया।इसकी खबर शहर कुछ समय बाद वह प्रतिमा सहित खुद नीचे गिर गया और वहां से भाग गया।इसकी खबर शहर में फैलते ही आम लोगों सहित कांग्रेस कार्यकर्ता चौक पर धरना प्रदर्शन करने लगे, जिससे माहौल बिगड़ता देख, भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारीयों ने लोगों को शांत कराया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार दूबे ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कार्वाई की मांग की है। भदोही पुलिस अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान जिले के चौरी क्षेत्र के सुभाष चौहान के रूप में हुई है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है, लेकिन फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने बताया कि शाम तक नई प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी।

## एक अप्रैल से होगी गेंहू खरीद बनाए गए केन्द्र

**संवाददाता।** सीतापुर

**आयुक्त,** खाद्य तथा रसद विभाग, उ. प्र. जवाहर भवन, लखनऊ के द्वारा रबी विपणन वर्ष 2022-23 हेतु मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूँ क्रय व्यवस्था सम्बन्धी समय-सारिणी निर्गत की गयी है। जनपद मे गेहूँ खरीद 01 अप्रैल 2022 से प्रारम्भ हो रही है। वर्तमान क्रय वर्ष में शासन द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू. 2015/- प्रति कु0 निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में गेहूँ खरीद की तैयारियो की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद की तैयारियो के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की एवं समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सत्यापन से संबंधित समस्त कार्यो कों समयबद्धता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाये। साथ ही सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों के कार्यो की नियमित रूप से समीक्षा एवं जांच करें एवं गडबड़ी करने वालो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाये। जिलाधिकारी श्री भारद्वाज ने सभी क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश दिये की सभी क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, उपकरण एवं बोरों को पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गेहूं खरीद बहुत ही संवेदनशील है। उन्होनें कहा कि शिकायत प्राप्त होनें पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के क्रय केंद्रों का निरीक्षण अवश्य करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम भरत तिवारी , अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) हरिशंकर लाल शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अरविन्द कुमार दुबे सहित संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं विभिन्न क्रय एजेन्सियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर चलाये गये अभियान के तहत जनपद के अलग-अलग थानों की पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्यवाही की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी एक, मलवा एक, हुसैनगंज दो, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी तीन, कल्यानपुर दो, जाफरगंज तीन, ललौली चार, गाजीपुर दो, चॉदपुर एक तथा थरियांव थानाध्यक्ष ने सात लोगों के विरूद्ध शांतिभंग के तहत कार्यवाही की है।

## प्राचीन मंदिर से श्रीराम लक्ष्मण व जानकी की अष्टधातु की मूर्ति चोरी

**गाजीपुर।** जनपद के सैदपुर के वार्ड छह में पक्का घाट पर बने श्रीराम लक्ष्मण जानकी के प्राचीन मंदिर से मूर्ति चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस मंदिर में श्रीकांत जायसवाल का परिवार मंदिर की सेवादारी करता रहा है। रोजाना की तर्ज पर रात्रिकालीन आरती 10 बजे मंदिर में आयोजित की गयी। उसके बाद उसके बाद जायसवाल परिवार के लोग अपने घर चले गए। सुबह जब मंदिर परिसर में श्रीकांत की मां सेवादारी के लिए पहुची तो मंदिर की मूर्तियों के इधर.उधर बिखरे कपड़े देख कर उनके होश फाख्ता हो गए। फिर मंदिर से 3 मूर्तियों के चोरी का मामला प्रकाश में आया। मंदिर में हुई चोरी के मामले में रंगनाथ जायसवाल ने तहरीर दी है। जिसके बिनाह ओर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार सीसीटीवी फुटेज को देखने से जानकारी मिली कि 25 मार्च की रात चोर करीब 1035 बजे मंदिर में प्रवेश किए और 2040 बजे तक रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिए। श्रीकांत जायसवाल ने बताया कि करीब 14 वर्ष पहले भी इस मंदिर से भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की मूर्ति चोरी हुई थी। लेकिनए कुछ वर्षों बाद बरामद हो गई थी। बाद में उन्हें कोर्ट के जरिए मूर्ति वापस मिल गयी थी। गायब हुई सीता की मूर्ति अष्टधातु की बनी हुई और बेहद प्राचीन बतायी जा रही है। गायब हुई 3 मूर्तियों में से अन्य दो मूर्तियां पीतल की बतायी जा रही है।

**मंदिर के करीब ही है पुलिस चौकी:** मंदिर के सेवादार श्रीकांत जायसवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने से जानकारी मिली कि पांच की संख्या में चोर मंदिर में चोरी के मकसद से घुसे थे। कुछ चोर हथियारों से लैस भी थे। जायसवाल ने इस बात को लेकर भी आपत्ति जतायी की आखिर पुलिस सुरक्षा को लेकर कितना गंभीर है?इस बात का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि मंदिर से बेहद कम दूरी पर पुलिस चौकी है। इसके बावजूद चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में आईपीसी की धारा 457 और 380 के तहत एफआईआर दर्ज इस मामले की विवेचना में जुट गयी है।

### सड़क हादसों में दो घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुये सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के बकंधा निवासी सहादत अली का 20 वर्षीय शादाबा अली शनिवार की सुबह बाइक से शहर आ रहा था जैसे ही वह सेन्ट जेवियर्स स्कूल के पास पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लकड़ी मथईयापुर गांव निवासी शिवचरण सिंह चौहान जो बड़ौरी गांव के पास स्थित टूल प्लाजा में नौकरी करते है। आज सुबह बाइक द्वारा वह ड्यूटी जा रहा था जब वह सरॉय के समीप पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। वही शिवचरण सिंह चौहान को नेशनल हाइवे वाहन व शादाब अली को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय में इलाज के लिये भर्ती कराया।

# आगरा में डंफर ने दो बच्चों को रौंदा, मौत

**आगरा।** आगरा-जयपुर हाईवे पर थाना अछनेरा क्षेत्र के कस्बा किरावली में स्थित लक्ष्मी गार्डन के सामने शुक्रवार रात को एक डंपर ने दो बच्चों को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में दोनों बच्चों की मौत हो गई। चालक डम्फर को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और डम्फर को कब्जे में ले लिया है। थाना अछनेरा के कस्बा किरावली की बसंत बिहार कॉलोनी निवासी आर्यन (15) और अर्चित (नौ) शुक्रवार रात को सर्विस रोड पर टहल रहे थे, तभी लक्ष्मी गार्डन के सामने तेज गति से आए डंफर ने उन्हें रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में दोनों बच्चों की मौत हो गई। इस संबंध में शनिवार को थानाध्यक्ष अछनेरा विपिन कुमार ढाका ने बताया कि दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डंफर को कब्जे में ले लिया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी:** फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जलंधरपुर मजरे गुरूवल निवासी रामदयाल निषाद पुत्र शिवबली निषाद ने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार को एक शिकायती पत्र देते हुये गॉव के ही सूरजबली निषाद व उसका पुत्र राजा एवं पत्नी गंगोत्री देवी व पुत्री कुन्ती देवी पर आरोप लगाते हुये बताया कि विगत 12 मार्च को प्रार्थी के ट्यूबेल से गांव के ही रामसहाय अपने खेत में प्लास्टिक पाइप से पानी लगाये था तभी सूरजबली का पुत्र राजा निषाद अपनी मोटरसाइकिल लेकर आया और जानबूझकर पाइप से निकाल दिया जिसके जरिये पाइप फट गया इस जब उसने विरोध किया तो राजा ने अपने पिता सूरजबली बहन कुन्ती देवी व मां गगोत्री देवी के साथ मिलकर खेत में ही उसे लाठी डण्डा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर प्रार्थी का भाई शिव दयाल निषाद बीच बचाव करने आया तो हमलावरों ने उसे भी लाठी डण्डों से पीट पीटकर घायल कर दिया जिससे दोनों भाईयों को गंभीर चोट आई है। उधर परिजन प्रार्थी व उसके भाई को लेकर थाने पहुंचे जहॉ पुलिस ने 323, 504 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक आरोपियों को नही पकड़ा जिसके चलते आरोपी उसे और उसके परिवार से समझौता नही करने पर जान से मारने की धमकियॉ लगातार दे रहे है।

## गल्ला व्यवसायी से तमंचे के बल पर लूट

**सुलतानपुर।** मोटरसाइकिल से घर से निकले गल्ला व्यवसाई को रास्ते में रोक कर बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर नगदी व मोबाइल लूट ली और सर में तमंचे के बट से वार भी किया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने बदमाशों की तलाश में छानबीन शुरू की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। पीड़ित व्यवसाई की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर निवासी रामअवतार गुप्ता गल्ला का व्यवसाय करते हैं। वह दोपहर में अपने घर से अर्जुनपुर गांव में मोटरसाइकिल से गल्ला लेने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में अर्जुनपुर नहर के पास बाइक सवार बदमाश तमंचे के बल पर उनसे पांच हजार नगद व मोबाइल छीन लिए तथा तमंचे की बट से सर पर वार भी कर दिए। पीड़ित व्यवसाई ने तत्काल पुलिस को फोन किया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की और बदमाशों की तलाश में कई जगह दबिश भी दी।

## ज्वाला देवी मंदिर का वार्षिक उत्सव

# देवी मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

### दूसरे दिन महिलाओं ने जमकर की खरीदारी, चल रही पूजा-अर्चना

**बिंदकी** फतेहपुर। सिद्ध पीठ मां ज्वाला देवी मंदिर के चार दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। दोपहर बाद से ही मेला देखने वाले लोगों की भीड़ आने लगी थी। श्रद्धालुओं ने मां देवी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और आशीर्वाद पाया। वही छोटे-छोटे बच्चों ने झूले का आनंद लिया। देर शाम होते ही पूरा मेला मैदान बिजली की जगमग रोशनी से सराबोर हो गया।

नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी स्थिति सिद्ध पीठ मां ज्वाला देवी मंदिर के चार दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई, हालांकि मां ज्वाला देवी के दरबार में पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु मां ज्वाला देवी के दरबार में माथा टेकते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। माना जाता है कि मां ज्वाला देवी के दरबार में जो 20 श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगता है। मां देवी उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं।

इसी मान्यता के अनुसार पूरे वर्ष मां ज्वाला देवी के दरबार में श्रद्धालुओं का आना बना रहता है। वही चल रहे चार दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां ज्वाला देवी के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी और प्रसाद चढ़ा कर आशीर्वाद पाया। वही दोपहर बाद से ही मेला देखने आने वाले लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। महिलाओं ने दुकानों में जमकर खरीददारी किया। खासकर कम कीमत वाले सामानों को खरीदने के लिए महिलाओं में होड़ लगी रही।

महिलाओं ने गोलगप्पे खाए। बच्चे भी मूंगफली व केला के लिए मचलते रहे। वही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गुब्बारे व बांसुरी खरीदी। उधर देर शाम होते ही पूरा मेला मैदान बिजली की जगमग रोशनी से नहा गया। मां देवी का दरबार सुंदर भव्य सजावट से जगमग आ रहा था। मां ज्वाला देवी मेला कमेटी के अध्यक्ष जितेन सिंह बबलू के अलावा उपाध्यक्ष भारत सिंह गौतम, कोषाध्यक्ष सभासद बृजेश कुमार के अलावा केशव कुमार पांडे, शिव करण सिंह चौहान, महामंत्री सीताराम कपाड़िया के अलावा मीडिया प्रभारी सोनू सैनी तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप सिंह, मान सिंह, जीतू सैनी, सिद्धार्थ सिंह चौहान, रोहित सिंह, अमित सिंह चंदेल, सोम ठाकुर, आदर्श चौहान, बृजभान सिंह सहित तमाम मेला कमेटी के लोग लगातार मेला मैदान की देखभाल कर रहे थे। वही भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस की भारी व्यवस्था की गई थी। देर शाम से संस्कृतिक कार्यक्रम चालू हुआ जो रात भर हुआ जिसको देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही।

## घायल को समझौता न करने पर अब धमका रहे दबंग

**फतेहपुर।** खागा कस्बा के मोहल्ला नई बाजार निवासी अमित गुप्ता पुत्र केशलाल उर्फ दिनेश चन्द्र गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उसके दादा राकेश कुमार व चाचा बीरेन्द्र कुमार तथा उनके लड़के अपराधी व दबंग किस्म के है। पारिवारिक रंजिश के लेकर कुछ दिन पूर्व उस पर जानलेवा हमला हुआ था जिस पर खागा पुलिस ने 330, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेजा था। उसने बताया था विगत 14 मार्च की शाम लगभग 6 बजे कोतवाली के ही उप निरीक्षक मुन्नू कुमार सिंह आरोपियों के घर पहुंचे लेकिन वह लोग नही मिले जिस पर प्रार्थिनी ने बताया कि एसआई महोदय ने उनकी दुकान का पता पूछा जिस पर वह उन्हें लेकरतिलकापुर मोड़ दुकान पहुंचा जिस पर बीरेन्द्र गुप्ता पुत्र रामसजीवन गुप्ता, लक्ष्मीकान्त पुत्र राकेश कुमार व तिलकापुर मोड़ दुकान पहुंचा जिस पर बीरेन्द्र गुप्ता पुत्र रामसजीवन गुप्ता, लक्ष्मीकान्त पुत्र राकेश कुमार व राकेश कुमार पुत्र रामसजीवन निवासीगण नई बाजार ने प्रार्थी को बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया, इसी बीच एसआई महोदय प्रार्थी को छोड़कर भाग खड़े हुये। हमलावरों की मार से प्रार्थी के शरीर में गंभीर चोंटे आई है। प्रार्थी का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। उसने बताया कि हमलावर उसे समझौता करने का दबाव बना रहे है, नही करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है।

# सुधरेंगे नहीं ये शिक्षक तो संवरेगा कैसे नौनिहालों का भविष्य!

### साढ़े नौ बजे के बाद पहुंचते हैं अध्यापक और बाट जोहते रहते हैं बच्चे, जिम्मेदारों की लापरवाही से व्यवस्था हुई बदतर

**माधौगढ़** (जालौन)। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शिक्षकों के लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहने के मामले सामने आ रहे हैं। शिक्षकों की ऐसी लापरवाही बच्चों की शिक्षण व्यवस्था पर घुन का काम कर रही है। 9 बजकर 27 मिनट तक बच्चे स्कूल में खेलते रहते हैं और अध्यापक नदारद रहते हैं। ऐसे समय जब परीक्षाएं चल रही हों, अध्यापक लापरवाही कर रहे हैं तो छात्र-छात्राओं का भविष्य कैसे सवरेंगा?

सुबह 9.27 पर सुरपतिपुरा गांव के कंपोजिट विद्यालय में तैनात 5 अध्यापकों में से कोई भी नहीं था। 9:27 पर हेड मास्टर महेश कुमार विद्यालय के गेट पर आते हैं। जबकि सहायक अध्यापक संतोषी भी विद्यालय समय के बाद पहुंचती है। हालांकि 2 सहायक अध्यापक ध्रुवनारायण, हृदयेश राजपूत व शिक्षा मित्र विशम्भरसिंह बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी पर है लेकिन दो अध्यापक स्कूल में पढ़ाई के लिए हैं। उसके बावजूद समय पर स्कूल नहीं पहुंचते। स्कूल के पास बैठे ग्रामीणों ने बताया कि मास्टर साहब कभी समय से स्कूल नहीं आते। बल्कि बच्चे भी इस बात को ऑन कैमरा कहने से नहीं चूके। इससे यह तो तय है कि अध्यापकों का यह रवैया बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा है। लेटलतीफी का




अध्यापक महेश सिंह से कारण पूछा तो उन्होंने बाजार से सब्जी लेना बताया।

**कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह आज:** जालौन (उरई)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में 27 मार्च 22 रविवार को दोपहर 12 बजे चन्दा छाया गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें होली मिलन के साथ ही समाज के उत्थान पर भी चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देकर समाज के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

**जिला बार संघ की कार्यकारिणी में सदस्य बनने पर किया स्वागत:** कोंच(जालौन)। गत रोज सम्पन्न हुए जिला बार संघ के चुनाव में कार्यकारिणी में कनिष्ठ सदस्य के रूप में स्थान पाने वाले कोंच नगर के अधिवक्ता विश्वदीप राव का शनिवार को तहसील मुख्यालय परिसर स्थित विजय बारहदरी में अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वगत किया और उनका मुंह मीठा कराया।कोंच बार संघ अध्यक्ष संजीव तिवारी की अगुवाई में एकत्रित अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला कार्यकारिणी में विश्वदीप राव के शामिल होने से कोंच के अधिवक्ताओं का मान बढ़ा है और जिला स्तर पर स्थानीय अधिवक्ताओं से जुड़े मामले प्रमुखता से रखने में आसानी हो सकेगी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष हल्के सिंह बघेल, अम्बरीश रस्तोगी, विशम्भर जाटव, योगेन्द्र अरुसिया, उदयवीर अहिरवार, मनोज दूरबार, रामबाबू, रमेशचंद्र गौतम, दिनेश तिवारी, जीवनलाल अशोक, केदारी पाठक, रामहरि कुशवाहा, मलखान निरंजन, कुलदीप निरंजन, महेंद्र श्रीवास्तव, रामकुमार खरे, सुरेन्द्र शर्मा, मंजर विशाल, संतोष नायक आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चोली दामन का साथ

खाकी को अलविदा कहकर खादी को धारण करने वाले बड़े साहब कहने को तो अब मंत्री बन चुके हैं लेकिन खाकी और उनका चोली-दामन का साथ रहा है। शायद यही वजह है कि अपने से वरिष्ठ अधिकारी के सामने पड़ने पर प्रोटोकाल के तहत उसे सैल्यूट करने की उनकी आदत अभी छूट नहीं पाई है। दरअसल हुआ यह कि सुगंध की धरती से अपने सियासी कैरियर की शुरुआत करने वाले बड़े साहब को चुनाव जीतने के बाद भगवा सरकार में मंत्री का ओहदा मिला है। अपनी इसी खुशी को बांटने के लिए नए नवेले मंत्री जी पहुंच गए खाकी महकमे के मुख्यालय। उन्होंने सबसे पहले महकमे के मुखिया से मिलने का इरादा किया। मुखिया को जैसे ही पता चला कि वह आए हैं उन्होंने तुरंत उन्हें बुलवा भेजा। कमरे के अंदर पहुंचते ही जैसे ही मुखिया को सामने देखा अपनी आदत के अनुसार उन्होंने तुरंत सैल्यूट किया। मुखिया ने तुरंत उन्हें मना किया और कहा कि अब वह खुद एक माननीय हैं उनके मातहत नहीं। फिर मुखिया ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए उच्चवल भविष्य की कामना की।



## चोरों ने बजा रखी बैंड

शहर की सफाई का जिम्मा संभालने वाले महकमे के छोटे साहब सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करवाने में जुटे हुए हैं। उनकी सख्ती के बाद सफाई कर्मी कोई न कोई बहाना बनाकर ड्यूटी से नदारत हो जाते हैं। जिसके बाद छोटे साहब उनका वेतन काटने में तनिक भी देर नहीं करते। सफाई कार्य को लेकर काफी सख्त छोटे साहब पर डीजल व पेट्रोल चोर लगातार भारी पड़ रहे हैं। आलम यह है कि बीते एक साल से लगातार छोटे साहब चोरों के इस रैकेट को क्रैक करने की फिराक में हैं लेकिन तेल चोर हैं कि उनकी व महकमे की बैंड बजाने में जुटे हुए हैं। छोटे साहब ने तेल चोरी से परेशान होकर कूड़ा वाहनों पर ट्रैकिंग सिस्टम लगवा दिया। वाहन पर नये ड्राइवरों को तैनात भी कर दिया, इसके बावजूद डीजल चोरी पर लगाम नहीं लगा सके। अब इसकी चर्चा पुलिस विभाग तक पहुंच गयी। बड़े मुश्किल से पुलिस के हत्थे एक चोर चढ़ा और उसने कईयों का नाम भी उगला लेकिन चोरी नहीं रुकी। तेल चोरी से झल्लाए साहब ने अपनी ही महिला मातहत को तेल चोरी के प्रबंधन पर लंबा चौड़ा लेक्चर दे डाला। साहब का लेक्चर सुनने के बाद महिला अधिकारी बोली चोरी कोई करे और कान किसी और के पकड़े जाएं, यही परंपरा विभाग की है।




## गुरुजी की छुट्टी

इस बार महाराज जी के दरबार से गुरुजी की छुट्टी हो गई है। हो भी क्यों न 'ना काहू से दोस्ती-ना काहू से बैर' वाली कहावत पर सत्ता में आने के बाद से चल रहे थे। इनके बीच केवल अपना भला गुरुजी देख रहे थे। 5 साल में गुरुजी ने वही काम किया जिससे इनका भला हो। अब यह बात दीगर है कि नियम कायदे की आड़ में कई और का भला हो गया। दो बार नगर की कमान और एक बार सत्ता में 2 नम्बर की कुर्सी संभालने वाले गुरुजी का विरोध उनके संस्थान से ही हो गया था। इसके पीछे कारण किसी का भी कोई काम न कराना मुख्य वजह बताया जा रहा है। यहां तक कि इनका झंडा उठाने वाले भी इनके इस व्यवहार से त्रस्त थे। सुनने में आ रहा है कि एक छोटे से इलाके में रहने वाले गुरुजी ने 5 साल में अपना पुश्तैनी घर भी बड़ा करा लिया है। आसपास के लोग गायब हो गए हैं। फिलहाल, यह सुनी सुनाई बातें हैं अब कितना सच है यह तो धरातल का तापमान मापने के बाद ही चलेगा। फि लहाल, अब गुरुजी बुद्धम शरणं गच्छामि की तर्ज पर संगठन की सेवा करने वाले हैं।

## चल गई कैंची

कहां बड़ी तैयारी थी दोबारा मंत्री बनने की और इसलिए अपने पूर्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रोज प्रेस नोट भी जारी करवाया जा रहा था कि प्रदेश को निर्बाध रूप से प्रकाशमय करना है लेकिन बड़ा अफसोस कि मायूस होकर तेरे कूचे से हम निकले। बात कोई भी हो लेकिन योगी जी के मंत्रिमंडल में कई बड़े चेहरे उम्मीद किए थे कि इस बार उन्हें दोबारा मौका मिलेगा लेकिन संगठन और संघ की कैंची चली तो लखनऊ से लेकर प्रयागराज, मथुरा और कानपुर तक के लोगों के पर काट दिए गए। अब इस बात की उम्मीद जताई जा रही है कि हो सकता है कि संगठन 2024 में उसी जिले से लोकसभा चुनाव में प्रत्यशी के रूप में चयनित कर ले, फिलहाल लखनऊ से एक पूर्व डिप्टी सीएम साहब का भी चेहरा उतर गया है और वह अब उच्च सदन में सभापति की कुर्सी से उम्मीद किए बैठे हैं। कुछ भी हो नई सरकार के गठन से कई माननीय को धक्का जरूर लगा है।



## बुरे फंसे चाचा

चाचा एक बार फिर दल-दल में फंस गए हैं। उन्हें सूझ ही नहीं रहा है कि वे इस दल-दल से बाहर कैसे निकलें। एक समय था जब शिव रुपी इन चाचा की बम-बम थी। सत्ता रहे या न रहे समाजवादी गढ़ में शिव की तूती बोलती थी। एक ऐसा भी समय आया जब शिव को समाज से बेदखल कर दिया गया, लेकिन शिव ने अपने दमखम से एक नई इबारत लिख डाली और एक नया समाजवाद तैयार कर दिया वो भी प्रगतिशील। ऐसा लगा अब शिव ऊंची उड़ान भर ही देंगे, क्योंकि प्रगति करने वाली चाभी जो उनके हाथ लग गई थी। शिव ने अपनी उड़ान भरी ही थी कि अचानक प्रगति करने वाले दल की चाभी उनके हाथ से चली गई। शिव बेसहारा से हो गए। मजबूर होकर शिव बगैर चाभी वाले अपने प्रगतिशील दल को लेकर पुराने समाजवाद के दल में चल गए। वहां उन्हें सफलता तो मिल गई लेकिन दोनों दलों के दल-दल में अब वे फंसे नजर आ रहे हैं, अब न तो वे अपने दल में जा पा रहे हैं और न ही पुराने दल में उन्हें जगह मिल रही है।

**एक्शन में सीएम योगी**

# विभागों को 100 दिन, छह माह व वार्षिक कार्ययोजना बनाने के निर्देश

## अंत्योदय है हमारा लक्ष्य, लोककल्याण संकल्प पत्र को याद कर लें अधिकारीः योगी

● भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस की नीति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की सत्ता पर दोबारा आसीन होने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह होने का निर्देश दिया है। शनिवार को शासन स्तर के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को अगले 100 दिन, छह माह और वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। यह कार्ययोजना मंत्रिपरिषद के सामने प्रस्तुत करनी होगी इसकी विभागवार समय-सारणी जल्द ही घोषित होगी।

योजना भवन में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी अधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित लोककल्याण संकल्प पत्र के बिंदुओं को याद करने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2017 में घोषित संकल्प पत्र के सभी बिंदुओं को यथार्थ में बदलने में अधिकारियों ने पूरी ईमानदारी से प्रयास किया। जिसका परिणाम रहा कि दशकों बाद आमजनता ने उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव का अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समक्ष उत्तर प्रदेश को देश का नम्बर-1 राज्य और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को देश की नम्बर-1 अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। टीम वर्क और अन्तर्विभागीय समन्वय से भविष्य का रोडमैप तैयार किया जाए। इस कार्य के लिए 'टीम यूपी' को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगना होगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बनाने के लिए 10 प्राथमिक सेक्टरों को चिन्हित किया जाए। इसकी नियमित समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव द्वारा साप्ताहिक समीक्षा तथा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा इस सम्बन्ध में पाक्षिक समीक्षा की जाएगी। शासन की कार्यप्रणाली में दक्षताए पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर देते हुए सीएम ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में तकनीक के साथ-साथ अन्तर्विभागीय समन्वय को और बढ़ाये जाने की आवश्यकता जताई। वहीं आम आदमी के प्रति संवेदनशील होने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अंत्योदय के लिए संकल्पित है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा शासन की हर नीति के केंद्र में हों।

### अतिरिक्त प्रयास जरूरी, अब है खुद से प्रतिस्पर्धा

**सीएम** योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आकार ले रहा है। इस कार्य को और गति प्रदान करने के लिए पूरा उत्तर प्रदेश संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पहले कार्यकाल में हमारी चुनौती कुव्यवस्था से थी। विगत 5 वर्षों में सुशासन की स्थापना हुई है। अब आगामी 5 वर्षों में हमारी प्रतिस्पर्धा अपने ही पहले कार्यकाल के कार्यों से होगी। अब सुशासन को और सुदृढ़ करने के लिए स्वयं से हमारी प्रतिस्पर्धा प्रारम्भ होगी। ऐसे में सुशासन की स्थापना को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाना होगा। सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर हमारी सरकार की शुरू से जीरो टॉलरेंस नीति रही है। इसे प्रभावी ढंग से जारी रखा जाए। शासन की योजनाओं की आमजन तक पहुंच को और व्यापक बनाने के लिए तकनीक का व्यापक स्तर पर समावेश किया जाए।

### बजट की कर लें तैयारी राजस्व संग्रह पर जोर

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-2022 समापन की ओर है। सभी विभाग अपने-अपने वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति की स्थिति की गहन समीक्षा कर लें। बजट के सदुपयोग का मूल्यांकन करते हुए वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष उनके व्यय की स्थिति की पड़ताल कर लें। प्रत्येक स्थिति में वित्तीय नियमों के अनुरूप कार्यवाही की जाए। यदि भारत सरकार के स्तर से किसी योजना का केन्द्रांश जारी नहीं हो सका है तो अविलम्ब केंद्र से संपर्क कर उसे जारी कराएं। राजस्व संग्रह पर पूरा ध्यान दिया जाए। विकास एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के वित्त पोषण के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है। टैक्स का भुगतान करने वालों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। भारत सरकार के वर्ष 2022-23 के आम बजट तथा लोक कल्याण संकल्प पत्र-2022 को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार का वर्ष 2022-23 का बजट तैयार किया जाए।

## गांव के विकास पर रहेगा नई सरकार का सबसे ज्यादा जोर

### ग्रामीणों, किसानों की परेशानियों के तुरंत निस्तारण के निर्देश

● अफसरों के साथ पहली बैठक में सीएम योगी ने स्पष्ट किया सरकार का एजेंडा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की नई सरकार का सबसे अधिक जोर गांव के विकास पर रहेगा। लगातार दूसरी बार प्रदेश की सत्ता को संभालने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अफसरों के साथ पहली बैठक की। उन्होंने गांव, ग्रामीण, किसानों की परेशानियों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सरकार के एजेंडे को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में सप्ताह में एक बार गांव दिवस मनाया जाए। गांव, ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं का निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर ही करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व, पंचायतीराज और ग्राम्य विकास के ग्राम स्तरीय कर्मियों द्वारा ग्राम प्रधान के समन्वय से ग्राम चौपाल लगाने को कहा। इसके माध्यम से ग्रामीण जनता की स्थानीय समस्याओं का समाधान करने। ग्राम सचिवालय की कार्यप्रणाली को सुद्ढ करने के साथ ग्राम सहायकों की तैनाती को भी पूरा करने के उन्होंने निर्देश दिये। सीएम योगी ने अफसरों से कहा कि थाना, तहसील, ब्लाक स्तर पर गांव दिवस का आयोजन करें। लोकल अफसर, पंचायत सचिव, तहसीदार, समेत बीट अधिकारी इसमें मौजूद रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि ब्लाकों की ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सचिवालय के अधिकारी भी इस दिन मौजूद होकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनें और उनका तत्काल निस्तारण कराएं। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जानकारी दें। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के तत्काल निस्तारण के साथ गांव के विकास में कोई कमी नहीं आने देने की बात भी कही।

## विधानसभा चुनाव की समीक्षा के लिए रालोद ने गठित की समिति



● लखनऊ में बड़े स्तर पर होगा कार्यकर्ता सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोक दल (रालोद) ने शनिवार को यूपी विधानसभा चुनाव की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है। यह समिति जिलेवार दौरा कर जानकारी एकत्र करने का काम करेगी।

यह जानकारी राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान दी। शनिवार को ही राष्ट्रीय लोक दल मुख्यालय में रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की और गठबंधन के तहत समर्पित रूप से काम करने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और सभी से स्थानीय स्तर पर पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करने का आग्रह भी किया। जयंत ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बताया कि विधानसभा चुनाव की समीक्षा के लिए एक समीक्षा समिति गठित की गई है जो जिलों के दौरे कर जानकारी जुटा रही है। समीक्षा के बाद लखनऊ में बड़े पैमाने पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। रालोद ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में विधानसभा चुनाव लड़ा और आठ सीटों पर जीत हासिल की। प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में सत्तारूढ़ भाजपा ने सहयोगियों समेत 273 सीटें जीतीं, जबकि समाजवादी पार्टी ने अपने सहयोगियों के साथ 125 सीटों पर जीत हासिल की, इनमें आठ सीटें रालोद की हैं। चौधरी ने पार्टी विधायकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रालोद के आठ विधायक 80 के बराबर हैं, जो उत्तर प्रदेश के किसानों और कामगारों के साथ-साथ युवाओं और बेरोजगारों की आवाज बनकर कार्य करेंगे और प्रदेश में अपने संकल्प पत्र के अनुरूप जनहित के मुद्दों पर पैनी नजर रखेंगे तथा विधानसभा पटल पर उनसे संबंधित प्रश्नों को उठायेंगे।

### जयंत ने अखिलेश से की मुलाकात

**राष्ट्रीय** लोक दल प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने शनिवार को सपा मुख्यालय में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने मिलकर तय किया कि आने वाले समय में जनहित के मुद्दों को लेकर सत्ता रूढ़ भारतीय जनता पार्टी की जबर्दस्त तरीके से घेराबन्दी की जाएगी। इसके साथ ही 28 मार्च को सपा गठबन्धन की होने वाली बैठक के सम्बन्ध में भी चौधरी जयंत सिंह व अखिलेश में गम्भीरता से चर्चा हुई।

## गोरखपुर से वाराणसी के लिए आज शुरू होगी हवाई सेवा

● शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअल हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी 27 मार्च को गोरखपुर से वाराणसी के लिए प्रारम्भ होने वाली नई उड़ान के शुभारम्भ कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सम्मिलित होंगे। यह हवाई सेवा उड़ान योजना के अन्तर्गत प्रारम्भ की जा रही है। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ग्वालियर से प्रतिभाग करेंगे। केन्द्रीय नागरिक विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ वीके सिंह सेवानिवृत्त भी उपस्थित रहेंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गोरखपुर से वाराणसी के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने से गोरखपुर से जुड़े गंतव्य स्थानों की संख्या 8 तथा कुल फ्लाइट्स की संख्या 12 हो जाएगी। राज्य सरकार केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में नागरिक उड्डयन सुविधाओं के विस्तार के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। विगत 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश में एविएशन के क्षेत्र में व्यापक विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 में क्रियाशील 4 एयरपोर्ट की मुकाबले वर्तमान में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हो गए हैं।

## राज्यपाल ने रमापति शास्त्री को दिलाई प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ

● कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहे उपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वरिष्ठ विधान सभा सदस्य रमापति शास्त्री को नवगठित विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही नई विधान सभा के नव निर्वाचित सदस्यों को सदन में शपथ दिलाने हेतु नामित विधान सभा सदस्य सुरेश कुमार खन्ना, जय प्रताप सिंह, राम पाल वर्मा एवं माता प्रसाद पाण्डेय को भी शपथ ग्रहण करायी।

उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित विधायकों को 28 और 29 मार्च को विधानभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। आज के कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप कुमार दुबे, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद तथा अन्य सहयोगी अधिकारी उपस्थित रहे।

## चुनाव परिणाम जनभावना के अनुरूप नहीं आएः अखिलेश

● सपा समर्थकों के नाम वोटर लिस्ट से काटने का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश के मतदाताओं का समाजवादी पार्टी को भारी समर्थन देने के लिए आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के परिणाम जनभावना के अनुरूप नहीं आये लेकिन उससे निराश न होकर हम विपक्ष में रहकर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय में विधानमण्डल दल की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में समाजवादी पार्टी ने सभी का मुकाबला किया। आरएसएस और भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग किया। आरएसएस भाजपा का राजनैतिक संगठन है। सपा के समर्थकों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए। प्रशासन निष्पक्ष नहीं रहा। पोस्टल बैलेट से जीत को हार में बदल दिया गया। लोकतंत्र के साथ छल किया गया। भाजपा गुण्डागर्दी करा रही है। राज्य की जनता परिवर्तन चाहती थी।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही महंगाई चरम पर पहुंच गई। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। रोजी-रोजगार है नहीं। नौजवान आत्महत्या कर रहा है। व्यापार चौपट है। बजट में केवल तीन माह के लिए गरीबों की सस्ता राशन देने का प्रावधान है। कानून व्यवस्था नदारत है। मुख्यमंत्री को बतौर मोहरा इस्तेमाल किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदन से सड़क तक सरकार के अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेगी। भाजपा-आरएसएस की लोकतंत्र में आस्था नहीं है। आरएसएस अधिनायकशाही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को जहां जनता के प्रति जवाबदेह होना होगा वहीं विधानसभा के प्रति भी सरकार को जवाब देना होगा। हमें विपक्ष के रूप में जनता की आकांक्षा को पूरा करना है। सदन में सरकार को घेरना है। समाजवादी पार्टी के विधायकों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व की सराहना की। विधायकों ने उनके प्रति अपने अटूट विश्वास के प्रदर्शन के साथ कहा कि उनके नेतृत्व में वे समाजवादी पार्टी को मजबूती देने का काम करेंगे। विधायकों ने भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी श्री अखिलेश यादव के साथ पूरी निष्ठा से सदन से सड़क तक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करेंगे।

### योगी मंत्रिमंडल विकास नहीं, मिशन 2024 के लिए बना हैः नरेश उत्तम

● सपा गठबन्धन की बैठक कल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी गठबन्धन दलों की बैठक 28 मार्च को सपा मुख्यालय में होगी। इस बैठक में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी प्रमुख विधायक शिवपाल सिंह यादव, अपना दल कमेरा की नेता एवं विधायक पल्लवी पटेल, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक के दौरान सपा गठबन्धन के सभी विधायक सत्ता पक्ष भापजा सरकार को जनहित के मुद्दों पर सड़क से सदन तक घेरने की रणनीति बनाएगी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्री पटेल ने योगी मंत्रिमण्डल पर हमला बोलते हुए कहा कि यह मंत्रिमण्डल विकास के आधार पर नही बल्कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए बना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता की समस्याओं और जनता के पक्ष को विधानसभा में मजबूती से रखेगी। श्री पटेल ने कहा श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी भाजपा सरकार के झूठ के कार्यों और उसकी गलत नीतियों का खुलासा करते हुए जमकर विरोध करेगी।

## सपा विधायक दल की बैठक में न बुलाए जाने से शिवपाल नाराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** विधानमंडल दल की बैठक में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी प्रमुख शिवपाल सिंह यादव को नहीं बुलाया गया जिससे वह नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दो दिनों से अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर इस बैठक के लिए लखनऊ में था, पर मुझे इसकी सूचना तक नहीं दी। मैं सपा का विधायक हूं, अब मैं इटावा जाऊंगा। मैं आगे क्या करने वाला हूं इसकी सूचना जल्द ही दे दी जाएगी। शिवपाल यादव ने कहा कि सभी विधायकों को फोन कर बैठक में बुलाया गया लेकिन मुझे पार्टी कार्यालय से कोई सूचना नहीं दी, मैं अब लखनऊ से सीधे इटावा जा रहा हूं, जब मुझे कोई सूचना नहीं दी गई तो मैं बैठक में नहीं जाऊंगा।

शिवपाल ने कहा कि मैंने समाजवादी पार्टी का प्रचार किया। कुछ जगहों पर मुझे नहीं कहा गया उसके बावजूद मैंने प्रचार किया। शिवपाल यादव को न बुलाए जाने पर सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि आज सपा के विधायकों को बुलाया गया है। सहयोगी दलों को 28 मार्च को बुलाया जाएगा। जिसमें शिवपाल सिंह यादव, पल्लवी पटेल, ओमप्रकाश राजभर सभी शामिल होंगे।

सुरेश राही ने महाराजा छीता पासी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# बाबूजी के अधूरे सपने करूंगा पूरा






संवाददाता। सीतापुर

● मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर सुरेश राही की जोरदार अगवानी

**हरगांव के** भाजपा से दोबारा विधायक बने सुरेश राही का सीतापुर में प्रथम आगमन को लेकर उनके समर्थको में खुशी देखने को मिली और जगह-जगह उनका स्वागत भी हुआ। सीतापुर आगमन पर उनका टोलटैक्स, सिधौली, अटरिया, खैराबाद, बिजवार आदि जगहों पर भव्य स्वागत हुआ। सीतापुर हाइवे पर महाराजा छीतापासी किले पर पहुंचकर उन्होंने पुष्प अर्पित किया। मंत्री सुरेश राही ने कहा कि सीतापुर व हरगांव की जनता का हम पर जो एहसान है उसको कभी हम पूरा नहीं कर सकते लेकिन हम हर समय उनके साथ है और कही भी जरूरत है तो हम वहां भी खड़े है। घर पहुंचने पर उनके बड़े भाई रमेश राही ने उन्हें आर्शीवाद दिया व रामदयाल राजवंशी, ज्ञान प्रतीक सिंह प्रतीक, सुरेन्द्र राजवंशी सहित उनको बुके देकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान महाराजा छीता पासी किले पर समाजसेवी एमसी भार्गव, अनिल भार्गव, भानू राजवंशी, भोलानाथ भार्गव, टीकाराम, विनय राही, अतुल कुमार, मुनेश्वर राही, विजय कुमार, अमित भार्गव, अजय कुमार, अशोक भार्गव सहित तमाम लोगो ने उनका स्वागत किया।

पहली बार रक्तदान करने वालों को किया गया पुरस्कृत

# दो दिवसीय शिविर के पहले दिन रक्तदाताओं में दिखा उत्साह

● सदर एसडीएम ने किया शुभारम्भ

●20 संस्थाओं के सहयोग से शहीद दिवस पर होता है रक्तदान शिविर

संवाददाता। सीतापुर



**विगत दस** वर्षों से 23 मार्च शहीद दिवस को सीतापुरवासी अनूठे ढंग से मनाते आ रहे हैं। जहां एक ओर पारम्परिक रूप से 23 मार्च 1931 को भारत की आजादी के लिए फांसी पे चढ़ जाने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की मुर्तियों पर पुष्पांजलि व सभाएं की जाती हैं वहीं शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, 'शेर' को जीवंत करते हुए संजीवन संस्था के प्रयास से दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन सेक्रेडहार्ट इंटर कॉलेज में किया गया जिसका उद्घाटन एसडीएम सदर अनिल कुमार ने फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में संजीवन संस्था सहित पतंजलि योग पीठ, आजाद हिन्द भगत संगठन, वैश्य समाज उत्तर प्रदेश, ओशा, जेसीआई, अग्रवाल सभा, ब्लड कनेक्ट, डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन, अखिल भारतीय युवा मारवाड़ी मंच, एक नयी उड़ान फाउंडेशन, राम कृपा सेवा संस्थान, सिक्ख सेवा जत्था, रोटरी क्लब, स्वर्णकार महासभा, इनर व्हील, आपकी आस फैन्डेशन, आदि मिलकर अपने देश व समाज के हित में रक्तदान करते हैं। संजीवन संस्थान के आकाश बजरंगी ने बताया कि पहले दिन रक्तदान शिविर में 2 बजे तक 150 लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों को संस्था की ओर से टी-शर्ट व पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सुयोग श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, मोनू खेतान, डैनिस नरेश लोबो, नीरज वर्मा, सुजीत श्रीवास्तव, फादर, क्लौडियस बी एलमडा, पुनीत सर्राफ शरद तिवारी, अंकित अग्रवाल, वर्तिका अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, जीतू रस्तोगी, अनिल महावर, मोनू सहगल आदि मौजूद रहे।

# बाल गोविंद हत्याकांड का खुलासा चचेरे भाइयों ने ही कराई थी हत्या

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**ग्राम हरदलमऊ** में हुए बाल गोविंद हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के दो चचेरे भाईयों समेत चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी बाल गोविंद की 16/17 मार्च की रात घर के बाहर सोते समय बांके से प्रहार करके हत्या कर दी गयी। इस घटना में ग्राम प्रधान अभिजीत, गगांराम, सियाराम तथा अमित को नामजद करते हुए घटना की रिपोर्ट रामचन्द्र पुत्र ओमप्रकाश द्वारा दर्ज कराई गई थी। इस घटना का खुलासा करने के लिए एसपी ने स्वाट, एसओजी और संडीला पुलिस की टीम को जिम्मेदारी सौंपी थी और अंतत: पुलिस ने इस घटना का आज खुलासा करते हुए होरीलाल, जगदीश तथा मृतक बालगोविंद के चचेरे भाई विमल कुमार त्रिवेदी तथा ललित त्रिवेदी को गिरफ्तार किया। इस घटना की जानकारी देते हुए बताया गया कि मृतक के चचेरे भाईयों विमल और ललित ने उसकी हत्या करने के लिए बीस हजार रुपए और बांका लाकर दिया था। सोते समय बाल गोविंद पर बांके से प्रहार किए गए। विमल ने बाल गोविंद को पीछे से पकड़ा जबकि होरी लाल और जगदीश ने उसपर बांके से प्रहार किए। बांके के प्रहार से बालगोविंद बुरी तरह घायल हो गया जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि इस घटना की एफआईआर में नामजद सियाराम ने वर्ष 2006 में उनके विरुद्ध एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें विमल त्रिवेदी जो कि गांव का कोटेदार भी था को 2018 में सजा हो गयी और उसका कोटा ग्राम प्रधान अजीत के खास आदमी गंगाराम को दे दिया गया।



अपने कोटे को वापस पाने के लिए विमल ने यह साजिश रची कि उसने अपने चचेरे भाई की हत्या कराई और ग्राम प्रधान और कोटेदार दोनों को हत्याकांड में नामजद करा दिया ताकि कोटा उसे वापस मिल जाए और प्रधान का चुनाव होने के बाद उसे गांव की प्रधानी भी मिल जाए। इस घटना का खुलासा करने वाली टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक वेणीमाधव त्रिपाठी, एसओजी प्रभारी रमेश सिंह, स्वाट प्रभारी प्रेम सागर, एसआई प्रेमसागर सिंह, हेड कॉन्स्टेबल रमेश सिंह तथा कॉन्स्टेबल सुधांशू को शाबाशी दी।

# पुरानी पेंशन का मुद्दा पूरे देश में फैल चुका

संवाददाता। कसमंडा सीतापुर

**पुरानी पेंशन** का मुद्दा पूरे देश में फैल चुका है सरकार को झुकना पड़ेगा निर्णय आपके पक्ष में होगा यह बात सीनियर बेसिक शिक्षक संघ सीतापुर के द्वारा मिशन स्कूल सीतापुर में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष अवधेश कुमार मिश्र ने कही। उन्होंने कहा संगठन के साथ मिलकर चलोगे तो हर मंजिल हासिल होगी। अध्यापकों को समझाते हुए कहा आप लोग समय से विद्यालय जाएं और निर्धारित समय के बाद ही विद्यालय से आये ,विद्यालय में रहकर पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा दें। आप यह न समझें कि हमें प्रबंधक व अधिकारी नहीं देख रहे हैं लेकिन ऊपरवाला देख रहा है वह पल पल का हिसाब लेगा। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र ने कहा 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक एवं कर्मचारियों में से कुछ का फंड उनके खाते में आ जाएगा जिनकी फाइल विलम्भ से जमा हुई है।उनको आदेश निश्चित तौर पर मिल जाएगा।आप सभी को किसी के आगे गिड़गिड़ाना की आवश्यकता नहीं है जो समस्या हो संगठन के रजिस्टर पर लिख दीजिए संगठन हर समस्या का समाधान करा कर आपको अवगत कराएगा। उन्होंने कहा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का प्रांतीय संगठन से अनुमति लेकर शीघ्र ही सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। होली मिलन कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कृष्ण किशोर बाजपेई ने किया।कार्यक्रम को महामंत्री मनोज कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव ,महिपाल सिंह चौहान, वेदानंद बर्मा,उपाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा, संरक्षक श्याम मनोहर मिश्र ने संबोधित किया। होली मिलन कार्यक्रम में अनिल शुक्ला ,विपिन दीक्षित,अनिल श्रीवास्तव, राहुल ,मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह उपेंद्र सिंह सुरेश गुप्ता अंजली मिश्रा ऑडिटर ज्ञानेंद्र पांडे जगदीश शुक्ला अंजनी मिश्रा कुशमेश मिश्रा राजेश सिंह अंबरीश शुक्ला संदीप कुमार रमेश वर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षक ,शिक्षिकायें एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# आग से तीन घर जले, लाखों का नकदी व सामान खाक



**सिंगाही खीरी।** अज्ञात कारणों से लगीं आग से तीन घर जल गए। नगदी ज्वेलरी सहित करीब लाखों रुपये की गृहस्थी जल गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया है। क्षेत्रीय लेखपाल ने आंकलन रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजा है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में शुक्रवार की देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस आग ने सबसे केशराम भार्गव के घर को अपने आगोश में लिया। देखते ही देखते आग ने नन्दलाल पालए परसराम रामए मुनेश पाल के घर को भी चपेट में ले लिया। हवा तेज होने के कारण गांव में आग इतनी जल्दी फैली कि किसी को कुछ बचाने का मौका नहीं मिला जिसमें कपड़े अनाज व दैनिक प्रयोग का सामान सहित सब कुछ जल गया। थानाध्यक्ष राजकुमार सरोज ने मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड व पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्नि पीड़ितों के मुताबिक केशराम के घर मे रखे दो और परशुराम पाल की 18000 मनीष कुमार के दस हजार नगदी जेवरात सहित घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

# संचारी रोग दस्तक अभियान और मिशन इन्द्रधनुष को लेकर बैठक

**संडीला( हरदोई )।** संचारी रोग एवं दस्तक अभियान तथा सघन मिशन इन्द्रधनुष के संचालन के लिए विभिन्न विभागों की एक बैठक का आयोजन किया गया। तहसील सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसडीएम डीपी सिंह ने की। बैठक में एसडीएम ने बताया कि 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा। इसमें मच्छारों के प्रजन्न के स्त्रोतों को समाप्त करने के लिए जलभराव का निस्तारण एंटी लारवा दवाओं का छिड़काव तथा झाड़ियों का कटान कराया जाएगा। 15 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा जिसमें आशा, वर्कस और आंगनवाड़ी वर्कस घरों पर दस्तक देकर जनजागरूकता अभियान चलांएगी। आगामी 4 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान चलाया जाएगा जिसमें नियमित टीकाकरण से वंचित गर्भवर्ती महिलाओं और 2 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण कराया जाएगा। बैठक में संडीला के चिकित्साधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य के अलावा अन्य ब्लाकों के चिकित्साधीक्षक, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षाधिकारी, बाल विकास परियोजनाधिकारी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी तथा डब्लूएचओ एवं यूनिसेफके प्रतिनिधि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते एसडीएम

# गौकशी, सट्टा, कच्ची शराब और नशे के धंधे पर रहेगी कड़ी नजर

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

● नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक से पायनियर की खास बातचीत

●नगर को जाम से मुक्ति दिलाई जाएगी

●महिला सुरक्षा और अपराध प्राथमिकता



**अपराध और** अपराधियों पर कड़ी नजर रहेगी। महिला सुरक्षा, शासन की नीतियों कार्यक्रमों और दिशानिर्देश रहेगी प्राथमिकता। नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने चार्ज सभालने के बाद पायनियर से बेबाक बातचीत में बताया कि मैं मूल रूप से प्रतापगढ़ का निवासी हूं। 2001 में सब इंस्पेक्टर बना तथा उसके बाद 2017 में स्पेक्टर बना प्रभारी निरीक्षक के रूप में लखनऊ, सीतापुर और आपके जनपद लखीमपुर में पास हुआ। उसके बाद मोहम्मदी का चार्ज मिला। उन्होंने बताया कि हमारी प्राथमिकताओं में महिला सुरक्षा, महिला अपराध पर तत्काल कार्रवाई करना, कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई, शासन से मिले दिशा-निर्देशों को धरातल पर उतारकर करवाई करना, आने बाले फरियादियों को तत्काल न्याय दिलाने के साथ-साथ मोहम्मदी नगर में जाम की स्थिति को नियंत्रित करना तथा डग्गामार वाहनों को नियंत्रित व व्यवस्थित कर आम जनता को जाम से छुटकारा दिलाना है। उन्होंने कहा गोकशी, सट्टा, स्मैक जैसे सामाजिक अपराध पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं अबैध शराब बनाने और बेचने बालों पर कड़ी नजर रहेगी। एक सबाल के जबाब में कहा अबैध खनन पर खनन अधिकारी से मिलकर उसे रोकने का काम किया जाऐगा।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**तिकुनियां-खीरी।** केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पैतृक गांव बनवीरपुर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें क्षेत्र के तमाम ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर के स्वागत किया गया। ग्राम बनवीरपुर में होली मिलन समारोह केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के बाग में संपन्न हुआ इस अवसर पर गांव की कीर्तन मंडल द्वारा होली गीत गाए गए। कार्यक्रम को अरविंद सिंह संजय, डा. अभिमन्यु मिश्र, दीपक तलवार , आशीष मिश्रा मोनू आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा, अम्बरीष सिंह, प्रगट सिंह, कनकपाल सिंह राना, नागेन्द्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी, चन्द्रहास, रमेश लोधी, शंभू गुप्ता, बलवीर सिंह, जसवंत सिंह, पंकज मिश्र, आशीष अवस्थी, शोभित वर्मा, रवि मिश्रा व रामकिशोर राठौर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंद्रजीत अध्यक्ष व सहदेव निर्विरोध मंत्री हुए निर्वाचित



**लखीमपुर-खीरी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन जिला चिकित्सालय सभागार में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी मंडलीय अध्यक्ष यूएन तिवारी ने चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराई। चुनव में पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसमें इंद्रजीत सिंह अध्यक्ष, आनन्द तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्र मिश्र उपाध्यक्ष, डा. सहदेव सचान मंत्री, रमेश कुमार संयुक्त मंत्री, सुनील कुमार अवस्थी संगठन मंत्री, डा. संदीप वर्मा कोषाध्यक्ष और ऊषा अवस्थी, डा. कुमुद सक्सेना व अनिल कुमार बाजपेई को विशेष आमंत्रित सलाहकार निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर डा. सर्वेश कुमार, डा. विमल सिंह, आशीष गुप्ता, हंसराज यादव, डा. प्रसून श्रीवास्तव, सतनाम सिंह, गुरमुख सिंह, डा. धर्मेंद्र मौर्य, राकेश अवस्थी, लखन प्रसाद, ब्रज लाल, रवि पाठक, दिनेश जायसवाल, रति वर्मा, रोज अली, इंद्र कुमार अवस्थी, राम सागर, दिलीप कुमार, विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## छह माह...

लिए फिर बढ़ा दिया। इसके बाद इसे जुलाई से नवंबर 2021 तक और पांच महीने के लिए बढ़ा दिया था। फिर इस योजना को दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक बढ़ा दिया गया था। योजना के तहत अब तक खाद्य मंत्रालय ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को कुल लगभग 759 लाख टन खाद्यान्न आवंटित किया, जो कि खाद्य सब्सिडी में लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये के बराबर है।

## योगी सरकार...

में इसे अगले तीन माह तक बढ़ाये जाने का फैसला किया गया है। राशन वितरण की पारदर्शी व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि 80 हजार उचित दर की दुकानों पर ई. पॉश मशीनें लगी हैं। इससे सही लाभार्थी तक राशन वितरण संभव हो रहा है। बता दें कि अप्रैल 2020 से केंद्र सरकार के अलावा राज्य सरकार अपने संसाधनों से 15 करोड़ गरीब जनता को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। योजनांतर्गत अंत्योदय कार्ड धारकों को राज्य सरकार द्वारा 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है जबकि पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न मिल रहा है। इसके अलावा बीते दिसंबर 2021 से राज्य सरकार ने खाद्यान्न के साथ-साथ 1 लीटर रिफाइंड तेल, 1 किलो दाल और 1 किलो नमक भी दे रही है जबकि अंत्योदय श्रेणी के परिवारों को 1 किलो चीनी भी मुहैया कराई जा रही है। कैबिनेट के निर्णय के बाद अब यह योजना जून 2022 तक के लिए बढ़ा दी गई है।

## पांच साल...

प्रोत्साहन देने और खुदरा एवं थोक बाजारों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के प्रावधान किए गए हैं। दिल्ली के वित्त मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिसोदिया ने अपने बजट भाषण में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए बजट आवंटन पिछले वर्ष की तुलना में 9.86 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2021-22 के लिए बजट आवंटन 69,000 करोड़ रुपये था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ऐसा बजट पेश करने के लिए सिसोदिया की प्रशंसा की, जिसमें समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। सिसोदिया ने बजट भाषण में कहा कि सरकार 20 लाख रोजगार पैदा करने के लिए अगले पांच साल में 4,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी और अगले वित्त वर्ष में इसके लिए 800 करोड़ रुपये अलग रखे जाएंगे। अपने 'रोजगार बजट' में सरकार ने खुदरा और थोक बाजारों को बढ़ावा देने के लिए शहर में कई शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य इन स्थानों को पर्यटन स्थल बनाना और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए रोजगार पैदा करना है। 'दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल' और 'दिल्ली होलसेल शॉपिंग फेस्टिवल' के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सिसोदिया ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन 'रोजगार बाजार 2.0' शुरू किया जाएगा और इसका उद्देश्य दिल्ली के युवाओं, विशेषकर महिलाओं को प्रतिवर्ष कम से कम एक लाख रोजगार उपलब्ध करवाना है।

## रोजगार ऑडिट...

बजट पेश करते हुए कहा कि यह देश में इस तरह का पहला रोजगार ऑडिट होगा, जिसमें जनता के पैसे (कर से मिलने वाले राजस्व) से होने वाले कामकाज का सामान्य परिणाम भी पता चल सकेगा। सिसोदिया ने कहा कि इस सदन द्वारा पारित बजट के एक-एक पैसे का हिसाब, चाहे वह पैसा शिक्षा में खर्च किया गया हो या स्वास्थ्य क्षेत्र में, सड़कें बनाने में लगाया गया हो या इमारतें, पुल, स्कूल, अस्पताल, कॉलेज में या बिजली पर खर्च हुआ हो या जल प्रणाली पर, कॉल सेंटर, कला संस्कृति आदि किसी पर भी खर्च हुआ हो, इसका पूरा लेखा-जोखा रखा जाएगा कि हर एक रुपया खर्च करने के परिणामस्वरूप कितने लोगों को रोजगार मिला। सिसोदिया ने कहा कि इसके लिए सरकार की प्रत्येक विभाग में रोजगार ऑडिट करवाने की योजना है।

## पेट्रो मूल्यों...

खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। सुरेजावाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद केंद्र ने अपनी जनविरोधी नीतियों पर काम फिर से शुरू कर दिया है। 31 मार्च से लेकर 7 अप्रैल तक कांग्रेस देशभर में महंगाई मुक्त भारत अभियान चलाएगी। अभी अभियान तीन चरणों में चलेगा। अभियान चलाने का फैसला संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में हुआ। प्रियंका गांधी सहित राज्यों के प्रदेश कांग्रेस प्रमुखों, महासचिवों, प्रभारियों ने इस बैठक में भाग लिया। माना जा रहा है कि बैठक पिछले विधानसभा चुनावों में हुई करारी हार की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। साथ ही देश भी कांग्रेस सदस्यता अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही फैसला किया गया है कि समूह 23 सदस्य के साथ मिलकर काम किया जाए। पार्टी ने फैसला किया है कि दूसरे चरण में यानि 2-4 अप्रैल तक जिला स्तर पर महंगाई मुक्त भारत धरना देगी और 7 अप्रैल को राज्य मुख्यालय पर विरोध मार्च निकाला जाएगा। साथ ही सुरेजावाला ने कहा कि पिछले पांच दिनों में केंद्र सरकार ने चार बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए है, जिसके कारण आम लोगों के घरों का बजट बिगड़ गया है।

## बीरभूम हत्याकांड...

रही है। अधिकारी ने कहा, चश्मदीदों और अन्य ग्रामीणों से बात करना जरूरी है। हम स्थानीय लोगों की सूची तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीबीआई टीम जांच के लिए बीरभूम में ही रहेगी। अधिकारी के अनुसार, सीबीआई की एक अन्य टीम रामपुरहाट पुलिस थाने गई और जांच के सिलसिले में केस डायरी व अन्य संबंधित दस्तावेजों का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि सीबीआई अधिकारियों ने शनिवार को आईजी (बर्धमान रेंज) बीएल मीणा और बीरभूम जिले के पुलिस अधीक्षक नागेंद्र त्रिपाठी के साथ भी बैठक की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बीरभूम हिंसा की तहकीकात सीबीआई को सौंप दी थी और जांच में हुई प्रगति की रिपोर्ट जमा करने के लिए सात अप्रैल की समयसीमा तय की थी।

## नेपाली प्रधानमंत्री...

जनवरी में वे गुजरात में एक व्यापार शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करने वाले थे। हालाँकि, कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण शिखर सम्मेलन के पुनर्निर्धारण के बाद यात्रा रद्द कर दी गई थी। देउबा और मोदी ने पिछले साल नवंबर में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी और भारत-नेपाल दोस्ती के कई पहलुओं पर बातचीत की थी।

## दो साल...

संबंधी प्रावधानों को भी संशोधित किया गया है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विली बोल्टर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इंडिगो अंतरराष्ट्रीय परिचालन को कोविड-पूर्व स्तर पर ले जाने को उत्सुक है लेकिन यह अन्य देशों के आगमन संबंधी नियमों पर भी निर्भर करेगा। देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे आईजीआईए का परिचालन करने वाली कंपनी डीआईएएल ने उम्मीद जताई है कि यहां से 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित होने लगेंगी।

## मानव-पशु...

जा रहा है और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा की रोकथाम और प्रबंधन के लिए योजना में एनडीएमए को शामिल करने से मानव-पशु संघर्ष रोकथाम के साथ इसके शीघ्र समाधान में मदद मिलेगी। अधिकारी ने कहा कि मवेशियों की आबादी में बढ़ोतरी के साथ जंगलों में मवेशियों के चरने, जलाऊ लकड़ी का संग्रह, आदि जैसी गतिविधि उन प्रमुख कारणों में से हैं जिनके कारण अक्सर जंगली जानवरों द्वारा मनुष्यों और मवेशियों पर हमला होता है। इसलिए, वन क्षेत्र और उसकी सीमाओं के सीमांकन और सीमाओं की बिजली की बाड़ लगाने का काम किया जा रहा है। वास्तव में, राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश के नेतृत्व में एक संसदीय समिति ने हाल ही में संसद में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में मानव-पशु संघर्ष को कम करने के लिए वन क्षेत्र के बाहर मवेशियों के चरने के लिए घास के मैदान बनाने पर जोर दिया था। विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि राज्य के वन विभागों को भी सलाह दी जानी चाहिए कि वे चारे की उपलब्धता और जंगलों में पर्याप्त जल स्त्रोतों में सुधार करें।

## कांग्रेस नेता...

किया, अभियोजन के दस्तावेजों में खाबिया के दाएं हाथ में चोट लगने की बात कही गई है, जबकि असल में उसके बाएं हाथ की हड्डी टूटी थी। पुलिस के मुताबिक, भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने दिग्विजय के अलग-अलग विवादित बयानों पर विरोध जाहिर करते हुए उन्हें 17 जुलाई 2011 को तब काले झंडे दिखाने की कोशिश की थी, जब उनका काफिला उज्जैन के जीवाजीगंज क्षेत्र से गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार, विरोध-प्रदर्शन के दौरान दिग्विजय, गुड्डू और अन्य लोगों की भाजयुमो के कार्यकर्ताओं से भिड़ंत हुई थी।

# चुनावों में जीत लोगों के मोदी के नेतृत्व में भरोसे का प्रमाण: शाह

**भाषा।** गांधीनगर

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि चार राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को सुरक्षित, समृद्ध और शक्तिशाली बनाने के लिए शुरू की गई नीतियों और परियोजनाओं की स्वीकृति का प्रमाण है। शाह ने यह भी कहा कि इन चार राज्यों– उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में कांग्रेस का करीब–करीब सफाया हो गया।

केंद्रीय मंत्री भोयन मोती गांव में एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने गुजरात में अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के 34 गांवों के लिए 22 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड की जीत ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोगों का भरोसा दिखाया है। इससे पहले, शाह ने अहमदाबाद के सोला सिविल अस्पताल में गुजरात के पहले ऑडियोलॉजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी कॉलेज और एक डाइट सेंटर का उद्घाटन किया, जिससे गुजरात इस तरह का संस्थान शुरू करने वाला देश का पांचवा राज्य बन गया। शाह ने कहा कि वह लंबे समय के बाद अपने लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं क्योंकि वह उन पांच राज्यों में चुनाव प्रचार और प्रबंधन में व्यस्त थे, जिनमें से भाजपा ने जीत हासिल की और चार राज्यों में सरकारें बनाईं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, और इन सभी चार राज्यों में कांग्रेस खत्म हो गई है, वह कहीं नहीं दिख रही है। प्रचंड जीत उस भरोसे को दर्शाती है जो भारत के लोगों का नरेंद्रभाई (मोदी) के नेतृत्व में है। शाह ने कहा, भाजपा की यह प्रचंड जीत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की स्वीकार्यता को दर्शाती है। भारत को सुरक्षित, समृद्ध और शक्तिशाली बनाने के लिए नरेंद्रभाई द्वारा चलाए गए अभियान पर जनता की स्वीकृति की मुहर भारी जीत है। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने हमेशा सबके लिए, सभी के समावेशी विकास के लिए अथक प्रयास किया। शाह ने कैंसर जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए कहा, मोदी ने गरीबों, किसानों या कारखाने के कर्मचारी सहित सभी वर्गों के स्वास्थ्य की परवाह की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने देश में 100 करोड़ लोगों को कवर किया है। उन्होंने कहा, बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच और रियायती दवाओं के लिए जन औषधि केंद्र के साथ, इन योजनाओं का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। मेरा मानना है कि आज जो जागरूकता पैदा हुई है उससे भारत स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दुनिया में नंबर एक बनेगा। अहमदाबाद के सोला सिविल अस्पताल में गुजरात के पहले ऑडियोलॉजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी कॉलेज और डाइट सेंटर की शुरुआत के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे।


गांधीनगर में रेलवे ब्रिज का शिलान्यास करते गृहमंत्री अमित शाह

## सरकारी शिक्षक के ठिकानों पर छापे, आय से अधिक संपत्ति का खुलासा

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने लगभग 20 कॉलेजों के मालिक और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने वाले एक शासकीय शिक्षक के ग्वालियर जिला और अन्य स्थानों पर स्थित परिसरों पर शनिवार को छापे मारे ईओडब्ल्यू के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सतीश चतुर्वेदी ने कहा कि घाटीगांव (ग्वालियर) के प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक प्रशांत परमार के ग्वालियर और आसपास के जिलों में स्थित घर एवं अन्य ठिकानों पर छापे मारे गए।उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि परमार ग्वालियर–चंबल संभाग में डी. एड, बी.एड और नर्सिंग कोर्स चलाने वाले लगभग 20 कॉलेजों के मालिक हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेजों के सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। शिक्षक के पास आय के ज्ञात स्रोतों से एक हजार गुना अधिक संपत्ति है।

## स्टालिन ने योगी आदित्यनाथ को बधाई दी

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु के** मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। स्टालिन ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश यादव को भी बधाई दी। स्टालिन ने एक ट्वीट में कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद संभालने पर तिरु (श्री) योगी आदित्यनाथ को हार्दिक बधाई। तिरु अखिलेश यादव को पार्टी के पुनर्निर्माण और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जीवंत विपक्ष की भूमिका निभाने को लेकर मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूर्ण बहुमत दिलाने वाले योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लगातार दूसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

## कांग्रेस विधायक का बेटा सामूहिक दुष्कर्म में फंसा

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान के** दौसा जिले में 15 वर्षीय नाबालिग से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राजगढ़ से कांग्रेस विधायक जौहरी लाल मीणा के बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसके मुताबिक घटना फरवरी की है जब आरोपी लड़की को महवा–मंडावर रोड स्थित एक होटल में ले गए और वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने धमकी देने के लिए अश्लील वीडियो भी बनाया।

मंडावर के थाना प्रभारी नाथू लाल ने कहा, राजगढ़ विधायक के बेटे दीपक मीणा समेत तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दो अन्य के खिलाफ भी सामूहिक दुष्कर्म और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों की शिकायत के आधार पर शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है और बयान दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि दो अन्य नामजद आरोपी विवेक शर्मा और नेतराम हैं। पुलिस ने कहा कि शर्मा ने पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 15 लाख रुपए नकद और आभूषण ले लिया। मामले में परिजनों ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में शर्मा की संलिप्तता पाई गई, जिसके बाद पीड़ित लड़की ने आपबीती अपनी मां के साथ साझा करने का साहस किया। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने एक वीडियो बयान में कहा, कांग्रेस विधायक के बेटे के खिलाफ जब दुष्कर्म के आरोप लगते हैं तो न केवल राजस्थान शर्मसार होता है, राजस्थान की कानून व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा होता है, बल्कि राज्य में एक साल में 6337 दुष्कर्म की घटनाओं में एक कड़ी और जुड़ती है।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने संसद में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को लेकर निराशा जताई

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुख्य निर्वाचन** आयुक्त (सीईसी) सुशील चंद्रा ने संसद में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को लेकर शनिवार को निराशा जताई। साथ ही उन्होंने हाल के वर्षों में महिलाओं के बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आगे आने की ओर भी इशारा किया। उन्होंने संसद की कार्यवाही के दौरान व्यवधानों के कारण समय बर्बाद होने पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। संसद रत्न पुरस्कार देने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रा ने कहा कि पहली लोकसभा में 15 महिला सांसद थीं और 17वीं लोकसभा में 78 महिला सांसद हैं।

उन्होंने कहा, लेकिन प्रगति अभी भी धीमी है... यह सच है, संसद को बहुत समावेशी होना चाहिए। चंद्रा ने बताया कि स्थानीय निकायों में, संविधान महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि कई जमीनी स्तर की महिला नेताओं ने अपने नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया है और वे अपने समुदायों में स्पष्ट परिवर्तन लाई हैं। उन्होंने सांसदों और लोगों के बीच संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। संसदीय कार्यवाही में व्यवधान के मुद्दे पर, चंद्रा ने कहा कि जोरदार बहस और चर्चा एक मजबूत संसद के मापदंड हैं, लेकिन बार–बार व्यवधान पैदा करना, बहिर्गमन और भूख हड़ताल कतई मापदंड नहीं हैं। चंद्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि व्यवधानों के कारण संसद की कार्यवाही का काफी समय बर्बाद हो जाता है और यह मजबूत संसदीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा, संसद की कार्यवाही में भाग लेना, प्रश्नकाल और शून्यकाल के आधार पर महत्वपूर्ण मामलों को उठाना स्थापित संसदीय प्रथाएं हैं... इस बहुमूल्य अवसर को नारेबाजी करके या आसन के निकट आकर हंगामा करके बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। चुनावों में महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के आंकड़े साझा किए। उन्होंने कहा कि पांच में से चार राज्यों– गोवा, उत्तराखंड, मणिपुर और उत्तर प्रदेश में महिला मतदाताओं ने पुरुष मतदाताओं से अधिक मतदान किया है और पंजाब में यह लगभग बराबर है। उन्होंने कहा कि सभी पांच राज्यों में लिंग अनुपात में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अकेले उत्तर प्रदेश में यह 29 अंक बढ़ा है। भारतीय चुनाव प्रणाली का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि देश में 1951 में प्रथम लोकसभा चुनाव के दौरान 17.3 करोड़ मतदाता थे और लगभग 45.6 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने कहा कि 2019 के संसदीय चुनावों के दौरान, मतदाताओं की संख्या लगभग 91.2 करोड़ थी और 66.4 मतदान प्रतिशत हुआ था।

## मप्र के विवि में हिजाब पहने लड़की का नमाज पढ़ने का वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश

**भाषा।** सागर

**मध्य प्रदेश** के सागर में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय ने कक्षा में एक मुस्लिम लड़की के हिजाब पहनने और कथित तौर पर नमाज पढ़ने का वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस मामले में एक दक्षिणपंथी संगठन ने शिकायत की है। डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय (एचजीयू) के रजिस्ट्रार संतोष सहगौरा ने पीटीआई–भाषा को बताया कि घटना के वीडियो क्लिप के साथ हिंदू जागरण मंच द्वारा विश्वविद्यालय को कार्वाई की मांग वाला एक ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने कहा, इस मामले को देखने के लिए पांच सदस्ईय समिति का गठन किया गया है। समिति तीन दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी और इस रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्वाई की जाएगी। एचजीयू के मीडिया अधिकारी विवेक जायसवाल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान परिसर में छात्रों के लिए कोई औपचारिक ड्रेस कोड नहीं है, लेकिन छात्रों को बुनियादी नैतिक पहनावे के साथ कक्षाओं में शामिल होना चाहिए। हिंदू जागरण मंच की सागर इकाई के अध्यक्ष उमेश सराफ ने पीटीआई भाषा को बताया कि वीडियो में दिख रही लड़की लंबे समय से हिजाब पहनकर व्याख्यान में भाग ले रही थी।उन्होंने कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्णय का जिक्र करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह की धार्मिक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उमेश ने कहा, वह लंबे समय से हिजाब में आ रही थीं, लेकिन शुक्रवार दोपहर को उसे कक्षा के अंदर नमाज पढ़ते देखा गया। यह आपत्तिजनक है क्योंकि शिक्षण संस्थान में हर धर्म के लोग आते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक शिकायत कुलपति और रजिस्ट्रार को सौंपी गई है। मालूम हो कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 15 मार्च को कक्षाओं के अंदर हिजाब या हेड स्कार्फ पहनने की अनुमति मांगने वाली याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह इस्लाम में आवश्यक धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

## रितु खंडूरी बनी उत्तराखंड विधानसभा की पहली महिला अध्यक्ष

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड के** पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी की बेटी और भाजपा विधायक रितु खंडूरी को शनिवार को राज्य विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। रितु के निर्वाचित होने की घोषणा प्रोटेम स्पीकर बंशीधर भगत ने की। वह निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं क्योंकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने इस पद के लिए होने वाले चुनाव से दूर रहने का फैसला किया। रितु, पूर्व मंत्री एसएस नेगी को 3,000 से अधिक मतों से हराकर कोटद्वारा से विधायक चुनी गई हैं। वह वर्ष 2017 में यमकेश्वर सीट से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुई थीं।

राजनीति में प्रवेश करने से पहले रितु ने नोएडा स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में कई साल तक अध्यापन का कार्य किया। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए उनके शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी और कहा कि राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर उनका निर्वाचन उत्तराखंड राज्य आंदोलन में महिलाओं के अमूल्य योगदान की स्वीकृति है। धामी ने कहा, आज का दिन हमारे लिए ऐतिहासिक है। हमें आज पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष मिली हैं। यह राज्य की पूरी महिला आबादी का सम्मान है जिन्होंने उत्तराखंड को बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। विपक्षी सदस्य प्रीतम सिंह और यशपाल आर्य ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वह अपने पिता के सार्वजनिक जीवन की विरासत को आगे बढ़ाएंगी और स्वस्थ विधाई परंपरा का आधार रखेंगी। सिंह ने उम्मीद जताई कि रितु की अध्यक्षता में सदन राज्य विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक भी पारित करेगी।


उत्तराखण्ड विधानसभा की पहली महिला स्पीकर रितु खंडूरी और उत्तराखण्ड के सीएम पुष्कर सिंह धामी

## लोक माध्यमों से गांव तक पहुंचेगी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज लखनऊ द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बलरामपुर के साथ मिलकर संचार के पारम्पारिक और लोक माध्यमों के द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम जनता में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जागरूकता लाने के लिए दिनांक 22 मार्च से चल रही कार्यशाला का समापन आज दिनांक 26 मार्च को सफलतापूर्वक हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान खुद से बनाई गयी कठपुतलियों के माध्यम से विज्ञान जागरूकता से सम्बंधित नाटकों का मंचन किया। प्रतिभागियों ने संतुलित आहार, केचुआ खाद, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा, कोरोना महामारी, जल है तो कल है, बोलता पेड़, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन शीर्षक पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। विज्ञान नाटक ने मजेदार अंदाज़ से जब डेंगू से बचाव में सफाई के महत्व को समझाया तो सभागार ठहाकों से गूँज उठा। ढोंगी बाबा के पोपट ने दर्शकों को अंधविश्वास के दौरान फैली भ्रांतियों के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से अवगत कराया और अफवाह से बचने की सीख भी दी। कार्यशाला में 35 प्रतिभागियों ने रद्दी अख़बारी कागज से लुगदी बनाकर कर पुतुल निर्माण के साथ विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर विशेषज्ञों के मदद से विज्ञान नाटक लिखे। इन विज्ञान नाटकों का मंचन लोक माध्यम पुतुल द्वारा जनपद बलरामपुर के 30 गांव के विद्यालयों में किया जाएगा।

कार्यक्रम में डायट बलरामपुर की वरिष्ठ प्रवक्ता वर्चस्वानी जौहरी ने प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की और कहाकि कठपुतली की कला को जीवित रखने और इसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने में आप सभी की अहम भूमिका होगी जिन्होंने इस कार्यशाला में न सिर्फ कठपुतली बनाना सीखा बल्कि कैसे कठपुतली के नाटक से लोगों को विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूक करना है, उसका भी हुनर सीखा। साक्षरता निकेतन लखनऊ के पुतुल विशेषज्ञ राजेंद्र त्रिवेदी एवं इश्तियाक अली ने बताया कि कठपुतली लोक संचार का एक ऐसा माध्यम है जो आसानी से आम जन को समझ आता है। बलरामपुर से प्रकाशित प्रकृति एवं पर्यावरण पत्रिका के संपादक अजय मिश्र ने कहा कि आज काफी लम्बे समय बाद कोरोना के खौफ से बाहर निकल कर हमने एक साथ मिलकर कुछ सीखा है।

विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने में विज्ञान अहम भूमिका निभाता है और वैज्ञानिक तथ्य यदि कठपुतली जैसे रोचक माध्यम से बच्चों और ग्रामीण जन तक पहुंचे तो उससे बेहतर और क्या हो सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को स्वयं में समाज कल्याण की भावना का विकास करने का सुझाव दिया और कहा कि वे अपनी इस कठपुतली नाटक प्रस्तुत करने की कला का प्रयोग आज जनता को विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूक करने के लिए अवश्य करें। कार्यशाला के अंत में संतोष त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बीरभूम हत्याकांड का आरोपी अनारुल हुसैन राजमिस्त्री से बन गया क्षेत्र का बेताज बादशाह

**भाषा।** रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल)

**उसके घर** को देखो, क्या आप को लगता है कि एक राजमिस्त्री वहां तक पहुंच सकता है? रामपुरहाट कस्बे में अनारुल हुसैन से संबंधित एक तीन मंजिला मकान की तरफ इशारा करते हुए एक व्यक्ति ने पूछा। बीरभूम हत्याकांड मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनारुल को गिरफ्तार किया गया है। हुसैन कुछ लोगों के लिए भले ही मसीहा हो, लेकिन अधिकतर लोगों की नजर में उसका सफर एक भवन निर्माण मजदूर से इलाके का बेताज बादशाह बनने जैसा है। हालांकि हुसैन के इस रूप में उदय का आधार संदिग्ध है। लोग दावा करते हैं कि हुसैन की ताकत इतनी अधिक थी कि स्थानीय पुलिसकर्मी तक उसे छूने की हिम्मत नहीं जुटा पाते थे।

हुसैन के बचपन के दोस्त स्वप्न मंडल ने पीटीआई–भाषा से कहा, मैंने उसे बचपन से देखा है। वह निर्माण कार्य में अपने पिता की मदद करता था और फिर खुद राजमिस्त्री का काम करने लगा, लेकिन वह हमेशा कुछ हासिल करना चाहता था। हुसैन के घर के बगल में रामरामपुर गांव में मछली की दुकान चलाने वाले मंडल ने कहा, जब वह कांग्रेस में शामिल हुए तो राजनीति में आ गए। रामपुरहाट – । ब्लॉक के तत्कालीन टीएमसी अध्यक्ष हुसैन को बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोप है कि हुसैन ने पुलिस को कथित तौर पर बोगटुई गांव में प्रवेश करने से रोका, जहां आठ लोगों को जला दिया गया था। इलाके में एक नर्सरी चलाने वाले कार्तिक मंडल ने कहा कि हुसैन की फर्श से अर्श पर पहुंचने की कहानी कई वर्षों के भ्रष्टाचार और गलत कामों पर आधारित है। उन्होंने कहा, उसके घर को देखो। क्या आप वहां एक राजमिस्त्री के पहुंचने की उम्मीद करते हैं? उसने दो दशक से भी कम समय में इतनी शक्ति और धन जमा कर लिया, आप इसे ईमानदार तरीके से नहीं कर सकते। मंडल ने आरोप लगाया कि 55 साल की उम्र पार कर चुका हुसैन ने मकान बनाने के लिए उनकी जमीन हड़प ली। हुसैन को राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष और स्थानीय विधायक आशीष बनर्जी के बहुत करीबी के रूप में जाना जाता है। एक जिला स्तर के पार्टी नेता ने कहा कि वह शुरुआती दिनों से तृणमूल के साथ रहा और समय के साथ खुद को एक अच्छा आयोजक साबित किया। नाम न छापने की शर्त पर इस नेता ने आरोप लगाया कि, वर्ष 2011 में पार्टी के सत्ता में आने के बाद उसका उदय अभूतपूर्व रहा है। वह स्थानीय व्यवसायियों से जबरन वसूली करने के लिए नेटवर्क चलाने समेत रेत के अवैध खनन में भी शामिल रहा। हुसैन ने शुरू में तृणमूल के बीरभूम अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के साथ अच्छे संबंध साझा किए, लेकिन वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद चीजें बदल गईं।

## क्विक न्यूज

### द कश्मीर फाइल्स : दिग्विजय ने मप्र में नरसंहार से जुड़ा संग्रहालय बनाने की योजना का विरोध किया

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश में जेनोसाइड म्यूजियम यानी नरसंहार से जुड़ा संग्रहालय स्थापित करने की योजना का विरोध करते हुए कहा कि भोपाल के सांप्रदायिक सद्भाव को भंग नही किया जा सकता है। चौहान ने शुक्रवार को भोपाल में एक कार्यक्रम में द कश्मीर फाइल्स को विस्थापित कश्मीरी पंडितों के दर्द और पीड़ा को दर्शाने वाली फिल्म बताया। उन्होंने कहा कि अग्निहोत्री के सुझाव पर प्रदेश में जेनोसाइड म्यूजियम यानी नरसंहार से जुड़ा संग्रहालय और कला केंद्र बनाया जाएगा और इसके लिए सरकार द्वारा जमीन मुहैया कराई जाएगी। सिंह ने शनिवार सुबह ट्वीट किया, मै पूरी तरह से भोपाल में नरसंहार संग्रहालय (जेनोसाइड म्यूजियम) बनने के खिलाफ हूं। भोपाल के सांप्रदायिक सद्भाव को नही बिगड़ने देंगे। मै इसका विरोध करता हूं।

### वैष्णो देवी बोर्ड ने रिसासी में शंकराचार्य मंदिर का पुनर्विकास शुरू किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में शंकराचार्य मंदिर के पुनर्विकास का काम शुरू हो गया है। मंदिर का पुनर्विकास होने से वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा करने वालों के लिए एक और गंतव्य मिल जाएगा और इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश कुमार ने मंदिर का दौरा किया और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के निर्देश पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। सिन्हा एसएमवीडीएसबी के अध्यक्ष है। वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के आधार शिविर, रियासी जिले के कटरा शहर के पूर्वी हिस्से में एक पहाड़ी के ऊपर स्थित शंकराचार्य मंदिर के शीघ्र पुनर्विकास के लिए विभिन्न हलकों से लगातार मांग की जा रही थी।

### राजस्थान में सड़क हादसों में नौ की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई जिनमें तीन महिलाएं व एक बच्ची शामिल है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि अजमेर जिले में शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। अजमेर कोटा राजमार्ग पर लोहरवाड़ा गांव के पास यह हादसा उस समय हुआ जब एक एसयूवी की ट्रक से टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान रियाज खान, रुखसाना, सुरैया परवीन के रूप में हुई है। एक अन्य हादसे में चित्तौड़गढ़ जिले में शनिवार को एक कार आगे चल रहे ट्रक में जा भिड़ी। इसमें कार में सवार मयंक (29) व उसके छोटे भाई चित्रांशु (27) की मौत हो गई, जो भीलवाड़ा के रहने वाले थे। वही बीकानेर जिले के पूगल पुलिस थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए। पुलिस के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान पठानी (25) व जुबैदा (6) के रूप में हुई। मृतका का पति इदरीश खान व एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी तरह धौलपुर जिले में करौली-धौलपुर रोड पर शनिवार तड़के कार तथा टेंपो की भिड़ंत में छह माह के एक बच्चे व युवक की मौत हो गई। टेंपो में सवार आगरा इलाके के श्रद्धालु कैला देवी दर्शन करके लौट रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को उपचार के लिए धौलपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चेन्नई हवाई अड्डे पर 1.14 करोड़ रुपए मूल्य के सोने की तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु स्थित चेन्नई हवाई अड्डे पर दो अलग-अलग घटनाओं में दो यात्रियों से 1.14 करोड़ रुपए मूल्य का करीब दो किलोग्राम सोना जब्त किया गया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकी दी। चेन्नई हवई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग के आयुक्त द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि पहली घटना में विभाग के अधिकारियों ने दुबई से शुक्रवार को आए यात्री को रोका और जांच के दौरान अधोवस्त्र में छिपाकर ले जाया जा रहा सोना का पता लगाया। उन्होंने बताया कि दूसरी घटना शनिवार की है जब शारजहा से आए व्यक्ति की जांच की गई और अधोवस्त्र में टेप से चिपकाकर ले जाए जा रहे सोने के पेस्ट के पैकट को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि दो यात्रियों से कुल 2.36 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है और उनके खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम-1962 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्वाई की गई है। विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### न्यायालय ने केंद्र से राजोआना की दया याचिका पर 30 अप्रैल तक फैसला लेने को कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को 2012 में दायर बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर 30 अप्रैल तक फैसला लेने का निर्देश दिया है। राजोआना ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्याकांड में मौत की अपनी सजा को उम्रकैद में बदलने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर 30 अप्रैल तक फैसला नही लिया जाता है तो गृह मंत्रालय के संबंधित सचिव और सीबीआई निदेशक (अभियोजन) सुनवाई की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से रिकॉर्ड के साथ उसके समक्ष मौजूद रहेंगे। राजोआना की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि अदालत के पूर्व के आदेशों के बावजूद इस मामले में कुछ नही किया गया और केंद्र की ओर से पेश होने वाले वकील के पास कोई स्पष्ट निर्देश नही है। पीठ ने कहा कि इन परिस्थितियों मे वह निर्देश देती है कि मामले पर तुरंत केंद्र सरकार और सीबीआई सहित विभिन्न प्राधिकारों द्वारा गौर किया जाएगा।

## बीरभूम हिंसा मामला: बोगतुई गांव में पसरा हुआ है सन्नाटा

- गत मंगलवार को यहां आठ लोगों को जला दिया गया था जिंदा

**भाषा।** बोगतुई (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** के बीरभूम जिले में स्थित बोगतुई गांव में इस सप्ताह के प्रारंभ में आठ लोगों की हत्या के बाद यहां सन्नाटा पसरा हुआ है। हिंसा के डर से जिले में रामपुरहाट कस्बे के पास स्थित इस गांव से कई ग्रामीण अज्ञात स्थानों पर भाग गए। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता भादू शेख की हत्या के एक दिन बाद मंगलवार को यहां आठ लोगों को जिंदा जला दिया गया था और इसके लेकर लोगों के मन में हिंसा का दौर शुरू होने का डर है। नरसंहार की यह घटना गांव के पूरबापाड़ा में हुई थी। इस घटना के बाद ना सिर्फ इस बस्ती के ज्यादातर लोग बल्कि पड़ोसी पश्चिमपाड़ा और माएरपाड़ा बस्तियों के ज्यादातर लोग भी भाग गए। इलाके में स्थित एक मात्र सरकारी स्कूल सूना पड़ा हुआ है और आंगनवाड़ी केंद्र में सन्नाटा पसरा हुआ है।

घटनास्थल के आसपास स्थित रिजाउल शेख, बाबर आलम, पिंटू शेख, नूर शेख और सद्दाम अली मुल्ला के घरों में ताला लगा हुआ है, जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 24 मार्च को गांव का दौरा कर उन्हें पूरी सुरक्षा का आश्वासन दिया था। आसपास केवल एक महिला दिखी जो भोजन तैयार कर रही थी। वह सोनू शेख के मामा शाह आलम शेख की पत्नी हैं। उल्लेखनीय है कि सोनू का घर जला दिया गया था और वहां से सात झुलसे हुए शव बरामद किए गए थे। शाह आलम ने बताया, हमें नहीं पता कि वे लोग कहां भाग गए हैं। उनके पास कोई और विकल्प नहीं बचा था। यहां तक कि मेरे बेटे भी यहां नहीं है। वे गांव के बाहर मेरे रिश्तेदार के यहां रह रहे हैं। नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शी आलम ने कहा, मैं केवल यह कह सकता हूं कि यह प्रतिशोध में की गई हत्याएं थी। हमने घर के अंदर से सबकुछ देखा। हम सोनू के घर की ओर एक भीड़ के बढ़ने और बम की आवाज सुनकर अपने घर के अंदर छिप गए।

आलम ने घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया। गांव में कम से कम 15 घरों की पहरेदारी एक बड़ी पुलिस टुकड़ी कर ही है। गांव की आबादी करीब 7,000 है। अपनी 90 वर्षीय सास की देखभाल के लिए गांव में ही रूक गई मुमताज ने कहा, मेरे बेटे भी छिपते फिर रहे हैं। हम नहीं जानते कि सारे ग्रामीण कहाँ चले गए। हम अपनी जान को लेकर चिंतित हैं। सोनू के एक रिश्तेदार ने अज्ञात स्थान से पीटीआई–भाषा को फोन पर कहा, हम कैसे लौट सकते हैं? हम अपनी जान को लेकर भयभीत हैं।

# पुतिन अतार्किक युद्ध को नहीं जीत सकतेः नाटो उप प्रमुख

भाषा। बुखारेस्ट

**नाटो** के उप महासचिव मिर्सिया जिओना ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के खिलाफ करीब एक महीने पुराना बर्बर युद्ध नहीं जीत सकते।

रोमानिया के पूर्व विदेशमंत्री और अमेरिका में राजूदत जिओना ने एसोसिएटेड प्रेस को दिए साक्षात्कार में कहा कि नाटो रासायनिक या परमाणु हमले की स्थिति में उचित कदम उठाने को मजबूर होगा। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे क्या कदम हैं। उल्लेखनीय है कि जिओना की यह टिप्पणी रूसी अधिकारियों द्वारा इन हथियारों के इस्तेमाल की संभावना से इनकार नहीं किए जाने के बाद आई है।

जिओना ने कहा, नाटो रक्षात्मक गठबंधन है लेकिन यह परमाणु गठबंधन भी है। उन्होंने कहा, अगर वे रासायनिक हथियार या अन्य उच्च तरीके की प्रणाली का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ करेंगे, तो यह युद्ध की प्रकृति को बदलने वाला होगा जिसे माननीय पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ शुरू किया है। उन्होंने कहा, मैं गारंटी दे सकता हूं कि नाटो उसका जवाब देने के लिए तैयार है। जिओना ने कहा कि रूस द्वारा घेराबंदी किए गए बंदरगाह शहर मारियुपोल के थिएटर पर किया गया हमला जिसके बारे में यूक्रेन के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि 300 आम नागरिक मारे गए हैं, एक और सबूत है कि पुतिन का युद्ध बिना उकसावे वाला, अतार्किक और बर्बर युद्ध है। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि पुतिन युद्ध अपराध के मार्ग पर और आगे नहीं बढ़ेंगे और यहां तक कि एक संप्रभु देश के खिलाफ और विध्वंस की ओर भी नहीं जाएंगे।

## रूसी बल ने फोकस किया पूर्वी यूक्रेन पर

**वाशिंगटन।** रूसी बल यूक्रेन में जारी युद्ध में अब अपना ध्यान राजधानी कीव से हटाते हुए प्रतीत हो रहे हैं और इसके बजाय उनका ध्यान यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में स्थित डोनबास औद्योगिक क्षेत्र को मुक्त कराने पर है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह युद्ध के

### ● नाटो ने कहा परमाणु और रसायनिक हमले होने पर उचित कदम उठाने को होगा मजबूर

### ●परमाणु हमला होने पर नाटो का क्या होगा सख्त कदम इस नहीं दिया जवाब

नए चरण की शुरुआत हो सकती है। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि इसके क्या परिणाम होंगे। देश के कई हिस्सों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेना को काफी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका और अन्य देश यूक्रेन को हथियार और साजो–सामान की आपूर्ति बढ़ा रहे हैं। हाल में अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें कुछ क्षेत्रों में सीमित रूप से ही सही, यूक्रेनी सैनिकों के आक्रामक होने के सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस हफ्ते की शुरुआत में वे (यूक्रेनी सैनिक) काला सागर तट पर बंदरगाह में एक बड़े रूसी जहाज पर हमला करने में कामयाब रहे। रूसी सेना के उपप्रमुख कर्नल जनरल सर्गेई रुड्सकोई ने कहा था कि रूसी बलों ने पहले चरण के मुख्य उद्देश्यों को मोटे तौर पर हासिल कर लिया है। रूस ने पहले चरण को यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान करार दिया था। रुड्सकोई ने कहा था कि रूसी बलों ने यूक्रेन की लड़ाकू सैन्य क्षमता को अपेक्षाकृत कमजोर कर दिया है और अब वे अपने मुख्य लक्ष्य यानी डोनबास की आजादी को हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। रुडस्कोई के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस से बातचीत करने की अपील की। हालांकि उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यूक्रेन शांति की कीमत अपने किसी भी क्षेत्र को छोड़ने के लिए सहमत नहीं होगा।

उन्होंने देश के नाम एक वीडियो संदेश में कहा, यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता की गारंटी दी जानी चाहिए। शर्तें निष्पक्ष होनी चाहिए, क्योंकि यूक्रेनी लोग कुछ भी गलत स्वीकार नहीं करेंगे। अमेरिका के एक रक्षा अधिकारी ने कहा है कि एक महीने से जारी युद्ध में रूसी सेना देश के अधिकांश हिस्सों में कमजोर पड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में रूसी बलों ने कीव को लेकर बहुत कम दिलचस्पी दिखाई है, हालांकि वे राजधानी पर हवाई हमले जारी रखे हुए हैं। अधिकारी ने कहा, कम से कम इस समय वे कीव को ध्यान में रखते हुए आगे नहीं बढ़ाना चाहते। वे डोनबास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पुतिन 24 फरवरी को आक्रमण की शुरुआत से स्पष्ट रूप से यह नहीं बता रहे हैं कि यूक्रेन को लेकर उनके क्या इरादे हैं। उन्होंने कहा था कि इसका उद्देश्य यूक्रेन सरकार को सेना से अलग करना और उसके प्रभाव को कम करना है। साथ ही उन्होंने कहा था कि वह डोनबास को "मुक्त" कराना चाहते हैं, जिसका एक हिस्सा 2014 से रूसी समर्थित अलगाववादी नियंत्रण में है।पुतिन ने यूक्रेन की सीमाओं पर 150,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया था। पहले सैनिकों का लक्ष्य कीव या डोनबास पर ध्यान केंद्रित करना था, लेकिन बाद में कई उन्हें कई और उद्देश्यों को हासिल करने में लगा दिया गया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ब्रसेल्स में कहा, "यह कहना जल्दबाजी होगी" कि क्या रूसियों ने अपना दृष्टिकोण बदल दिया है। उन्होंने कहा, यह बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है यूक्रेन के लोगों ने हर तरह से रूसी सेना का डटकर सामना किया है। हम पिछले कई दिन से ऐसा देख रहे हैं। इराक, अफगानिस्तान और अन्य जगहों पर अमेरिकी युद्धों का अध्ययन करने वाले कोलंबिया विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय एवं सार्वजनिक मामलों के प्रोफेसर स्टीफन बिडल ने कहा कि शुक्रवार के बयान से मास्को के इरादे को समझना मुश्किल है।उन्होंने डोनबास के कुछ हिस्सों पर रूस की मौजूदा पकड़ का जिक्र करते हुए कहा, "यह अच्छी बात है कि वे युद्ध के अपने कथित मूल उद्देश्य की ओर लौट रहे हैं। बिडल ने कहा कि यह भी संभव है कि उन्हें लगा हो कि उन्होंने गलत दृष्टिकोण के साथ युद्ध शुरू किया है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में अब वे डोनबास पर ही ध्यान केंद्रित कर संगठित होने का प्रयास कर सकते हैं और ऐसा होने पर वे नए सिर से हमले करते हुए दूसरी जगहों को भी निशाना बना सकते हैं। वाशिंगटन थिंक टैंक, लेक्सिंगटन इंस्टीट्यूट के एक रक्षा विश्लेषक लॉरेन थॉम्पसन ने एक ईमेल में कहा, "रूस यूक्रेन में बने दलदल से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहा है। डोनबास पर ध्यान केंद्रित करना हार को स्वीकार किए बिना वापस जाने का एक तरीका हो सकता है"।

सीआईए के पूर्व निदेशक और रक्षा सचिव रॉबर्ट गेट्स ने कहा कि पुतिन को अपनी सेना के प्रदर्शन से "आश्चर्यजनक रूप से निराश होना पड़ा है। गेट्स ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा," यूक्रेन में हम देख रहे हैं कि उन्हें (रूस सैनिकों को) पता ही नहीं कि वे क्या चाहते हैं। वे बहुत अच्छी तरह से प्रशिक्षित नहीं हैं, और कमान तथा नियंत्रण के लिहाज से उनके साथ बहुत बड़ी समस्याएं हैं। उनकी रणनीति घटिया है"।

## जेंलेस्की ने कतर और अन्य देशों से तेल एवं गैस का उत्पादन बढ़ाने की अपील की

**दोहा।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कतर के दोहा फोरम में शनिवार को औचक तौर पर एक वीडियो लिंक के माध्यम से उपस्थित हुए। उन्होंने तेल एवं गैस संपन्न इस देश (कतर) और अन्य से अपना उत्पादन बढ़ाने की अपील की, ताकि रूसी ऊर्जा आपूर्ति में कमी को पूरा किया जा सके। जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र और विश्व के शक्तिशाली देशों से उनकी मदद के लिए आगे आने की अपील की, जैसा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ने 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया भर के देशों को सिलसिलेवार तरीके से अपने संबोधन में आग्रह किया है। उन्होंने बंदरगाह शहर मारियोपोल में किए गए विध्वंस को सीरियाई युद्ध के दौरान अलेप्पो शहर में मचाई गई तबाही के समान बताया। जेलेंस्की ने कहा, वे हमारे बंदरगाहों को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से निर्यात रूकने से दुनियाभर के देश प्रभावित होंगे। जेलेंस्की ने विभिन्न देशों से अपने ऊर्जा (तेल एवं गैस) के निर्यात को बढ़ाने की अपील की। उनकी यह अपील इसलिए भी मायने रखती है कि कतर प्राकृतिक गैस के निर्यात के मामले में विश्व का एक प्रमुख देश है। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों ने रूसी निर्यात को बहुत हद तक रोक दिया है, जो (निर्यात) कि यूरोपीय देशों के लिए जरूरी हैं। वहीं, सउदी अरब ने अब तक कहा है कि वह ओपेक प्लस देशों के उत्पादन कार्यक्रम का अनुपालन करेगा। उसने यह भी कहा कि वह तेल की ऊंची कीमतों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा क्योंकि वह यमन के हूती विद्रोहियों के हमले का सामना कर रहा है। जेलेंस्की ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी को लेकर रूस की आलोचना करते हुए कहा कि रूस जानबूझ कर यह धमकी दे रहा है कि वह परमाणु हथियारों से विध्वंस कर सकता है, न सिर्फ एक देश में बल्कि पूरी धरती पर। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन में मुसलमानों को आगामी रमजान के महीने में लड़ाई लड़नी होगी। इस बीच, कतर में सत्तारूढ़ अमीर ने पिछले 70 सालों में फलस्तीन के लोगों के साथ व्यवहार को लेकर इजराइल की आलोचना करते हुए विश्व से बढ़ते वैश्विक सैन्यीकरण के खिलाफ खड़े होने का अनुरोध किया, जो यूक्रेन में रूसी हमले में अपने चरम पर है। शेख तमीम बिन अल थानी ने कहा, मैं यह याद दिलाना चाहूंगा कि लाखों की संख्या में उन फलस्तीन वासियों की सात दशक से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय अनदेखी की जा रही है, जो उनके भू–भाग पर इजराइली कब्जे से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, इसी तरह, कई सारे अन्य लोग भी हैं, जैसे कि सीरियाई और अफगान लोग, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय समुदाय न्याय दिला पाने में नाकाम रहा है। इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

# इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए बिना ही नेशनल असेंबली का सत्र स्थगित

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की नेशनल असेंबली का महत्वपूर्ण सत्र प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए बिना ही स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

नेशनल असेंबली के अध्यक्ष असद कैसर ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के सांसद खयाल जमां के निधन के चलते सत्र को 28 मार्च शाम चार बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है। पाकिस्तान की संसदीय परंपराओं के अनुसार, किसी सांसद के निधन के बाद सदन की पहली बैठक में दिवंगत आत्मा के लिए केवल प्रार्थना की जाती है और साथी सदस्य श्रद्धांजलि देते हैं। नेशनल असेंबली में नेता प्रतिपक्ष शाहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी और सह–अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी समेत कई प्रभावशाली विपक्षी सांसद बहुप्रतीक्षित सत्र में भाग लेने के लिए शुक्रवार को संसद में मौजूद थे। विपक्षी नेताओं ने सत्र स्थगित करने को लेकर विरोध प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि आठ मार्च को विपक्षी पार्टियों द्वारा नेशनल असेंबली के सचिवालय में इमरान खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया था, जिसके बाद से देश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि खान नीत पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) की सरकार देश में आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई के लिए जिम्मेदार है।

इमरान खान (64) इन दिनों अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। असेंबली के अध्यक्ष कैसर ने जैसे ही सत्र स्थगित किया, विपक्षी नेता विरोध प्रकट करने लगे। उन्होंने अध्यक्ष से प्रस्ताव लेने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी और अपने कक्ष की ओर चले गए। स्पीकर ने कहा कि अगले सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाने पर फैसला लिया जाएगा। नियमों के अनुसार प्रस्ताव नेशनल असेंबली के समक्ष रखे जाने के कम से कम तीन से सात दिन के बीच उस पर मतदान होना चाहिए। सत्र स्थगित करने के तुरंत बाद संसद भवन के बाहर संवाददाता सम्मेलन में पीएमएल–एन अध्यक्ष शाहबाज शरीफ ने आगाह किया कि अगर सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव पेश नहीं करने दिया गया तो आगे जो होगा, उसके लिए वे जिम्मेदार नहीं होंगे। उन्होंने कहा, असद कैसर ने नेशनल असेंबली के अध्यक्ष के बजाय पीटीआई के एक कार्यकर्ता के तौर पर काम किया। उन्होंने कहा कि अगर कैसर ने प्रधानमंत्री खान के गुलाम के तौर पर काम करने की कोशिश की तो विपक्ष कानूनी और संवैधानिक प्रदर्शन करेगा। शरीफ की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए पीटीआई के वरिष्ठ नेता और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने अध्यक्ष के खिलाफ निंदात्मक बातें करने के लिए उनसे माफी मांगने को कहा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विपक्ष को 27 मार्च को एक और झटका लगेगा। इस बीच, प्रधानमंत्री खान ने लोगों से रविवार को इस्लामाबाद में उनकी पार्टी की रैली में भाग लेने के लिए कहा। खैबर पख्तूनख्वा के मनसेहरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खान ने विपक्ष पर सांसदों की खरीद–फरोख्त में शामिल होने का आरोप लगाया।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Sadhna is claiming owner /attorney of Property bearing No. D-43, area measuring 55 Sq.Yds., out of Khasra No. 424, Situated in the area of Village Ghonda Gujran Khadar, in the abadi of D Block, Gali No.1, Bhajan Pura, Illaqa Shahdara, Delhi. by virtue of GPA, Agreement & will all dated 17.06.2010, executed by Mr. Gajender Kumar. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell the said property to Mr. Ravinder Kumar who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney Holder over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice**

This is to inform public at large that two original chain documents have been misplaced / lost somewhere w.r.t Entire odeon cinema building consisting of odeon cinema, flats and a shop constructed on a plot measuring 13000 sq. ft. Approx.. situated in D Block Connaught place, New Delhi 110001. Detail of lost documents:-
1. Original lease deed dated 06.06.1942 executed between Governor General Council of the one part and L Balmokand and L Kanhaya Lal , L Puran Chand and L Devi Chand.
2. Original supplementary lease deed dated 13.10.1966 executed between President of India of the one part and M/s Isherdas Sahni & Bros.
All people are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. And if someone found please return to mentioned below address.
Sender detail and address:
Isserdas sahni & Bros., Odeon Cinema Complex,Connaught Place New Delhi-110001,Contact: 9811078779

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीनू छाबड़ा पत्नी श्री अशोक छाबड़ा प्लॉट संख्या 224, क्षेत्रफल 86 वर्ग गज के दक्षिणी भाग की वर्तमान मालिक हैं। जो खसरा नंबर–21/5मी का हिस्सा है, "जय कॉलोनी–I" की आबादी में स्थित है, जिसे "उत्तम नगर", ब्लॉक–टी, ग्राम मटियाले, नई दिल्ली के क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। जो नोटरी जीपीए दिनांक 07.12.1990 के आधार पर मालिक और काबिज है और इसे श्री संदीप शर्मा को बेचने का इरादा है, जिसे क्लिक्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेडद्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो नीचे दिए गए पते पर इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों में अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, ऐसा न होने पर, यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या मुद्दे नहीं है।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

It is Notified for the Information that I,Rajkumar Saini C/o M/s Supreme Trading Co. Address 1043, Gali No.9, Shop No.8, GF Akashdeep Complex,Govindpuri Kalka Ji Delhi have actually Lost ORIGINAL C-FORMS (TOTAL 2 C- FORM) ISSUED BY M/S S.A.N IMPEX TO M/S SUPREME TRADING CO. (TIN NO: 07160231826) DETAILS AS FOLLOWS:1st QTR 2014-2015 OF Rs.283502 /- 2nd QTR 2014-2015 OF Rs.163674/- WERE LOST ON THE WAY AT THE TIME GOING TO SHOP(GOVINDPURI KALKA JI) FROM HOME ON 21-03-2022 .LR NO 238574/ 2022, DATED 22-03-2022
If Found Pls Contact : 9811165920

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Harsukh Bhogayata is owner of Entire Second floor without roof rights, (Hereinafter referred to as "said floor") Part of freehold built up property bearing municipal no. 156, part of old plot no. 31, area measuring 50 Sq. yds. i.e. 41.8 Sq. mtrs., Gali no. 17, out of khasra no. 200, Khewat no. 1, situated in the area of village Ghowkri Muradabad, Delhi State Delhi, Abadi known as Onkar Nagar- B, Tri nagar, Delhi- 110035 vide Sale Deed dated 26.05.2015, executed by Mrs. Pushpa and Now, Mr. Harsukh Bhogayata is intending to sell the above said property/Floor to Mr. Rajesh Verma. Further Mr. Rajesh Verma is mortgaging the above said property/floor with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mr. Amit Jain (hereinafter referred to as the said Mortgagors/ Borrowers) is purchasing Property Bearing No. 90, area measuring 247.25 Sq. Mtrs., Block-AK, situated at Shalimar Bagh, Delhi from Mr. Shaishav Gupta who became owner of the said floor vide Relinquishment Deed dated 09.12.2021 and Gift Deed dated 09.12.2021. Above said owner has misplaced the Original Perpetual Lease Deed dated 27.02.1987 and Conveyance Deed dated 13.05.1995 related to the above said property. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of IDFC FIRST Bank Limited having its Office ITO, Indian Express Building, Delhi- 110002. Now, Mr. Amit Jain has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).


# भारत अगले 20 साल तक आठ फीसदी की दर से कर सकता है वृद्धिः वैष्णव

भाषा। नई दिल्ली

**रेल एवं** संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सरकार की पूंजीगत निवेश रणनीति के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 20 वर्षों तक सालाना आठ फीसदी की दर से वृद्धि कर सकती है। वैष्णव ने उद्योग संगठन एसोचैम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पूंजीगत निवेश में बढ़ोतरी की जो रणनीति अपनाई है उससे आने वाले 20 वर्षों में हर साल 1.5 करोड़ रोजगार पैदा होंगे और 3.5 करोड़ लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हम पांच–छह वर्षों तक पूंजीगत निवेश की रणनीति जारी रखते हैं तो अगले 20 वर्षों तक आठ फीसदी की सतत वृद्धि हासिल कर सकते हैं।... इस तरह हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अतीत में खपत–आधारित अर्थव्यवस्था रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई अर्थशास्त्रियों की हिचक के बावजूद पूंजीगत निवेश बढ़ाने के लिए विश्वास का मार्ग चुना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, जापान, चीन और दक्षिण कोरिया ने भी कई वर्षों तक पूंजीगत निवेश का ही मार्ग अपनाकर उच्च वृद्धि हासिल की है। वैष्णव ने कहा कि वित्त वर्ष 2020–21 के अंत में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 198 लाख करोड़ रुपए था जिसमें से 116 लाख करोड़ रुपए खपत से आए थे। इस जीडीपी में से सिर्फ 27 प्रतिशत ही निवेश का हिस्सा था। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने पूंजीगत निवेश बढ़ाने का फैसला किया।

# एनएसई की पूर्व मुखिया की जमानत अर्जी पर अदालत ने सीबीआई से मांगा जवाब

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चित्रा रामकृष्ण की जमानत अर्जी पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से दो हफ्तों के भीतर पक्ष रखने को कहा है। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने एनएसई को–लोकेशन में गिरफ्तार की गईं चित्रा की तरफ से लगाई गई जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह आठ अप्रैल तक इस पर अपना पक्ष रखे। शुक्रवार को दायर की गई इस अर्जी में दावा किया गया है कि अब मामले की पूछताछ के लिए चित्रा की जरूरत नहीं रह गई है लिहाजा उन्हें हिरासत में रखने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा। सीबीआई ने चित्रा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो जाने के बाद को–लोकेशन मामले में चित्रा को गिरफ्तार किया है। इसके पहले चित्रा से सीबीआई ने कड़ी पूछताछ की थी। आयकर विभाग ने भी उनके परिसरों पर छापे मारे थे। इस मामले में चित्रा के कार्यकाल में ही एनएसई के समूह परिचालन अधिकारी रहे आनंद सुब्रमण्यन की जमानत अर्जी को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया था। ब्रोकरेज फर्मों को एनएसई परिसर के भीतर सर्वर रखने की छूट देने वाली को–लोकेशन व्यवस्था के दुरुपयोग की जांच की जा रही है। इस मामले में मई 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## आठ फीसदी की दर से सात-आठ साल में दोगुनी हो सकती है अर्थव्यवस्थाः नीति आयोग

**मुंबई।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि आठ फीसदी की वृद्धि दर कायम रहती है तो भारत की अर्थव्यवस्था सात–आठ साल में दोगुनी हो सकती है। कुमार ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि ऐसा हो पाना संभव भी है क्योंकि अर्थव्यवस्था ने लंबे समय तक 8.5 फीसदी की वृद्धि दर कायम रखी है। कुमार ने कहा, सब कुछ सामान्य रहता है, महामारी की चौथी लहर यदि नहीं आती है या यूक्रेन संकट का गंभीर असर नहीं पड़ता है तो हम आठ फीसदी की दर से वृद्धि कर सकते हैं क्योंकि हमने पहले भी ऐसा किया है। यदि ऐसा होता है तो 7–8 साल में अर्थव्यवस्था दोगुनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य बेमानी नहीं है क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था पहले से ही 2700 अरब डॉलर हो चुकी है।

## आकाश एयर की पहली उड़ान जून में शुरू होगीः सीईओ

**हैदराबाद।** राकेश झुनझुनवाला–प्रवर्तित एयरलाइन आकाश एयर ने इस साल जून से अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने की संभावना जताई है। आकाश एयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दुबे ने विंग्स इंडिया 2022 सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जून के महीने में एयरलाइन की पहली वाणिज्यिक उड़ान शुरू हो जाने की उम्मीद है। दुबे ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम सभी नियामकीय शर्तों को पूरा करने और परिचालन के लाइसेंस के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को आयोजित इस चर्चा सत्र में कहा कि अगले पांच वर्षों में एयरलाइन के पास 72 विमानों का बेड़ा खड़ा हो जाने की उम्मीद है। परिचालन शुरू होने के पहले 12 महीनों में उसकी योजना 18 विमानों का बेड़ा तैयार करने की है और उसके बाद हर साल एयरलाइन 12–14 विमानों को जोड़ती जाएगी। दुबे ने कहा, हम उड़ानें शुरू करने और पूरी गर्मजोशी से लोगों की सेवा करने के लिए बेहद रोमांचित हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री फैयाज पुत्र स्व० करामत अली निवासी ग्राम–असगरपुर जागीर, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ०प्र०, के वसीयतनामा के आधार प्लॉट संख्या- एस-35, सेक्टर-128, सुल्तानपुर नोएडा उ०प्र०, जो उप निबन्धक कार्यालय तृतीय नोएडा, में बही नं० 3 जिल्द सं० 468 पृष्ठ सं० 111 से 122 पर क्रमांक सं० 5066 दिनांक 19-11-2012 में पंजीकृत है। उक्त प्लॉट का नामान्तरण (Transfer) श्री सतीश सिंह चौहान पुत्र स्व० किशोरी लाल निवासी ग्राम–असगरपुर जागीर, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ०प्र०, के पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें। श्री सतीश सिंह चौहान

**PUBLIC NOTICE**

Dhunseri Ventures Limited
Dhunseri House 4A, Woodburn Park
Kolkata - 700020

Notice is hereby given that the share certificate No 18748 with Distinctive no(s) 4355801 to 4355900 in respect of Folio No S02659 Registered in the name of Pramod Sharma is reported to be lost and the company has received application for issue of duplicate share certificate(s). If no objection from any interested person is received by the company's registrars Maheshwari Datamatics Pvt. Ltd., 23, R.N. Mukherjee Road, Kolkata 700001, within 15 days from the publication hereof the company will proceed to issue duplicate share Certificate(s) to the applicant(s).
Dated: -23-03-2022

**सार्वजनिक नोटिस**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी
निगमन की तिथिः 04.02.2005
सीआईएनः U65922MH2005PLC272501
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालयः
यूनिट नंबर 203 और 204, दूसरी मंजिल, ए विंग, नवभारत एस्टेट्स, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई – 400015
दूरभाष नंः 022-24190911
ईमेलः cs@vastuhfc.com
वेबसाइटः https://www.vastuhfc.com

**शाखा कार्यालय का स्थानांतरण**

दिल्ली स्थित वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("कंपनी") के शाखा कार्यालय को 27 अप्रैल, 2022 (प्रभावी तिथि) से नीचे बताए अनुसार नए परिसर में स्थानांतरित किया जाएगाः

| |
|---|
| पुराना पता<br>ई–38, दूसरी मंजिल, नारायणा विहार, हरि स्वर बिल्डिंग, नई दिल्ली 110028 |
| नया पता : एफ नं – 301/10165<br>मेजानाइन गुरुद्वारा रोड, पश्चिम विस्तार क्षेत्र करोल बाग, दिल्ली–110005 |

पुराना परिसर 27 अप्रैल, 2022 तक चालू रहेगा। 27 अप्रैल, 2022 से कंपनी के सभी लेनदेन/ग्राहक सेवा अनुरोध केवल नए पते पर भेजे जाने चाहिए।
किसी भी प्रश्न के मामले में, आप हमसे यहां संपर्क कर सकते हैं: customercare@vastuhfc.com
पताः यूनिट नंबर 203 और 204, दूसरी मंजिल, एक विंग, नवभारत एस्टेट्स, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई – 400015
दिनांक : 27 मार्च, 2022 हस्ताक्षर
स्थान : दिल्ली


# वेरांडा लर्निंग सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 29 मार्च को लिए खुलेगा

भाषा। मुंबई

**वेरांडा** लर्निंग सॉल्यूशंस लिमिटेड (कंपनी) या जारीकर्ता का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ;श्ऑफरष्द्ध 29 मार्च 2022 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ के लिए एंकर निवेशक 28 मार्च 2022 को बोली लगा पाएंगे। इस ऑफर के तहत 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 130 से 137 रुपये तय किया गया है। न्यूनतम 100 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 100 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इस ऑफर में जारीकर्ता की तरफ से 10 रुपये इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले 2,000 मिलियन रुपये तक के शेयर जारी किए जाएंगे। इस ऑफर में पेश किए गए इक्विटी शेयरों का बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड दोनों में सूचीबद्ध होना प्रस्तावित है। यहां इस्तेमाल किए गए लेकिन परिभाषित नहीं किए गए सभी बड़े शब्दों का वही अर्थ होगा जो रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस और प्रॉस्पेक्टस में उनके लिए दिया गया है।

## यात्रा ऑनलाइन ने आईपीओ की मंजूरी के लिए आवेदन किया

**नई दिल्ली।** यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। इस निर्गम के दौरान कंपनी 750 करोड़ रुपए मूल्य के नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा 93,28,358 इक्विटी शेयरों की खुली बिक्री पेशकश भी की जाएगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल दस्तावेज के मुताबिक, यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड आईपीओ से जुटाई जाने वाली राशि का इस्तेमाल रणनीतिक निवेश, अधिग्रहण और कारोबार वृद्धि के लिए करेगी। यात्रा ऑनलाइन की मूल कंपनी यात्रा ऑनलाइन इंक अमेरिकी बाजार नैसडेक में सूचीबद्ध है।

## विक्रम सोलर लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई।** विक्रम सोलर लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया है। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 1,500 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों द्वारा 5,000ए000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। वीएसएलए संयुक्त राज्य अमेरिका में बिक्री कार्यालय और चीन में खरीद कार्यालय के माध्यम से वैश्विक उपस्थिति रखता है और 31 दिसंबरए 2021 तक यह 32 देशों के ग्राहकों को सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति कर चुका है।

# पेट्रोल, डीजल की कीमत में फिर से बढ़ोतरी

भाषा। नई दिल्ली

**पेट्रोल** और डीजल की कीमत में शनिवार को 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। तेल कंपनियां कच्चे माल की कीमत में बढ़ोतरी का भार उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं, जिसके चलते पिछले पांच दिन में चौथी बार कीमत में बढ़ोतरी की गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य संबंधी अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 97.81 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 98.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.07 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 89.87 रुपए प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोल तथा डीजल की कीमत साढ़े चार महीने तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को 80 पैसे बढ़ाई गई थी। इसके बाद से इनकी कीमतों में प्रति लीटर 80–80 पैसे की तीन बार बढ़ोतरी की गई। इन कुल चार बार में पेट्रोल और डीजल के दाम में कुल 3.20 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले चार नवंबर, 2021 से ही पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं। हालांकि, इस अवधि में कच्चे तेल की कीमत 30 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गई थी। विधानसभा चुनाव के 10 मार्च को नतीजे आने के साथ ही पेट्रोल एवं डीजल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन पेट्रोलियम कंपनियों ने कुछ दिन और इंतजार किया। ऐसा कहा जा रहा है कि अब पेट्रालियम विपणन कंपनियां अपने घाटे की भरपाई कर रही हैं। भारत अपनी तेल की जरूरत पूरी करने के लिए आयात पर 85 फीसदी निर्भर है।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that "INDEED FINCAP PRIVATE LIMITED" (which is a RBI registered NBFC Company, incorporated under the provisions of the Companies Act, 1956 and having its registered office at 13th Floor, Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi -110001) has received the approval from the Department of Non-Banking Supervision, Reserve Bank of India, New Delhi for the change in the management of the company, in respect of appointment of Mr. Ravi Aggarwal as the director of the company vide Letter No S886/CMS-V/05.09.110/2021-22 dated 23rd March 2022. Any persons(s) who have any objection in this regard may submit their objections/comments to the Company at its Registered office or to the Department of Non-Banking Supervision, Reserve Bank of India, New Delhi within 30 (Thirty) days of this publication.

For Indeed Fincap Private Limited
Sd/-
DHANANJAY SHUKLA
DIRECTOR
DIN: 01264947
Add: Flat No 337, BLOCK-B, TYPE –A, POCKET-3, DDA FLAT, BINDA PUR, UTTAM NAGAR DELHI 110059
Date: 27.03.2022 Place: Delhi

**आदिहम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड**
(CIN: U70102DL2008PTC177009)
पंजीकृत कार्यालयः बी–1/504, सत्यम अपार्टमेंट्स, द न्यू प्रोग्रेसिव सीजीएचएस लिमिटेड, 20–बी, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली–110096, टेलीफोन नंबरः 9560280404; ईमेलः ndga504@gmail.com

**फॉर्म नंबर सीएए.9[धारा 233(1) और नियम 25(1) के अनुसार]**

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में
और
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 233 के तहत विलय की योजना के मामले में
कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 के साथ पठित

आदिहम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरिती कंपनी) के द्वारा सूचित किया जाता है कि अभिलाषा एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–1), बोल्स्टर कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–2), क्रेडेंस ह्यूमन नेटवर्किंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–3), एचबीआर कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–4), एचबीआर स्टॉक एंड शेयर्स प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–5), होप लाइफ मार्केटिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–6), केएसीएल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–7), कन्हैया जी टूर एंड ट्रेवल्स प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–8), कृष न्यूट्रिएंट प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–9), क्रिटा कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–10), लीनियर फार्मा प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–11), आरएसटी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–12), तंवर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कंपनी–13), के साथ विलय या समामेलन की एक योजना दर्ज करने का प्रस्ताव है, आदिहम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरिती कंपनी) के साथ, और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 233 की उप–धारा (1)(ए) के अनुसरण में योजना के संबंध में आपत्तियां या सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं।
विलय या समामेलन की योजना की प्रति का निरीक्षण एल बी–1/504, सत्यम अपार्टमेंट्स, द न्यू प्रोग्रेसिव सीजीएचएस लिमिटेड, 20–बी, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली–110096 स्थित हस्तांतरिती कंपनी पंजीकृत कार्यालय में किया जा सकता है।
से आपत्तियां या सुझाव आमंत्रित हैं–
(1) कंपनी रजिस्ट्रार, दिल्ली और हरियाणा के एनसीटी, चौथी मंजिल, आईएफसीआई टॉवर, 61, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
(2) आधिकारिक परिसमापक, 8वीं मंजिल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली–110003, और
(3) कोई भी व्यक्ति जिसका हित प्रस्तावित योजना से प्रभावित होने की संभावना है।
उपरोक्त (1), (2) या (3) में उल्लिखित कोई भी व्यक्ति, जो योजना के संबंध में आपत्तियां या सुझाव देना चाहता है, इस सूचना की दिनांक से तीस दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां या सुझाव क्षेत्रीय निर्देशक को बी–2 विंग, द्वितीय तल पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003, और कुशल सिंह (डीनः 02539447) ई–9 बीटा–1 ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर–201306 में हस्तांतरिती कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि हैं।
निर्देशक मंडल के आदेश से
आदिहम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए
एसडी/–
कुशल सिंह (निर्देशक)
डीनः 02539447
दिनांकः 24.03.2022
स्थानः दिल्ली

## कोरोनारोधी टीके की 183 करोड़ से अधिक खुराक दी गईं

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि देश में कोविड-19 रोधी टीके की 183 करोड़ से ज्यादा खुराकें लोगों को दी जा चुकी हैं। मंत्रालय ने कहा कि शनिवार शाम सात बजे तक 26 लाख से ज्यादा खुराकें दी गई हैं और देर रात अंतिम रिपोर्ट आने के बाद यह संख्या बढ़ सकती है। अब तक 12-14 आयुवर्ग के बच्चों को 1.20 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। उसने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों, अग्रिम पंक्ति के कर्मियों और 60 साल से ज्यादा आयु के लोगों को 2.25 करोड़ से ज्यादा ऐहतियाती खुराक दी जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़े के अनुसार देश में एक दिन में कोविड-19 के 1,660 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,30,18,032 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 20,000 से कम रह गई है।

**DOC टॉक**

डॉ. शुचिन बजाज
संस्थापक और निदेशक
उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स



## बिगड़ती वायु गुणवत्ता



जलने वाला जीवाश्म ईंधन वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है क्योंकि जब इन्हें जलाया जाता है तो यह हानिकारक गैसों और रसायनों को हवा में छोड़ता है जिससे यह सांस लेने के लिए जहरीला हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण, दुनिया भर में होने वाली हर साल लगभग 70 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। यह देखा गया है कि 10 में से 9 मनुष्य वर्तमान में ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं जो प्रदूषकों के संदर्भ में डब्ल्यूएचओ की प्रस्तावित दिशा-निर्देश सीमा से अधिक है, जिसमें निम्न व मध्यम आय वाले देशों में रहने वाले लोग सर्वाधिक पीड़ित हैं।

हर साल सर्दियों के आगमन के साथ, दिल्ली व उसके आस-पास के शहरों में हवा की गुणवत्ता बिगड़ने लगती है। वायु प्रदूषण का परिवेश स्तर दोलन कर रहा है, कई बार प्रमुख वायु प्रदूषकों के लिए निर्देशित सुरक्षा-सीमा से अधिक हो जाता है जो लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। यह समस्या हवा की कमी के कारण बढ़ गई है जो प्रदूषकों को स्थिर रखती है, यानि मोटर वाहनों से उत्सर्जन एवं औद्योगिक प्रदूषण, साथ ही साथ चल रही निर्माण गतिविधियों और सड़क के किनारे की धूल के रूप में। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मौसम विज्ञान के अनुसार, हवा की गति और वेंटिलेशन इंडेक्स प्रदूषकों के फैलाव के लिए 'बेहद प्रतिकूल' हैं।

हवा में प्रमुख प्रदूषक कार्बन मोनोऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर, ग्राउंड लेवल ओजोन और नाइट्रोजन और सल्फर डाइऑक्साइड के ऑक्साइड हैं। पार्टिकुलेट मैटर मुख्य सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा है और स्वास्थ्य-प्रभाव जोखिम के स्तर (अक्सर यूजी/मी3 में व्यक्त किए गए) और जोखिम की अवधि (अल्पावधि, 8 या 24 घंटे, या दीर्घावधि के बीच) पर निर्भर करते हैं। कई लोग बदलते तापमान व खराब वायु गुणवत्ता के कारण एलर्जी की शिकायत कर रहे हैं।

जहरीली हवा के बढ़ने से एलर्जी, वायरल फीवर, बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। शिशुओं व गर्भवती महिलाओं को सर्दी से एलर्जी होने का अधिक खतरा होता है। अध्ययनों ने सुझाव दिया है कि गर्भावस्था के दौरान वायु प्रदूषण अजन्मे बच्चों के लिए विशेष रूप से हानिकारक है। वायु प्रदूषण मानकों से नीचे का वायु प्रदूषण-स्तर मां और भ्रूण दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। 'स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2019' के अध्ययन के अनुसार, यह बताया गया है कि वायु प्रदूषण के मौजूदा उच्च-स्तर में बड़े होने वाले एक दक्षिण एशियाई बच्चे का जीवन औसतन ढाई साल छोटा हो जाएगा। सबसे आम कण प्रदूषक पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच) के संपर्क को समय-पूर्व जन्म, जन्म के समय कम वजन और चरम मामलों में शिशु मृत्यु-दर से जोड़ा गया है। यह बचपन में बाद में ऑटिज्म और मोटापे के अधिक जोखिम से भी जुड़ा हुआ है।

**वायु प्रदूषण से होता है डीएनए म्यूटेशन**

वायु प्रदूषण न केवल महत्वपूर्ण अंगों की तीव्र क्षति का कारण बनता है बल्कि सेलुलर स्तर पर भी नुकसान पहुंचाता है। अत्यधिक प्रदूषित हवा में नियमित रूप से सांस लेना, या लंबे समय तक एक्सपोजर सेलुलर संरचना से समझौता कर सकता है, जो बदले में डीएनए उत्परिवर्तन की ओर जाता है। सेलुलर क्षति का कोई भी स्तर अंग-क्षति का कारण बन सकता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से समझौता कर सकता है, जिससे वायरल समस्याओं की ओर ले जा सकता है।

यह तब खतरनाक हो सकता है जब हमारे वातावरण में पहले से ही घातक कोविड वायरस मौजूद हो। विभिन्न अध्ययनों ने सुझाव दिया है कि वायु प्रदूषण से एंडोथेलियल क्षति, सूजन हो सकती है, जो बदले में धमनियों को बंद कर सकती है और हृदय जोखिम को बढ़ा सकती है। हाइपर टेंशन, जो एक कारक है जो कार्डियो स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करता है, कोविड के लिए बुरा है। हाइपर टेंशन के रोगी शरीर में किसी न किसी प्रकार के रिसेप्टर्स , जिन्हें एसीई-2 के रूप में जाना जाता है, पर कमजोर पड़ जाते हैं जो कोरोनावायरस स्पाइक प्रोटीन के साथ अंतर्क्रिया करते हैं और शरीर पर हमला करते हैं।

**वायु प्रदूषण से हमें खुद को कैसे बचाना चाहिए?**

**मास्क पहनना जरूरी है :** जब भी आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाना अनिवार्य है। सुनिश्चित करें कि यह आपकी नाक, मुंह और ठुड्डी को ढंके। अगर कोई फेफड़े की बीमारी से पीड़ित है तो उस व्यक्ति को मास्क जरूर पहनना चाहिए जब वायु-गुणवत्ता हर रोज गिर रही हो।

**एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें :** आपके घर के अंदर की हवा बाहर की तरह ही प्रदूषित है। एक अच्छी गुणवत्ता वाला वायु शोधक प्रदूषण के हानिकारक प्रभाव से निपटने में मदद करता है। कोई भी अपने घर व कार्यस्थल में प्राकृतिक वायु शोधक जैसे एलोवेरा और स्पाइडर प्लांट का उपयोग कर सकता है।

**अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए पौष्टिक भोजन करें**

वायु प्रदूषण से खुद को बचाने के लिए प्याज, अदरक, लहसुन, हल्दी, मेथी, कच्चा शहद, इलायची जैसे खाद्य पदार्थ प्रभावी हैं। हवा की गुणवत्ता खराब होने पर इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने से आपको मदद मिल सकती है। साथ ही, मैं बाहर के खाने की जगह घर का बना खाना पसंद करती हूं।

## समर कूलर



**अनानास का जूस :** अनानास के जूस में ढेर सारे विटामिन और मिनरल होते हैं। यह विशेष रूप से मैंगनीज, तांबा, विटामिन बी 6 और विटामिन सी से भरपूर है। ये सभी आपके शरीर के सामान्य कामकाज के लिए आवश्यक हैं। इसमें प्रचुर एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो आपके शरीर को बीमारी और क्षति से लड़ने में सहायता करते हैं। अनानास में पाए जाने वाले विविध एंजाइम ब्रोमेलैन सूजन को कम करने, पाचन में सुधार और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। मैगनीज आघात, चोटों, सर्जरी, संधिशोथ और पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण होने वाली सूजन को कम करने में सहायता कर सकता है। हालांकि, ज्यादा रस-आधारित शोध की आवश्यकता है। अध्ययनों में ब्रोमेलैन को बेहतर हृदय स्वास्थ्य के संकेतकों के साथ जोड़ा गया है।



# जीवन की गुणवत्ता की बहाली

डॉ. शुभंग अग्रवाल का कहना है कि सर्जरी के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार रहना जरूरी है। डॉक्टर आपको मानसिक रूप से तैयार होने में मदद करेंगे लेकिन शारीरिक मजबूती के लिए आपको सही खाने और व्यायाम करने की जरूरत है



डॉ. शुभांग अग्रवाल
हड्डी रोग और रोबोटिक संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जन और निदेशक, एनएचएस अस्पताल, जालंधर

जब आप जोड़ों की समस्याओं का सामना करते हैं तो घुटने या कूल्हे में पुराना दर्द, सूजन और चुटकी या तेज टहा वाला दर्द जैसे मसले होते हैं। ये सभी लक्षण न केवल आपकी रातों की नींद हराम करते हैं बल्कि उन कामों को करने की आपकी क्षमता को भी सीमित कर देते हैं जो आप सामान्य रूप से करते हैं। मध्यम से वृद्ध लोगों में यह एक सामान्य स्वास्थ्य स्थिति है, लेकिन इन दिनों युवा वयस्क भी जोड़ों की समस्याओं से प्रभावित होते हैं और यह ज्यादातर कुछ खेल की चोट, दुर्घटना या सिर्फ अपक्षयी पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस रोग के कारण होता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि ऐसे जोड़ों के दर्द से निपटने के लिए व्यक्ति को सूजन-रोधी दवाओं के साथ पर्याप्त आराम करना चाहिए। यदि स्थिति तब भी बनी रहती है तो व्यक्ति को डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए और उपास्थि संरक्षण सर्जरी की संभावनाओं का पता लगाना चाहिए अन्यथा उन्हें जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी करानी होगी।

**सर्जरी पर कब विचार करें?**

जब आप काम करते हैं, सोते हैं, चलते हैं या यहां तक कि लंबे समय तक बैठते हैं और आपके कूल्हे या घुटने का दर्द आपको प्रभावित करता रहता है, और आपको लगता है कि आप अपने रोजमर्रा गतिविधि को पूरा करने के लिए अन्य लोगों पर निर्भर हो रहे हैं, या यदि आप महसूस करें कि आप दर्द से बचने के लिए कम सक्रिय होने के लिए अपनी जीवन शैली को बदलने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपको आपरेशन या सर्जरी या शल्य प्रक्रिया जैसे कि टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट का विकल्प चुनना चाहिए। सर्जिकल प्रक्रिया का सुझाव तभी दिया जाता है जब दवाएं और फिजियोथेरेपी सहित गैर-सर्जिकल उपचार आपको दर्द से कोई राहत नहीं देते हैं और जीवन की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं करते हैं। घुटने और कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी अब तकनीकी रूप से मांग वाली, सटीक लेकिन बेहद सफल सर्जरी है और घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी करना एक बहुत ही सामान्य बात बन गयी है।

> सर्जिकल प्रक्रिया का सुझाव तभी दिया जाता है जब दवाएं और फिजियोथेरेपी सहित गैर-सर्जिकल उपचार आपको दर्द से कोई राहत नहीं देते हैं और जीवन की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं करते हैं

टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के जरिए, एक गठिया या क्षतिग्रस्त जोड़ की सतहों को हटा दिया जाता है और उसकी जगह एक धातु, प्लास्टिक, या सिरेमिक डिवाइस को लगा दिया जाता है जिसे प्रोस्थेसिस कहा जाता है। इन कृत्रिम अंगों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ये एक स्वस्थ जोड़ की तरह काम करते हैं। इस प्रक्रिया का उपयोग ज्यादातर कूल्हे व घुटने को बदलने के लिए किया जाता है लेकिन अब इसे कलाई, टखने, कोहनी और कंधे सहित अन्य जोड़ों पर भी किया जा सकता है।

रोबोटिक्स के आगमन के बाद से, एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले लंबे समय तक चलने वाले प्रत्यारोपण की उपलब्धता से, प्लेसमेंट सर्जरी की कोशिश करना अब उम्र से संबंधित सर्जिकल प्रक्रिया नहीं रह गयी है, कोई भी जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए इसका विकल्प चुन सकता है। यह प्रक्रिया उन लोगों के लिए जरूरी है जिन्हें कूल्हे या घुटने की हड्डी-पर-हड्डी ऑस्टियोआर्थराइटिस है। दुनिया भर में किसी भी अच्छे केंद्र में, जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी या गहन शिरा घनास्त्रता और संक्रमण की दो मुख्य जटिलताएं हैं। संक्रमण की दर आमतौर पर 0.5 फीसदी से कम होती है और ऑपरेशन थिएटर में बैक्टीरिया मुक्त हवा को फिल्टर करने और प्रदान करने के लिए लैमिनार एयरफ्लो का उपयोग करने वाले बेहतर बुनियादी ढांचे व ऑपरेशन थिएटर से जोखिम-दर को कम बनाए रखा गया है। डीप वेन थ्रॉम्बोसिस को रोकने के लिए, ऑपरेशन उपरांत रक्त को पतला करने के लिए जल्द सक्रियता और उपयोग करना, रोगियों को बचाने का एक लंबा रास्ता तय करता है।

**टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए खुद को तैयार करना**

आपकी सर्जरी से ठीक एक हफ्ते पहले, आपका डॉक्टर और उनकी सर्जिकल टीम आपको पूरी प्रक्रिया के बारे में अच्छी तरह से जानकारी देंगे और रक्त परीक्षण व कार्डियोग्राम जैसे कुछ परीक्षण करेंगे। आपको सर्जरी के बाद की जटिलताओं सहित अपने संदेहों को भी स्पष्ट करना चाहिए। यह आवश्यक है कि आप मानसिक व शारीरिक रूप से सर्जरी के लिए अच्छी तरह तैयार हों। डॉक्टर आपको मानसिक रूप से तैयार करने में मदद करेंगे लेकिन शारीरिक मजबूती के लिए आपको डॉक्टर के सुझाव के अनुसार सही खाना और व्यायाम करना होगा। घर पर, अपने सहायक सामान जैसे शॉवर कुर्सी, रेलिंग प्राप्त करें, यदि आपकी आयु 70 से अधिक है, जिसकी आपको सर्जरी के बाद आवश्यकता होगी। एक बार जब आप अच्छी तरह से तैयार हो जाते हैं तो आप एक आसान सर्जरी कर सकते हैं और साथ ही तेजी से ठीक भी हो सकते हैं।

**स्वास्थ्य लाभ**

देश के कुछ केंद्रों में रोबोटिक सर्जरी और आक्रामक पुनर्वास प्रोटोकॉल का पालन करने से, आपको अपनी सर्जरी के तीन घंटे बाद खड़े होने और चलने के लिए मजबूर किया जाएगा। आप जितना अधिक व्यायाम करेंगे उतना ही अच्छा महसूस करेंगे। चिकित्सक द्वारा सुझाए गए व्यायाम और फिजियोथेरेपिस्ट के मार्गदर्शन में, यदि ठीक से किया जाए तो यह सुधार प्रक्रिया का सबसे अभिन्न अंग बन जाता है। आपका फिजियोथेरेपिस्ट आपको विशिष्ट अभ्यासों के साथ मार्गदर्शन करेगा जो आंदोलन को बहाल करने और जोड़ को मजबूत करने में मदद करेंगे। कभी-कभी, आसपास की मांसपेशियों व ऊतकों के कारण बदले हुए जोड़ में अस्थायी दर्द होता है।

**-लेखक हड्डी रोग और रोबोटिक जोड़ प्रतिस्थापन सर्जन एवं एनएचएस अस्पताल, जालंधर में निदेशक हैं**

## संकट में मानव मन



डॉ. सुप्रीत सिंह कहते हैं कि स्मार्टफोन के बिना इंसान का दिमाग बेहतर तरीके से काम करता है। अत्यधिक उपयोग से मानव मन की सामाजिक व भावनात्मक क्षमताओं का ह्रास हो सकता है....

मानव मन लगातार उथल-पुथल की स्थिति में है। इस दुनिया में हर कोई खुश व संतुष्ट रहने के लिए एक दूसरे से होड़ कर रहा है, लेकिन समस्या यह है कि इसे कैसे करना है, यह कोई नहीं जानता। आज की तेजी से भागती दुनिया में वास्तविकता व कृत्रिमता को पूरी तरह से संतुलित करना समस्याग्रस्त हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप सभी उम्र के लोगों में प्रतिकूल मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं नजर आ रही हैं।

अति हर चीज की बुरी होती है। संचार को आसान व त्वरित बनाने के लिए मोबाइल तकनीक का आविष्कार किया गया था, लेकिन इसकी अत्यधिक प्रगति ने मानव अनुभूति को प्रभावित किया है। कैलिफोर्निया मेडिकल बिहेवियरल हेल्थ के सीईओ डॉ सुप्रीत खरे कहते हैं, ''स्मार्टफोन के बिना मानव मस्तिष्क बेहतर तरीके से काम करता है। साथ ही, स्मार्टफोन के अधिक उपयोग से मानव मन की सामाजिक व भावनात्मक क्षमताओं में कमी आ सकती है, जिससे आगे चलकर असावधानी हो सकती है।''

यशवंत चौधरी, प्रसिद्ध मनोचिकित्सक, ने बताया कि जब कोविड-19 महामारी ने दुनिया को चोट दी तो इंटरनेट उपयोगकर्ता का व्यवहार पूरी तरह से बदल गया था। एनसीबीआई के अनुसार पूरे देश में लॉकडाउन के कारण, उपयोग पैटर्न और उपयोगकर्ता व्यवहार में बड़े पैमाने पर बदलाव होने से, सूचना प्रणाली और नेटवर्क के उपयोग में वृद्धि हुई है।

कॉरपोरेट जगत, यहां तक कि छोटे उद्यमों के पास भी अपना काम करने के लिए ऑनलाइन को अपनाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था। जब पूरी दुनिया ने खुद को अपने स्मार्टफोन और लैपटॉप के बीच फंसा पाया, तो ऑनलाइन विपणक अवसर के इस पूल में डूब गए। 2020 के एक अध्ययन से पता चलता है कि महामारी के दौरान जीवनशैली व मानसिक स्वास्थ्य में व्यवधान आम हो गया और दुनिया पूर्णतया इंटरनेट पर निर्भर हो गई। विपणक अपने उपभोक्ताओं को चौबीसों घंटे अपनी स्क्रीन से जोड़े रखने के लिए नए तरीके अपनाते हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि सोशल मीडिया व आत्म-क्षति युवाओं में काफी प्रचलित हो गए है। संयुक्त राज्य अमेरिका में आत्महत्या के एक दर्जन से अधिक मामले सामने आए जिनमें युवा लोग शामिल थे। इंटरनेट हेकलर्स अक्सर अश्लील टिप्पणियों को बढ़ावा देने व दूसरों पर क्रूर हमले करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। वे अक्सर प्रभावित करने वालों की तस्वीरों पर नस्लीय संदेश भेजते हैं और उन लोगों की विकृत तस्वीरें साझा करते हैं जिनसे वे नफरत करते हैं, जिससे पीड़ितों को शर्मिंदगी, चोट और वास्तविक पीड़ा होती है।

कैलिफोर्निया मेडिकल बिहेवियरल थेरेपी के शोधकर्ताओं ने कहा कि तकनीकी उन्नतियां से परेशान दिमाग की ओर ले जाती हैं। आगे बताते हुए कि मानव मस्तिष्क में लगभग एक अरब न्यूरॉन्स होते हैं, फिर भी, केवल सीमित मात्रा में जानकारी बरकरार रखी जा सकती है। किराने का सामान, कपड़े और यहां तक कि दवाओं की ऑनलाइन खरीदारी से लेकर ऑनलाइन आवेदनों पर डेटिंग तक, नवाचार ने मानव जीवन को अगले स्तर तक पहुंचा दिया है। लेकिन क्या यह मानव जाति की मदद कर रहा है या इसे नष्ट कर रहा है?

प्रौद्योगिकियों ने मानव अंत:क्रियाओं को शून्य कर दिया है, और हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, और लोगों के मन को संतुष्ट करने के लिए आभासी बातचीत पर्याप्त नहीं है।

उन्नत तकनीकों के कारण, डॉक्टर मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं पर अधिक केंद्रित होकर काम कर रहे हैं एवं विस्तृत अध्ययन कर रहे हैं।

**-लेखक कैलिफोर्निया मेडिकल बिहेवियरल हेल्थ में सीईओ हैं**

# अत्यधिक स्क्रीन टाइम है खतरनाक

एक अध्ययन के अनुसार, डिजिटल स्क्रीन समय का प्रत्येक घंटा, जीवन प्रत्याशा को 22 मिनट तक कम कर देता है। इसके बारे में विस्तार से बता रहे हैं डॉ. विपुल गुप्ता

स्ट्रोक को रुग्णता और विकलांगता के सबसे आम व प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। ऐसा अनुमान है कि हर 40 सेकंड में कोई न कोई स्ट्रोक से पीड़ित होता है और वैश्विक स्तर पर स्ट्रोक के कारण प्रत्येक चार मिनट में एक व्यक्ति की मौत होती है। हालांकि बढ़े हुए स्क्रीन समय के कारण होने वाले प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों से लोग परिचित हैं, मगर स्ट्रोक एक ऐसी घातक बीमारी है जिसे हाल ही में स्ट्रोक से जोड़ा गया है।

कोविड युग में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में परिवर्तन से संबंधित, दुनिया भर में डिजिटल स्क्रीन का समय बढ़ गया है। घर से काम करने वाले कई पेशेवरों के साथ-साथ ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों से, स्क्रीन टाइम में तेजी से वृद्धि हुई है। यह एक कम ज्ञात तथ्य है कि हाई स्क्रीन टाइम स्ट्रोक, मधुमेह व हृदय रोगों के जोखिम सहित सह-रोगों की अधिकता से सीधे जुड़ा हुआ है। सिफारिश से अधिक स्क्रीन टाइम का प्रत्येक घंटा स्ट्रोक में वृद्धि के जोखिम को लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ा देता है।

कई अध्ययनों में आया है कि इंटरनेट/गेमिंग की लत में दिमाग के क्षेत्रों (जहां प्रोसेसिंग होती है) में ऊतक की मात्रा में कमी या हानि होती है, प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण फ्रंटल लोब शामिल होता है, जो योजना, प्राथमिकता, आयोजन, और आवेग नियंत्रण जैसे कार्यकारी कार्यों को नियंत्रित करता है।



पहले, स्ट्रोक को बुजुर्गों (60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों) की बीमारी माना जाता था, लेकिन हाल के वर्षों में युवा आबादी में स्ट्रोक के ज्यादा हमले देखे गए हैं। एक ताजा अध्ययन में विस्तार से बताया गया है कि हाल के वर्षों में स्ट्रोक की समग्र घटनाओं में गिरावट देखी गई है, लेकिन 25 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में स्ट्रोक की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अमेरिका व अन्य विकसित देशों की तुलना में, भारत में युवा समूह में स्ट्रोक के मामलों का प्रसार बहुत अधिक है, जो लगभग दोगुना है।

हाल ही में यूएस आधारित एक अध्ययन के अनुसार, डिजिटल स्क्रीन समय जीवन प्रत्याशा के विपरीत आनुपातिक पाया गया है। अध्ययन के अनुसार, डिजिटल स्क्रीन समय के हर घंटे के लिए, जीवन प्रत्याशा 22 मिनट तक कम हो जाती है। स्क्रीन टाइम की मात्रा के प्रतिकूल परिणाम भी सामने आए, जिनमें दिल का दौरा, स्ट्रोक और कैंसर होना शामिल था।

40,000 से अधिक प्रतिभागियों वाले, यूनाइटेड किंगडम के एक बड़े पैमाने पर हुए अध्ययन ने निष्कर्ष निकाला कि जब स्क्रीन का समय दिन में दो घंटे से अधिक था, तो स्ट्रोक का जोखिम काफी अधिक था। उच्च शारीरिक गतिविधि (सात दिन के सप्ताह में प्रति दिन 1 घंटा टहलना ) ने लंबे समय तक स्क्रीन समय के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ थोड़ी सुरक्षा प्रदान की। असलियत में स्क्रीन टाइम बढ़ने से कैंसर का खतरा भी बढ़ गया है।

एक समयावधि के दौरान व्यक्ति में स्क्रीन की लत विकसित हो जाती है और इसे मनोरंजक पदार्थों की लत के समान देखा जा सकता है। युक्तिकरण (निर्णय लेने)के केंद्र और प्रेरणा व पुरस्कार के केंद्रों के बीच मस्तिष्क में एक निरंतर संतुलन होता है। समय के साथ, प्रेरणा और पुरस्कार के केंद्र का युक्तिकरण के केंद्र पर प्रभाव हावी हो जाता है, और उसी मुकाम पर लत की स्थिति विकसित हो जाती है।

जब कोई गतिविधि सुखद अनुभव देती है तो मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रासायनिक पदार्थ बढ़ जाता है। समय के साथ स्क्रीन का आदी व्यक्ति अपने पसंदीदा भोजन, परिवार और छुट्टियों के समय को अब एक सुखद अनुभव के रूप में नहीं देख पाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि डोपामाइन के स्तर की सीमा जिसके परिणामस्वरूप पुरस्कृत अनुभव बढ़ जाता है। स्क्रीन के साथ लत विकसित करने में भी इसी तरह की प्रक्रिया होती है।

दो घंटे से ज्यादा, डिजिटल स्क्रीन के सामने बिताया गया प्रत्येक घंटा स्ट्रोक के जोखिम को 20 प्रतिशत तक बढ़ा देता है, जो युवा आबादी में स्ट्रोक के जोखिम का एक प्रमुख योगदान कारक है।

लंबे समय तक स्क्रीन समय के प्रभावों को नकारने के लिए व्यक्ति क्या कर सकता है? शोधकर्ताओं ने पाया है कि अगर कोई स्क्रीन पर बिताए गए प्रत्येक 20 मिनट के लिए 2 से 5 मिनट की शारीरिक गतिविधि का सहारा लेता है, तो यह मधुमेह और मोटापे के विकास की संभावना को काफी कम कर देता है।

जब आप बिस्तर पर जाएं तो नीली रोशनी उत्सर्जित करने वाले उपकरणों से बचें। यह मेलाटोनिन की मात्रा को कम करता है, यह ऐसा रासायनिक पदार्थ है जो आपके मस्तिष्क को जागृत अवस्था से नींद की अवस्था में ले जाता है। रात में डिवाइस का उपयोग आपको सोने से रोकेगा और इसके कारण आपको स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाएगा।

अध्ययन की सिफारिशों व निष्कर्षों ने समझाया कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को डिजिटल स्क्रीन से सख्ती से बचना चाहिए, और 16 आयु वर्ग के वयस्क को स्ट्रोक के दीर्घकालिक जोखिम को कम करने के लिए दिन में केवल दो घंटे का ही स्क्रीन टाइम बिताना चाहिए।

# धोनी की पारी बेकार, केकआर का जीत से आगाज

● चेन्नई को 6 विकेट से पराजित किया

भाषा। मुंबई

**उमेश यादव** (20 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अजिंक्य रहाणे (34 गेंद में 44 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सत्र के पहले में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ छह विकेट की शानदार जीत दर्ज की। चेन्नई की टीम टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की 38 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी के बावजूद पांच विकेट पर 131 रन ही बना सकी। केकेआर ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 133 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर पिछले सत्र के फाइनल में मिली हार के गम को कुछ हद तक कम किया। मैन ऑफ द मैच उमेश यादव ने चेन्नई के सलामी बल्लेबाजों रुतुराज गायकवाड़ (शून्य) और डेवोन कॉन्वे (तीन) को सस्ते में पवेलियन भेज कर केकेआर को शानदार शुरुआत दिलाई। इन शुरुआती झटकों से चेन्नई की टीम उबरने में नाकाम रही। धोनी ने हालांकि आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। पूर्व कप्तान ने अपनी नाबाद पारी में सात चौके और एक छक्का लगाकर एक बार फिर साबित किया कि भले ही उन्होंने उम्र के 40वें पड़ाव को पार कर लिया हो लेकिन बल्लेबाजी में दमखम बाकी है। वह एडम गिलक्रिस्ट और क्रिस गेल के बाद आईपीएल में अर्धशतक लगाने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। उन्होंने आईपीएल में लगभग तीन साल के बाद अर्धशतक लगाया है। उनका पिछला अर्धशतक 21 अप्रैल 2019 रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद 84 रन की पारी के रूप में आया था। धोनी ने आईपीएल में 24वां अर्धशतक लगाने के साथ छठे विकेट के लिए टीम के नए कप्तान रविन्द्र जडेजा के साथ 66 रन की अटूट साझेदारी की। इस दौरान नए कप्तान जडेजा गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाने के लिए संघर्ष करते दिखे। जडेजा ने 28 गेंद की नाबाद पारी में 26 रन बनाए जिसमें पारी की आखिरी गेंद पर लगाया छक्का शामिल है। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुभवी अजिक्य रहाणे और पिछले साल के आईपीएल की खोज वेंकटेश अय्यर की अच्छी शुरुआत ने कोलकाता का काम आसान कर दिया। दोनों ने तुषार देशपांडे के खिलाफ चौका जड़कर अपने हाथ खोले। रहाणे ने शुरुआती ओवरों में टाइमिंग का शानदार इस्तेमाल करते हुए पारी के चौथे ओवर में एडम मिल्ने के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा। पावरप्ले में टीम ने बिना किसी नुकसान के 43 रन बना लिए थे।अगले ओवर में जडेजा ने गेंद अनुभवी ड्वेन ब्रावो को थमाई और उन्होंने वेंकटेश को विकेट के पीछे धोनी के हाथों कैच कराकर कप्तान के फैसले को सही साबित किया। वेंकटेश ने 16 गेंद में 16 रन बनाए। नीतिश राणा (17 गेंद में 21 रन) ने क्रीज पर कदम रखते ही पारी के आठवें ओवर में शिवम दुबे के खिलाफ दो चौके और फिर मिशेल सेंटनेर के खिलाफ बड़ा छक्का जड़ा चेन्नई पर दबाव बढ़ा दिया। ब्रावो ने हालांकि पारी के 10वें ओवर में राणा को आउट कर चेन्नई को दूसरी सफलता दिलाई तो वहीं सेंटनर ने 12वें ओवर में रहाणे को कप्तान जडेजा के हाथों कैच कराकर मैच में टीम की वापसी कराई। उन्होंने 34 गेंद में 44 रन बनाए। केकेआर को जरूरी रन गति नियंत्रण में रहने का फायदा मिला और कप्तान श्रेयस के साथ सैम बिलिंग्स ने बिना कोई जोखिम लिए स्कोर बोर्ड को चलायमान रखा। बिलिंग्स ने इस दौरान 16वें ओवर में ब्रावो और 17वें ओवर में जडेजा के खिलाफ छक्का लगाकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। ब्रावो 18वें ओवर में बिलिंग्स को पवेलियन भेज तीसरी सफलता हासिल की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। श्रेयस ने मिल्ने के खिलाफ चौका जड़ नौ गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। इससे पहले चेन्नई के शुरुआती झटको का रॉबिन उथप्पा पर कोई असर नहीं पड़ा उन्होंने तीसरे ओवर में उमेश यादव और चौथे ओवर में शिवम मावी के खिलाफ छक्का जड़कर अपना हाथ खोला। इसके बाद भी टीम पावरप्ले के छह ओवर में दो विकेट पर सिर्फ 35 रन ही बना सकी। अनुभवी अंबाती रायुडू ने वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन इस रहस्यमई स्पिनर ने उथप्पा को फंसा लिया और विकेटकीपर शेल्डन जैक्सन शानदार स्टंपिंग कर 21 गेंद में उनकी 28 रन की पारी को खत्म किया।



रहाणे के 34 गेंद में 44 रन



### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स पारी:** रुतुराज का राणा बो उमेश 00,कॉन्वे का श्रेयस बो उमेश 03, उथप्पा स्टं. जैक्सन बो चक्रवर्ती 28, रायुडू रन आउट (श्रेयसानारायण) 15,जडेजा नाबाद 26 ,शिवम का नारायण बो रसेल 03,धोनी नाबाद 50,**अतिरिक्त:** (नो बॉल: 02 वाइड: 04) 06, कुल योग: (20 ओवर में पांच विकेट पर) 131 रन ,विकेट पतन: l–2, 2–28, 3–49, 4–52, 5–61 ,**गेंदबाजी:**उमेश 4–0–20–2, मावी 4–0–35–l,चक्रवर्ती, नरायण 4 – 0 – 23– l, रसेल 4–0–38– l

# टीम के अंदर अब भी नेतृत्वकर्ता हो सकता हूं, सफलता की ओर आगे बढ़ा सकता हूं



भाषा। मुंबई

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भले ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी छोड़ दी हो लेकिन उनका कहना है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में टीम के अंदर अब भी नेतृत्वकर्ता हो सकते हैं और इसे सफलता की ओर बढ़ा सकते हैं। फाफ डु प्लेसिस को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपने के बाद कोहली 2012 के बाद पहली बार आरसीबी के कप्तान के तौर पर नहीं बल्कि खिलाड़ी के तौर पर मैदान में उतरेंगे। कोहली ने आरसीबी की वेबसाइट पर पोस्ट किए साक्षात्कार में कहा, आप फिर टीम के अंदर एक नेतृत्वकर्ता हो सकते हो, टीम को सफलता की ओर आगे बढ़ा सकते हो और ट्राफियां और खिताब जीता सकते हो लेकिन मुझे टीम के लिए योगदान करने में काफी गर्व महसूस होगा। यह मेरे लिए काफी रोमांचक स्थान होगा क्योंकि आप एक व्यक्ति हैं जो एक टीम का हिस्सा हैं, भले ही आप कप्तान हो या नहीं, आप फिर भी एक व्यक्ति हो जो टीम का हिस्सा है। कोहली ने साथ ही कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि वह आरसीबी को दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान के नेतृत्व में बदलते हुए देखेंगे। काफी लोग बदलाव का दौर टीम से बाहर होने के बाद देखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि यह मेरी आंखों के आगे होगा जबकि मैं भी इसका हिस्सा हूं। तैंतीस साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल घोषणा की थी कि वह जब तक संन्यास लेंगे, तब तक आरसीबी के लिए खेलते रहेंगे। आपको फिर भी अपनी टीम के लिए योगदान करने के तरीके देखने होते हैं और मैं निश्चित रूप से उस स्थान पर हूं जहां मैं टीम की जिस भी तरह मदद कर सकता हूं, करूंगा। कोहली ने करीब एक दशक बाद अपनी कप्तानी की जिम्मेदारी के बोझ से मुक्त होने का खुलासा किया और कहा कि यह उनके लिए दोबारा विचार करने का मौका है। किसी के लिए भी यह ऐसा समय निकालने के लिए समझदारी भरी चीज है कि जिसमें बस गहरी सांस लें और चीजों को फिर से व्यवस्थित करें और कहें रूको, मैंने काफी चीजों को नहीं देखा था जिस पर मुझे काम करने की जरूरत है और यहां मेरे पास खुद को फिर से व्यवस्थित करने, दोबारा विचार करने का मौका है कि मैं क्या करना चाहता हूं। कोहली ने कहा, और सुधार करने के लिए उन चीजों को ढूंढना और फिर उस चीज का अभ्यास करना जिसे आप करना चाहते थे। मुझे इस दौर में यही महसूस हुआ है। उन्होंने साथ ही कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद वह अभ्यास के लिए आने का लुत्फ उठा रहे है और अपने कौशल को निखारने पर ज्यादा ध्यान दे पा रहे हैं।

### आरसीबी की कप्तानी में बदलाव के साथ हमें 2016 सत्र जैसा कोहली देखने को मिल सकता है : गावस्कर

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर मानते है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का कप्तान बदलने से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को विराट कोहली का 2016 सत्र जैसा प्रदर्शन देखने को मिल सकता है जिसमे उन्होंने 900 से ज्यादा रन बनाए थे। रविवार को जब आरसीबी आईपीएल 15 के शुरूआती मुकाबले मे पंजाब किंग्स के खिलाफ नवी मुंबई मे डीवाई पाटिल स्टेडियम मे खेलने उतरेगी तो कोहली के सभी के आकर्षण का केंद्र होगे, हालांकि इस बार वह बतौर खिलाड़ी मैदान मे उतरेंगे। आईपीएल के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स के एक एपिसोड गेमप्लान मे बात करते हुए गावस्कर ने कहा, इस समय हम नही जानते कि कोहली फिर कप्तानी संभालेगे या नही। कभी कभार जब खिलाड़ी को कप्तानी के बोझ से राहत मिलती है तो वह अच्छा प्रदर्शन करता है क्योंकि वह अन्य 10 खिलाड़ियो के बारे मे नही सोच रहा होता। जब आप कप्तान होते हो तो आप 10 अन्य खिलाड़ियो के बारे मे सोच रहे होते हो और कभी कभार अपनी टीम के अन्य सदस्यो के बारे मे भी, उनकी फॉर्म या उनकी खराब फॉर्म और वे क्या चीजे सही नही कर रहे, वे ए सही कब करेंगे, यह टीम के लिए अच्छा होगा, के बारे मे सोच रहे होते हो। इस सत्र मे हमें 2016 के सत्र का कोहली देखने को मिल सकता है जिसमे उन्होने आईपीएल सत्र मे करीब 1000 रन बना लिए थे। कोहली पिछली बार 2012 मे आरसीबी के कप्तान नही थे, जिसके बाद उन्होने न्यूजीलैड के डेनियल विटोरी से लेकर कप्तानी संभाली थी।

### अर्जुन शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैम्पियन अर्जुन एरिगैसी ने शनिवार को यहां 19वें दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में अंतरराष्ट्रीय मास्टर श्याम निखिल को हराकर संयुक्त बढ़त हासिल करने सफल रहे। इस जीत के साथ एरिगैसी ग्रैंडमास्टर्स ललित बाबू एम आर और कार्तिक वेंकटरमन के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। ललित बाबू और वेंकटरमन ने ड्रॉ खेला। उज्बेकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय मास्टर निगमतोव ओरटिक ने भी ग्रैंडमास्टर सेथुरमन एसपी के साथ ड्रा मुकाबले के बाद शीर्ष आ गए है।

### संधू डीजीसी ओपन में शीर्ष पर काबिज थिप्पोंग से दो शॉट पीछे

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर अजीतेश संधू मुश्किल परिस्थितियों में शनिवार को तीसरे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेल तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के नितिथ्रोन थिप्पोंग से दो शॉट पीछे है। संधू कुल छह अंडर 210 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। अन्य भारतीयों में, गगनजीत भुल्लर (73), एम धर्मा (73) और वीर अहलावत (78) भी दिल्ली गोल्फ क्लब में अच्छी स्थिति में है।

### राजीव 13वें स्थान पर रहे, सेंथिल दुर्घटना का शिकार

**बुरिरैम (थाईलैंड)।** आईडीईएमबाईटीएसयू होंडा रेसिंग इंडिया टीम के राजीव सेतु ने शनिवार को यहां एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप की शुरुआती स्पर्धा में 13वां स्थान हासिल किया जबकि सेंथिल कुमार चौथे लैप मे दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण रेस पूरी नही कर सके। राजीव ने एशिया प्रोडक्शन 250 वर्ग के पहली रेस को 13वें स्थान से शुरू करते हुए अंतिम लैप तक अपनी स्थिति बरकरार रही।

### दर्शन और वर्षा ने क्रास कंट्री पुरूष और महिला खिताब जीते

**कोहिमा।** दर्शन सिंह और वर्षा देवी ने शनिवार को यहां सैफ क्रास कंट्री चैम्पियनशिप और राष्ट्रीय क्रास कंट्री चैम्पियनशिप में क्रमशः पुरूष और महिला 10 किमी खिताब अपने नाम किए। दर्शन और वर्षा ने सैफ प्रतियोगिता में क्रमशः 31:08.00 मिनट और 37:14.00 मिनट के समय से पहली बार अंतरराष्ट्रीय सफलता हासिल की।

### सतनाम सिंह ने डब्ल्यूबीसी इंडिया फीदरवेट खिताब जीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुक्केबाज सतनाम सिंह ने दस राउंड के बाद अमय नितिन को बहुमत के फैसले से हराकर डब्ल्यूबीसी इंडिया फीदरवेट खिताब जीत लिया। दस राउंड के बाद दो जज ने सतनाम के पक्ष में फैसला दिया जबकि तीसरे जज ने से ड्रॉ बताया। सतनाम पहले कुछ राउंड में हावी रहे तो महाराष्ट्र के नितिन ने बाद में वापसी की। इस प्रतिस्पर्धा के साथ ही युनाइटेड प्रोफेशनल मुक्केबाजी के फाइटक्लब लाइव मुक्केबाजी शो के पहले सत्र का समापन हो गया। एक अन्य मुकाबले में राकेश लोहचाब ने अमरनाथ यादव को हराकर सुपर बेंथम खिताब जीता।

### विश्व कप प्लेआफ के पहले चरण में मिस्र ने सेनेगल को हराया

**केपटाउन।** मोहम्मद सालाह के शानदार प्रदर्शन के दम पर मिस्र ने विश्व कप फुटबॉल प्लेआफ के पहले चरण में सेनेगल को 1–0 से हराया। सालाह का शुरूआती शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और सेनेगल के डिफेंडर सालियू सिस को लगकर गोल के भीतर चली गई। सालाह और लिवरपूल के उनके साथी सेनेगल के सादियो माने की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिद्वंद्विता पिछले छह सप्ताह से चली आ रही है। दोनों का सामना कैमरन में अफ्रीकी कप आफ नेशंस के फाइनल में हुआ था। माने ने मिस्र के खिलाफ शूटआउट में विजई गोल करके सेनेगल को पहला खिताब दिलाया था। प्लेआफ से कतर में होने वाले विश्व कप में पहुंचने वाली पांच अफ्रीकी टीमों का पता चलेगा। एक अन्य मैच में ट्यूनीशिया ने माली को।–0 से हराया। मोरक्को ने कांगो के साथ।–।से ड्रा खेला।

# कप्तान कोहली के दौर के बाद आरसीबी का पहला मुकाबला पंजाब किंग्स से

भाषा। नवी मुंबई

**कप्तानी छोड़ने** से बतौर बल्लेबाज भले ही विराट कोहली पर दबाव कम हो गया हो लेकिन आईपीएल 15 के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर उतरेगी तो सभी की नजरें उन्हीं पर रहेगी। एक दशक में पहली बार कोहली टीम की कप्तानी नहीं कर रहे हैं और एक खिलाड़ी के रूप में ही खेलेंगे। कोहली की कोशिश खोया फॉर्म हासिल करके टीम को पहली बार आईपीएल खिताब दिलाने की होगी। आरसीबी और पंजाब किंग्स दोनों के पास फाफ डु प्लेसी और मयंक अग्रवाल के रूप में नए कप्तान हैं लेकिन आकर्षण का केंद्र कोहली ही रहेंगे। कोहली ने 2013 में न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी से आरसीबी की कमान ली थी और आठ सत्र में कप्तानी के बाद पिछले साल यह जिम्मेदारी छोड़ दी। कोहली की कप्तानी में आरसीबी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2016 में रहा जब टीम उपविजेता रही थी और कोहली ने चार शतक समेत 900 रन बनाए थे। अपने सुनहरे कैरियर में कई किले फतेह कर चुके कोहली अभी भी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले नर्वस होते हैं। इस बार से आईपीएल में लखनऊसुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस समेत 10 टीमें होंगी। दक्षिण अफ्रीका के डु प्लेसी को आरसीबी ने पिछले महीने मेगा नीलामी में सात करोड़ रूपए में खरीदा। सैंतीस वर्ष के डु प्लेसी कुछ ही साल और खेल पाएंगे और उनकी नजरें खिताब के साथ विदा लेने पर होगी। आरसीबी को पहले कुछ मैचों में आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और जोश हेजलवुड की कमी खलेगी। मैक्सवेल शादी के लिए बाहर हैं जबकि हेजलवुड पाकिस्तान दौरा कर रही आस्ट्रेलियाई टीम में हैं। आरसीबी के पास शेरफान रदरफोर्ड और फिन एलेन जैसे खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के हरफनमौला वानिंदु हसरंगा और भारत के दिनेश कार्तिक पर भी नजरें रहेंगी। दूसरी ओर किंग्स को जॉनी बेयरस्टॉ की कमी खलेगी जो इंग्लैंड टीम के साथ वेस्टइंडीज में हैं।

# जीत के साथ आगाज करना चाहेंगे मुंबई और दिल्ली

भाषा। मुंबई

पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी तो दिग्गजों के इस मुकाबले में अतीत का प्रदर्शन बेमानी हो जाएगा। मुंबई ने कप्तान रोहित शर्मा, ईशान किशन, कीरोन पोलार्ड और जसप्रीत बुमराह समेत अपनी कोर टीम कायम रखी है। दिल्ली के खिलाफ क्रिकेट क्लब आफ इंडिया मैदान पर होने वाले मैच में इन चारों का प्रदर्शन काफी अहम होगी। सभी प्रारूपों में भारत के नए कप्तान रोहित की नेतृत्व क्षमता और तकनीकी कौशल से सभी वाकिफ हैं। अब देखना यह है कि बतौर कप्तान दिल्ली के लिए ऋषभ पंत का प्रदर्शन कैसा रहता है जिन्हें भारत का भावी कप्तान माना जा रहा है। रोहित बता ही चुके हैं कि वह और ईशान पारी का आगाज करेंगे। दोनों फॉर्म में होने पर दुनिया के किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। दिल्ली के गेंदबाजों को इसे लेकर सावधान रहना होगा। सूर्यकुमार यादव इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं जो एनसीए में रिहैबिलिटेशन में हैं। उनकी जगह फेबियन एलेन ने ली है। मुंबई को अपने मध्यक्रम और निचले मध्यक्रम पर ध्यान देना होगा जिसमें सिर्फ पोलार्ड अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह देखना होगा कि तिलक वर्मा, टिम डेविड और अगले एबी डिविलियर्स कहे जाने वाले दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस में से किसे मौका मिलता है। बुमराह तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट भी ब्रेबोर्न स्टेडियम की पिच पर प्रभावी हो सकते हैं। मुंबई के पास मयंक मार्कण्डेय और मुरूगन अश्विन के रूप में प्रभावी स्पिनर हैं।

# एच एस प्रणय स्विस ओपन फाइनल में

भाषा। बासेल



**भारतीय खिलाड़ी** एच एस प्रणय ने शानदार लय जारी रखते हुए शनिवार को यहां इंडोनेशिया के दुनिया के पांचवें नंबर के एंथोनी सिनिसुका जिनटिंग पर चुनौतीपूर्ण जीत से स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल फाइनल में पहुंच गए। उनतीस साल के प्रणय ने एक घंटे 11 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल में जिनटिंग पर 21–19 19–21 21–18 से जीत दर्ज की। यह प्रणय का पांच साल में पहला फाइनल है, उन्होंने 2017 में यूएस ओपन जीता था। अब वह रविवार को फाइनल में हमवतन किदाम्बी श्रीकांत और इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता श्रीकांत दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ तीन गेम में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में पहुंचे। सातवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने एंटोनसेन को शुक्रवार की रात 21 – 19, 19 – 21, 22 – 20 से हराया। इससे पहले पी वी सिंधू भी सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। श्रीकांत ने शानदार शुरूआत करते हुए 9 – । की बढत बना ली लेकिन एंटोनसेन ने 11 अंक लेकर स्कोर बराबर किया। करीबी मुकाबले में श्रीकांत ने पहला गेम जीता। दूसरे गेम में श्रीकांत ने 9 – 6 से बढत बनाई लेकिन एंटोनसेन ने वापसी करते हुए 15 – 12 स्कोर कर दिया और यह गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम जीता।

### पंत भविष्य में सफल भारतीय कप्तान हो सकता है : पोंटिंग

**मुंबई।** दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भविष्य में अगर भारतीय टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपी जाती है तो वह सफल कप्तान साबित होंगे। पंत को पिछले सत्र में चोटिल श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की कप्तानी सौंपी गई थी और पोंटिंग की अगुआई वाले टीम प्रबंधन को खिलाड़ी पर पूरा भरोसा है। पोंटिंग ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 15 के शुरूआती मैच की पूर्व संध्या पर वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, इस तरह आईपीएल जैसे दबाव वाले टूर्नामेंट में इस भूमिका में अनुभव हासिल करने के बाद मुझे कोई शक नहीं है कि आने वाले समय में ऋषभ अंतरराष्ट्रीय कप्तान हो सकता है।

# भारतीय महिला टीम के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला



भाषा। क्राइस्टचर्च

**लगातार अच्छा** प्रदर्शन करने में नाकाम रही भारतीय टीम महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला खेलेगी। अब तक 2017 की उपविजेता भारतीय टीम अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी है। तीन जीत और तीन हार के बाद वह छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और अब उसे आखिरी लीग मैच हर हालत में जीतना होगा। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मैच बारिश के कारण धुलने से भारत की उम्मीदों को और झटका लगा। दक्षिण अफ्रीका सात अंक लेकर उससे ऊपर निकल गया है।

रविवार का मैच जीतने से भारत अंतिम चार में पहुंच जाएगा क्योंकि उसका नेट रनरेट प्लस 0.768 है और वेस्टइंडीज का माइनस 0.890 है। यह मैच हारने पर भारतीय टीम एक ही सूरत में सेमीफाइनल में पहुंच सकती है कि इंग्लैंड अपना आखिरी लीग मैच बांग्लादेश से हार जाए लेकिन ऐसा होना संभव नहीं दिखता। पिछले दो मैच जीत चुकी भारतीय टीम इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। बांग्लादेश के खिलाफ 110 रन से मिली जीत में भी भारतीय बल्लेबाज एक ईकाई के रूप में नहीं खेल सके। कप्तान मिताली राज बखूबी जानती है कि दक्षिण अफ्रीका की दमदार गेंदबाजी के खिलाफ उन्हें इसमें सुधार करना होगा। बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा , कल का मैच अहम है और यह सभी को पता है। हमारे सभी खिलाड़ी अपना शत प्रतिशत देने को तैयार है। हमें साझेदारियां बनाकर एक दूसरे का साथ देना होगा। हमें एक ईकाई के रूप में अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण अच्छा रहा है। एक टीम के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान मिताली टूर्नामेंट में चार पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सकी। भारत अगर सेमीफाइनल में नहीं पहुंचता है तो यह उनका आखिरी मैच हो सकता है और उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक को छोड़कर स्मृति मंधाना भी कुछ खास नहीं कर सकी हैं शेफाली ने बांग्लादेश के खिलाफ रन बनाए जबकि यस्तिका भाटिया ने तीसरे नंबर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर और हरफनमौला पूजा वस्त्राकर तथा स्नेह राणा लगातार अच्छा खेलते आए हैं। गेंदबाजों ने कई मौकों पर निराश किया लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा था। तेज गेंदबाज मेघना सिंह की बजाय स्पिनर पूनम यादव को उतारने का फैसला भी सही साबित हुआ। अब देखना यह है कि भारत दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों को लेकर ही उतरता है या इसमें बदलाव होगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। वह तालिका में आस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर है।

### बेट्स के शतक और रोव के पांच विकेट से न्यूजीलैंड जीता, पाकिस्तान को हराया

**क्राइस्टचर्च ।** सूजी बेट्स के 12वें वनडे शतक और मध्यम तेज गेंदबाज हन्नाह रोव के पांच विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने महिला विश्व कप के मैच में पाकिस्तान को 71 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में मेजबान न्यूजीलैंड का अभियान भी खत्म हो गया। बेट्स के शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 265 रन बनाए। इसके बाद रोव ने 55 रन देकर पांच विकेट लिए। बेट्स ने 135 गेंद पर 14 चौकों की मदद से 126 रन की पारी खेली और वनडे क्रिकेट में 5000 रन पूरे करने वाली वह न्यूजीलैंड की पहली और कुल चौथी बल्लेबाज बन गई। इस जीत के बावजूद न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकेगा चूंकि इसके लिए उसे इंग्लैंड और भारत के बड़े अंतर से हारने की दुआ करनी होगी। न्यूजीलैंड तालिका में छठे स्थान पर और पाकिस्तान सात मैचों में एक जीत के साथ आखिरी आठवें स्थान पर रहेगा। बेट्स के साथी बल्लेबाजों ने शुरूआत अच्छी की लेकिन बड़ी पारी में नहीं बदल सके कैटी मार्टिन (नाबाद 30) ब्रूक होलीडे (29), एमेलिया केर (24) और मैडी ग्रीन (23) इनमें शामिल है। पाकिस्तान के लिए निदा दर ने 39 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए जिसमें तीन गेंद पर दो विकेट शामिल हैं। दर ने बल्लेबाजी करते हुए भी 50 रन बनाए। पाकिस्तानी कप्तान बिस्माह मारूफ ने 38 रन का योगदान दिया लेकिन इनके आउट होने के बाद पाकिस्तान के बल्लेबाज टिक नहीं सके।

### एशियाई खेलों के लिए तीरंदाजी टीम में राय व रिद्धि का स्थान पक्का, अतनु चूके

**सोनीपत।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज भारतीय तीरंदाज अतनु दास शनिवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में हुए अंतिम चयन ट्रायल में शीर्ष आठ से बाहर रहने के कारण आगामी एशियाई खेलों के लिए कट हासिल करने से चूक गए। सेना के अनुभवी तीरंदाज तरूणदीप राय पुरूष रिकर्व ट्रायल में शीर्ष पर रहे और सबसे पहले स्थान पक्का करने में सफल रहे। उन्होंने 2010 एशियाई खेलों में ऐतिहासिक व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। महिलाओं के वर्ग में उभरती हुई हरियाणा की रिद्धि फोर शीर्ष पर रही जिससे उन्होंने चीन के हांगजोऊ में 10 से 25 सितंबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए अपना स्थान पक्का किया।

# बेहतर बुनियादी ढांचे से भारत हॉकी में और ओलंपिक पदक जीतेगा : कपिल



भाषा। मुंबई

महान क्रिकेटर कपिल देव को लगता है कि बुनियादी ढांचे में सुधार करने से क्रिकेट भारत में नई ऊंचाईयों तक पहुंच गया है और बेहतर सुविधाएं देने से हॉकी जैसे खेलों को ओलंपिक में और पदक जीतने में मदद मिलेगी। एक देश के तौर पर हमें पहले बुनियादी ढांचा देने की जरूरत है। अगर हमारे पास यह है तो बच्चे अपनी पसंद के अनुसार खेल चुन सकते हैं। उन्होंने कहा, सुविधाओं बेहतर होने के परिणामस्वरूप क्रिकेट नई ऊंचाईयों तक पहुंच गया। हालांकि अगर हम यही चीज अन्य खेलों के साथ भी करें जैसे कि 200 अतिरिक्त एस्ट्रो टर्फ होना, भारत हॉकी में अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक ओलंपिक पदक जीत लेगा।

### बीसीसीआई ने आईपीएल के शुरूआती मैच से पहले तोक्यो ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित किया

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मैच से पहले तोक्यो ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित किया जिसमें स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भी शामिल थे। बीसीसीआई ने चोपड़ा को एक करोड़ रूपए का चेक देकर सम्मानित किया जबकि तोक्यो खेलों की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को उनकी उपलब्धि के लिए 25 लाख रूपए का चेक दिया गया। पुरूष हॉकी टीम को संयुक्त रूप से एक करोड़ रूपए का चेक दिया गया जिसने तोक्यो में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था।